सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 06 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 92, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है प्रमुख पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। } 10

## केरल विस चुनाव राज्य का भविष्य सुधारने के लिए : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केरल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हैं। } 12



# प्रदेश में माफिया को पनपने नहीं देंगे : सीएम

घनश्याम कुमार



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा है कि वे उत्तर प्रदेश की धरती पर गुंडों और माफिया को पनपने नहीं देंगे। गुंडों और माफिया की जहां जगह होगी, वहां उन्हें पहुंचा दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन लद गए हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में व्यापारियों व महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी है। सरकार हर व्यक्ति के जीवन सुगमता और उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सीएम योगी रविवार शाम घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण और विरासत गलियारा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। नवनिर्मित पार्किंग कॉम्प्लेक्स की छत पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद आज भी प्रदेश, इसका तंत्र और पुलिस वही है लेकिन आज इसकी पहचान बदल गई है। 2017 के पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, नौजवानों के सामने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीएम ने स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का किया शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है। यह समाज की दिशा तय करता है। रंगमंच वही है, जहां पर भावनाएं शब्द बनती हैं, शब्द अभिनय बनते हैं और यही अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देते हैं। सीएम ने संस्कृति विभाग व अकादमी से कहा कि नई व पुरातन पीढ़ी को जोड़कर आगे बढ़ें तो परिणाम भी आएंगे। राष्ट्रभक्ति से जुड़े नाटक करें। संवाद, संगीत, स्क्रिप्ट, शब्दों का चयन, वाक्य विन्यास इतना प्रभावी हो, जो सभी को आकर्षित करे, क्योंकि ऐसे कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 10 पर

# टीएमसी पर बरसे मोदी, बोले- पापों का होगा हिसाब

एजेंसी



कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूचबिहार में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 4 मई के बाद उनके पापों का हिसाब होगा।

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कूचबिहार में उमड़ा यह जनसैलाब नए बंगाल और भाजपा सरकार के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार की योजनाओं का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, वह पहले भी इस मैदान पर आए हैं, लेकिन आज की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह उत्साह एक उज्ज्वल भविष्य और नए बंगाल के निर्माण का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में एक भीड़ द्वारा न्यायिक अधिकारियों का घंटों तक घेराव किये जाने की घटना को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा और इसे सत्ताधारी पार्टी की सरकार के महा जंगलराज का उदाहरण बताया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कानून-व्यवस्था की तहस -नहस करने पर तुली हुई है। मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा के बाद कूचबिहार जिले में अपनी पहली ...शेष पृष्ठ 10 पर

### समुद्री क्षेत्र के योगदान की पीएम ने की सराहना

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय समुद्र दिवस के अवसर पर भारत की समुद्री विरासत पर प्रकाश डाला और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के योगदान की सराहना की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों का समर्पण देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय समुद्र दिवस पर हम भारत की समुद्री विरासत और इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों के अमूल्य योगदान को याद करते हैं। उनका समर्पण हमारी अर्थव्यवस्था, व्यापार और संपर्क को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# होर्मुज न खोला तो ईरान को बना देंगे नरक : ट्रंप

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बार फिर ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलता है, तो अमेरिका उसके ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले कर सकता है और उसे नरक जैसा परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, मंगलवार को ईरान में एक ही दिन में ऊर्जा संयंत्र दिवस और पुल दिवस मनाया जाएगा। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा। जलडमरूमध्य खोल दें, पागलों, वरना नरक में जाओगे- देखते रहिए। अल्लाह से प्रार्थना करिए।

### ईरान में लापता पायलट को अमेरिका ने बचाया

वाशिंगटन। अमेरिका ने रविवार सुबह कहा कि ईरान द्वारा उसके लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद से लापता अमेरिकी पायलट को बचा लिया गया है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा के पूरा होने की ओर बढ़ने के बीच तेहरान को फिर से धमकी दी। हालांकि, ईरान ने पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया और इसने पड़ोसी खाड़ी अरब देशों में आर्थिक तथा बुनियादी ढाँचे पर हमले जारी रखे। अमेरिकी विमान के चालक दल का सदस्य शुक्रवार को तब लापता हो गया था जब ईरान ने अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल विमान को मार गिराया था। चालक दल के एक अन्य सदस्य को पहले ही बचा लिया गया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि पायलट घायल है, लेकिन वह बिल्कुल ठीक हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उसने ईरान के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में शरण ली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, बचाव अभियान में दर्जनों विमान शामिल थे और अमेरिका उसकी लोकेशन पर 24 घंटे नजर रखे हुए था तथा उसके बचाव की सावधानीपूर्वक योजना बना रहा था। यह लड़ाकू विमान फरवरी के अंत में शुरू हुए संघर्ष के बाद ईरानी क्षेत्र में गिरने वाला पहला अमेरिकी विमान था। ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि अमेरिका ने ईरान को कुचल दिया है और वह युद्ध को बहुत जल्दी खत्म कर देगा। इसके दो दिन बाद ईरान ने दो अमेरिकी सैन्य विमानों को मार गिराया, जिससे बमबारी में कमजोर होने के बावजूद ईरानी सेना की जवाबी क्षमता का संकेत मिला। दूसरा गिराया गया विमान अमेरिकी ए-10 अटैक एयरक्राफ्ट था।

# ईरान ने एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का किया दावा

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया इन दिनों बारूद के ढेर पर खड़ा है। एक महीने से ज्यादा समय से चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष में इस्राइल और अमेरिका की हमले 37वें दिन में और तीव्र हो गए हैं। आसमान से मिसाइलें बरस रही हैं, धमाके गूंज रहे हैं और शहरों में भय और तबाही का माहौल है। हर पल हालात और भी खतरनाक बन रहे हैं। तेल और गैस की आपूर्ति खतरे में है, वैश्विक बाजार अस्थिर हैं और होर्मुज जलसंधि की ब्लॉकिंग से दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बढ़ रहा है। अमर उजाला के इस लाइव ब्लॉग में पढ़ें पश्चिम एशिया में जारी नेशनल न्यूज एजेंसी के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के कफर हट्टा कस्बे में इस्राइली हवाई हमले में एक विस्थापित परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह परिवार पहले अपने घर से भागकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ऋषभ पंत ने लखनऊ को चखाया जीत का स्वाद



हैदराबाद। लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने फॉर्म में वापसी की और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को जीत दिलाई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पंत अंत तक टिके रहे और उन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 156 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ ने पंत के नाबाद 68 रनों के दम पर 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 160 रन बनाकर मैच जीता। लखनऊ ने इस तरह इस सीजन का अपना पहला मैच जीता, जबकि तीन मैचों में सनराइजर्स की यह दूसरी हार है। हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और उसने इस टीम के खिलाफ पिछले सात में से पांच मुकाबले जीते हैं।

# कुशीनगर से पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी

## दिल्ली पुलिस ने रिजवान को दबोचा, ट्रांजिट रिमांड पर ले गयी दिल्ली

जिला संवाददाता



कुशीनगर। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के संदेह में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक युवक को हिरासत में लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान पडरौना के छावनी क्षेत्र के राइन मोहल्ला निवासी रिजवान अहमद की भूमिका सामने आई।

उत्तर प्रदेश पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस आधार पर विशेष शाखा के निरीक्षक निशांत दहिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम शनिवार देर शाम पडरौना पहुंची और स्थानीय कोतवाली पुलिस के सहयोग से रिजवान अहमद को हिरासत में लिया। युवक के मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी जांच के लिए जब्त किया गया है। दिल्ली पुलिस के एक सूत्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कार टैंकर से टकरायी, पांच की मौत

बरेली। बरेली के सीबीगंज में रविवार शाम करीब पांच बजे बड़ा बाइपास पर दर्दनाक हादसा हो गया। परधौली तिराहे के समीप बाइपास पर खड़े टैंकर से बोलेरो कार टकरा गई।

इसी दौरान पीछे से आई बाइक कार में घुस गई। दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। घायलों की हालत नाजुक बताई गई है। बताया गया है कि शनिवार को इसी जगह पर शीरे से भरे टैंकर और रोडवेज बस की टक्कर हो गई थी। घटना के बाद से दुर्घटनाग्रस्त टैंकर मौके पर ही खड़ा था। नतीजन रविवार को एक और हादसा हो गया, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। बाइक पर अटा कायस्थान निवासी 45 साल के साहबजाद खां और 65 साल के मुम्तयाज खां बैठे थे। दोनों ही बाइक से तालाब में मछली पकड़ने जा रहे थे। हादसे में इन दोनों की ही मौत हो गई। इसके साथ ही बोलेरो सवार दो लोगों की मौत ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** संभल में अतिक्रमण कर बनाये गये मस्जिद, मदरसे और स्कूल पर जनता का बुलडोजर

# सरकारी भूमि से खुद कब्जा हटा रहे ग्रामीण

जिला संवाददाता



संभल (उप्र)। संभल तहसील क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मदरसे-मस्जिद और स्कूल के निर्माण को ग्रामीणों ने रविवार को खुद बुलडोजर से तोड़ना शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह से बताया कि ग्राम प्रधान की ओर से जेसीबी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। संभल तहसील के गांव मुबारकपुर बंद में रविवार को बुलडोजर पहुंचा और ग्राम सभा की साढ़े तीन बीघा भूमि पर बने मदरसा, मस्जिद ओर प्राथमिक स्कूल के अवैध निर्माण को तोड़ना शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान के पति हाजी मुनव्वर ने बताया कि आज जेसीबी की मदद ली गई है जबकि इससे पहले मजदूरों को लगा करके निर्माण को तोड़ा जा रहा था। उन्होंने कहा कि तहसीलदार से जेसीबी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। मुनव्वर ने कहा कि जेसीबी की मदद से निर्माण को हटाने के लिए 20 घंटे का समय लगेगा। तहसीलदार द्वारा जेसीबी उपलब्ध कराई गई है लेकिन इसके किराये का भुगतान हम करेंगे। तहसीलदार सिंह ने बताया कि ग्राम सभा की भूमि पर मस्जिद, मदरसा और स्कूल बना हुआ है, और जैसे ही ग्राम वासियों के संज्ञान में आया कि यह ग्राम सभा की जमीन है तो वे इस निर्माण को खुद ही तोड़ रहे हैं।




# अब सालार मसूद नहीं, महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाते हैं लोग

## सीएम योगी ने स्कूलों-कॉलेजों में रानी लक्ष्मीबाई, महाराज सुहेलदेव की प्रस्तुति को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने पर बल दिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतेंदु नाट्य अकादमी में चलने वाले स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि रामायण, महाभारत भारत की दिनचर्या और सांस्कृतिक प्रवाह का हिस्सा है, लेकिन अन्य नायकों को कौन ढूंढेगा।

सीएम योगी ने स्कूलों-कॉलेजों में रानी लक्ष्मीबाई, महाराज सुहेलदेव आदि की प्रस्तुति को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने पर बल दिया। सीएम ने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र किया। कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर कोई विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया।

1000 वर्ष पश्चात हमारी सरकार को यह गौरव प्राप्त है कि हम सुहेलदेव का स्मारक बना सके। सीएम ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने सालार समूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था, लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे परंतु अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है।

सालार मसूद भी अभी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा।

अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।







### देश के नायकों पर बनायें लघु नाटक

सीएम ने वीरांगना अवंतीबाई, झलकारी बाई, ऊदा देवी, महाराज बिजली पासी, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेख? आजाद आदि नायकों के किस्से सुनाए और कहा कि नाट्य अकादमियों का दायित्व है कि इन पर लघु नाटक बनाएं। जब कोई समय आता है तो हम इन्हें स्मरण करते हैं, फिर भूल जाते हैं। जिन खलनायकों ने भारत की संस्कृति को रौंदने का कार्य किया, उन्हें कभी सम्मान नहीं मिलना चाहिए। बंगाल की त्रासदी को बंकिम चंद्र चटर्जी आनंद मठ के रूप में बताते हैं, लेकिन सुहेलदेव को सम्मान देने के लिए कोई बंकिम चंद्र यहां पैदा नहीं हो पाए। रानी लक्ष्मीबाई पर काव्यपाठ के माध्यम से प्रस्तुति हुई है, लेकिन रंगमंच से यह प्रस्तुति हो तो और भी प्रभावी हो सकती है। भारतेंदु नाट्य अकादमी को इस पर कार्य करने की आवश्यकता है।

### कला की सभी विधाओं में उत्तर प्रदेश अत्यंत समृद्ध

सीएम ने कहा कि गोरखपुर में कलाकारों के लिए सरकार ने प्रेक्षागृह बनाया है। कहा कि कार्मल स्कूल के पास एक बरगद का पेड़ है। 1975 से 12-15 कलाकार लगातार उस पेड़ के नीचे सर्दी, गर्मी, बरसात हर मौसम में सप्ताह में एक दिन मंचन करते थे। मैं आज भी उन कलाकारों को कभी-कभी बुलाता हूं। सीएम ने कहा कि गायन, वादन, नाट्य, नृत्य आदि विधा में उत्तर प्रदेश बहुत समृद्ध रहा है। आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि उस छोटे से गांव में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक आज भी संगीत के साथ जुड़े हैं। हमारी सरकार ने वहां संगीत विद्यालय प्रारंभ किया। मगहर में कबीर एकेडमी में बनी, कबीर की साखी पर आधारित कार्यक्रम होने चाहिए। सीएम ने शोध पर भी जोर दिया। विभाग का काम ठेके पट्टे करना नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए समृद्ध विरासत को बढ़ाने की आवश्यकता है।

### 24 से रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन होगा

सीएम ने कहा कि सदन में मैं रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं की पंक्तियों को उठाने का प्रयास करता हूं। उनकी रचना ह्यसिंहासन खाली करो, जनता आती है ने आपातकाल के दौरान समाज की जनचेतना को जागरूक किया। सीएम ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 से लखनऊ में होगा। एक दिन अटल जी की साहित्यिक कृतियों पर आधारित रंगमंच का कार्यक्रम होना चाहिए। हमारे पास बहुत कुछ है, हमें बस युवाओं व वर्तमान पीढ़ी को तैयार करने के लिए कार्य करना होगा।

### मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

- किरण बिसारिया, लखीमपुर खीरी
- पद्मश्री रामगोपाल बजाज, नई दिल्ली
- पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ
- प्रो. अजय मलकानी, रांची
- रविशंकर खरे, गोरखपुर
- चित्रा मोहन, प्रयागराज
- मंजू ब्रजनंदन शर्मा सहारनपुर
- मुनीश सप्पल मुंबई
- डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी प्रयागराज
- डॉ. अजीत सैगल, वाराणसी
- राकेश निगम, लखनऊ
- प्रमोद सिंह राणा, आगरा
- आलोक पांडेय, शाहजहांपुर
- कुशल दुबे, जौनपुर
- राकेश पांडेय, भदोही

### मॉरीशस में भी घर-घर में पूजी जाती है रामचरित मानस

- सीएम ने भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा निज भाषा-बोली के महत्व पर प्रकाश डाला। मातृभाषा हिंदी, खड़ी बोली के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। तुलसीदास जी पर ईश्वरीय प्रेरणा हुई तो उन्होंने अवधी में रामचरित मानस रच डाली, जो घर-घर में पूजी जा रही है। सीएम ने मॉरीशस यात्रा का संस्मरण सुनाया और कहा कि वहां भारतीय मूल के लोगों ने विरासत में रामचरित मानस दिखाई। बताया कि रामायण की पूजा करते हैं।

### राजनीतिक कारणों से महापुरुषों को भुला दिया गया

- सीएम ने कहा कि वंदे मातरम के साथ ही हमारा प्रयास होना चाहिए, जिन महापुरुषों को राजनीतिक कारणों से भुला दिया गया। वोटबैंक पर असर न पड़े, इसलिए महाराज सुहेलदेव, बिजली पासी, रानी लक्ष्माबाई का स्मरण नहीं किया जाता था। हमें नायकों व वीरांगनाओं को सम्मान देना चाहिए। स्थानीय स्तर पर स्कूलों, विद्यालयों में तय हो कि सप्ताह में एक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोककलाओं को बढ़ाने का कार्यक्रम होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने देखी आनंद मठ की नाट्य प्रस्तुति

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन व दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने यहां कलाविदों-पूर्व छात्रों का सम्मान, रंगवेद पत्रिका का विमोचन और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित उपन्यास आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति भी देखी। इसके पहले भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। मंच पर पहुंची एक बच्ची ने पैर छूकर मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लिया। सीएम ने बच्ची का उत्साहवर्धन करते हुए चॉकलेट दी।

**मंच पर पहुंची नन्ही बच्ची सीएम ने दी चॉकलेट**

- इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह समेत अनेक रंगकर्मी, पूर्व छात्र आदि मौजूद रहे।

# नकारात्मक वक्तव्य का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता : सीएम

## युवा संवाद कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री, हताश विपक्ष के सोशल मीडिया पर हर वार का प्रतिवार करने के लिए मुस्तैद रहें कार्यकर्ता

विशेष संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकताओं का आह्वान किया है कि लगातार सत्ता से दूर रहने से हताश और निराश हो चुके विपक्ष की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाए जाने वाले नकारात्मक नैरेटिव (वक्तव्य) का शब्दों की मयार्दा में रहकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए वे खुद को मुस्तैद रखें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विपक्ष की तरफ से मनगढ़ंत आरोपों का एक नया वार शुरू होगा, उस पर प्रतिवार और उसका प्रतिवाद करने के लिए भाजपा की बूथ स्तर की टीम खुद को मजबूत रखे।

सीएम योगी, रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के मालवीय नगर मंडल की तरफ से आयोजित ह्ययुवा संवादह्ण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंघड़िया स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विकास भी करना है और विरासत का भी सम्मान करना है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद जवानों को दुश्मन के मंसूबों का काम भी तमाम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ लेवल कार्यकताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे डबल इंजन सरकार के अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार करते हुए अपने बूथ पर सजग और सतर्क रहें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने यूपी के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, वे हर दृष्टि से फेल होकर आज सोशल मीडिया का सहारा लेंगे। झूठे, मनगढ़ंत आरोप लगाकर तमाम प्रकार के निगेटिव नैरेटिव सेट करने का वे प्रयास करेंगे। इसका जवाब देने के लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को तैयार रहना होगा। निगेटिव नैरेटिव सेट करने की मंशा वाले लोगों के शासन में माफिया की गुंडागर्दी, फिरौती वसूली, बहन-बेटियों और व्यापारियों की असुरक्षा, पर्व-त्योहारों पर दंगे के चलते मातम जैसे माहौल के सभी दृश्य निकालने पड़ेंगे। पेपर की कटिंग्स निकालनी पड़ेगी। उस समय के दृष्टांत निकालने पड़ेंगे और शब्दों की मयार्दा में पूरी आक्रामकता के साथ जवाब देने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी पॉजिटिव चीजों को आगे बढ़ाना है। अच्छे कंटेंट बनाकर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है और उसको हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इससे स्वाभाविक रूप से हम डबल इंजन की सरकार के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर पाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ रही है। प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, वीर अभिमन्यु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार पुत्रों, स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और वीर सावरकर के जीवन का उद्धरण देते हुए कहा कि ये सब उसी युवा ऊर्जा शक्ति के प्रतीक और प्रेरणा हैं जिन्होंने सब कुछ देश और धर्म के लिए किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस मामले में सबसे सौभाग्यशाली है कि देश की 56 से 60 फीसदी कार्यशील युवा आबादी यहां है।

यह युवा ऊर्जा अगर सकारात्मक कार्यों के साथ जुड़ जाए तो उत्तर प्रदेश को कहां से कहां पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो युवा इस बार प्रथम बार मतदाता होंगे वे सभी इस बात को नहीं जानते होंगे की 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में क्या कुछ होता था। कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में व्यापक तीसरे दिन दंगा होता था। पर्व और त्यौहार आने से पहले लोगों के मन में आशंका खड़ी हो जाती थी। गुंडागर्दी चरम पर थी, हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार चलती थी। व्यापारी, उद्यमी, चिकित्सक, शिक्षक, गरीब, साहूकार सबको गुंडा टैक्स देना पड़ता था। हर जनपद में अपहरण होते थे, फिरौती वसूली जाती थी।

हर चौराहे पर टैक्सी स्टैंड के नाम पर वसूली होती थी। कुशीनगर और महाराजगंज का एक हिस्सा है, जहां जंगल पार्टी थी जो किसी का अपहरण कर लेती थी। बिजली बमुश्किल से तीन-चार घंटे आती थी। गांवों में तो एक सप्ताह आती थी और दूसरे सप्ताह नहीं आती थी। सड़कें तब गड्ढे जैसी थीं। तब यही उत्तर प्रदेश की सही पहचान थी। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं था। किसान आत्महत्या करते थे। महिलाएं असुरक्षित थीं, भय से बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं।

पर्व आने पर लोगों के मन में दंगों की आशंका होती थी कि पता नहीं कहां दंगा हो जाए और टारगेट करके हिंदुओं को जेल में बंद कर दिया जाए। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता है।

# महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गिनती ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा। अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है। अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है।



आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं और इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है। जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आँकड़ों को आधार बनाएंगे तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि इसीलिए हमारी सबसे बड़ी आपत्ति यही है कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। जो सरकार महिलाओं को गिनना नहीं चाहती है, वो भला उन्हें आरक्षण क्या देगी। महिलाओं के साथ भाजपा और उनके संगी-साथी जो धोखा करना चाहते हैं, महिलाओं के साथ वो छलावा हम नहीं होने देंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि कुल मिलाकर सरकार से हमारा ये कहना है कि जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण पर बहस करना नहीं।

**'अस्मिता' पहल और मिशन एशियन गेम्स पर हुई अहम चर्चा**

# रोइंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की भेंट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे इस दल ने प्रदेश में रोइंग (नौकायन) की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं से राज्यपाल को अवगत कराया। इस मुलाकात के दौरान सचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि गोरखपुर के रामगढ़ताल में '20वें एशियन गेम्स' के लिए भारतीय महिला रोइंग टीम का 51 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चयनित महिला खिलाड़ियों को एनआईएस कोच राजेश कुमार यादव (स्वर्ण पदक विजेता, एशियन रोइंग चैंपियनशिप) द्वारा कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा भारत सरकार की 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत अस्मिता (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन थ्रू एक्शन) पहल पर तेजी से कार्य कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इस खेल से जोड़कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस पहल की प्रशंसा की और उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के प्रयासों को प्रदेश के खेल जगत के लिए एक सराहनीय कदम बताया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की ओर से राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। प्रतिनिधिमंडल में सचिव सुधीर शर्मा के साथ फाइनेंस कमीशन के चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान, तकनीकी सचिव सर्व मित्र भट्ट, संयुक्त सचिव संदीप अरोड़ा, कंप्टीशन कमीशन के चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, लीगल कमेटी के चेयरमैन राकेश शुक्ला, आईटी सलाहकार आलोक सोती व देवेन्द्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# इजराइल में पूरी तरह सुरक्षित हैं यूपी के 6000 श्रमिक

## तनावपूर्ण हालात के बीच भी सभी श्रमिक सुरक्षित, जरूरत पड़ने पर की जा रही वापसी की व्यवस्था

## दूतावास के अधिकारियों के माध्यम से योगी सरकार कर रही यूपी के श्रमिकों की चिंता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रमिकों की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार इजराइल में भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और वहां मौजूद भारतीय, विशेषकर यूपी के श्रमिकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजराइल में कार्यरत सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति या बड़े खतरे की सूचना नहीं है।

इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ शन्मुगा सुंदरम लगातार यूपी के श्रमिकों के विषय में अपडेट ले रहे हैं। डॉ शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ टेलीफोन पर उनकी लगातार बातचीत हो रही है। 11, 17 और 28 मार्च को साझा किए गए अपने संदेशों में भारतीय राजदूत ने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया है कि सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से कुछ चिंता का माहौल है, लेकिन किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग नहीं आई है। दूतावास सभी के साथ लगातार संपर्क में है और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जा रहा है।

**• किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग नहीं**

राजदूत ने यह भी जानकारी दी कि कुछ यूपी के श्रमिकों ने हाल ही में भारत से गए पत्रकारों का आतिथ्य भी किया, जो इस बात का संकेत है कि स्थिति नियंत्रण में है और श्रमिक सामान्य जीवन जी रहे हैं। भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव डॉ. गरिका तेजेश्वर ने भी प्रमुख सचिव के साथ वातालर्प में पुष्टि की है कि यूपी के सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय नागरिक, मुख्य रूप से व्यापारी और छात्र स्वेच्छा से वापस लौटे हैं, जिनकी जॉर्डन के रास्ते यात्रा में दूतावास ने सहायता की। यदि कोई श्रमिक लौटना चाहता है, तो उसके लिए भी यही व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि दूतावास के कंट्रोल रूम को अब तक कोई गंभीर या आपातकालीन संदेश प्राप्त नहीं हुआ है और सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार इस पूरे मामले पर गंभीरता से नजर बनाए हुए है। प्रमुख सचिव श्रम डॉ. शन्मुगा सुंदरम नियमित रूप से दूतावास के संपर्क में रहकर श्रमिकों की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि विदेशों में कार्यरत प्रदेश के सभी श्रमिक सुरक्षित रहें और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### सहायता के लिए हेल्पलाइन भी सक्रिय

प्रमुख सचिव श्रम डॉ. शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि इजराइल की पॉपुलेशन एंड इमिग्रेशन अथॉरिटी द्वारा संचालित कॉल सेंटर भी भारतीय श्रमिकों की सहायता के लिए सक्रिय है, जहां विभिन्न भाषाओं में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इजराइल में समय-समय पर मिसाइल हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं, फिर भी वहां रह रहे भारतीयों, विशेषकर उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है। सरकार और दूतावास दोनों ही मिलकर हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

संक्षेप

## जहरीला पदार्थ निगलने से अधेड़ की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। जहरीला पदार्थ निगलने से इलाज के दौरान अधेड की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के कटरा जलेशरगंज निवासी राजकुमार 42 पुत्र राम सुन्दर ने रविवार की सुबह घर में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों के मुताबिक परिजन शव लेकर देर शाम घर लौट आये। अधेड़ के जहर निगलने को लेकर ग्रामीणों में दबीजुबान से तरह तरह की चर्चा का माहौल देखा सुना गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी नही है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बोलेरो नहर में गिरी, महिला और मासूम की मौत



सिद्धार्थनगर- जिले के पथरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में एक महिला और पांच माह के मासूम की मौत हो गई। बांसी-डुमरियागंज मार्ग पर झहरांव पुलिया के पास तेज आंधी के कारण एक अनियंत्रित बोलेरो नहर में गिर गई। इस दुर्घटना में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी लोग संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अमरहा गांव के निवासी थे। वे शनिवार रात डुमरियागंज क्षेत्र के बरई बनगवा गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। झहरांव पुलिया के पास तेज आंधी और खराब मौसम के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे बोलेरो नहर में जा गिरी! प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन तेज आवाज के साथ नहर में गिरा। स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को नहर से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 34 वर्षीय सोनी और पांच माह के प्रियांशु की मौत हो गई। कलवंत, वीरू, सलीम, झनकी, सुनीता, महिमा सहित अन्य घायलों का इलाज जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में तेजी लाई। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## गोल्हौरा में 4 दिन से बुजुर्ग लापता




गोल्हौरा इंटवा सिद्धार्थनगर- जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मधुबेनिया से 70 वर्षीय बुजुर्ग हैसियत अली पिछले चार दिनों से लापता हैं। उनके अचानक गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के अनुसार, 2 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 7 बजे हैसियत अली बिना किसी को बताए घर से निकल गए। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजनों का कहना है कि उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, जिससे उनके साथ किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। पीड़ित बेटी सराजुननिशा ने बताया कि पिछले तीन दिनों से रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में लगातार खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने थाना गोल्हौरा में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। गोल्हौरा थाना प्रभारी रामदेव ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज की गई है व मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त बुजुर्ग की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें खोजकर परिजनों को सूचना दिया जाएगा।

# आरोग्य मेले में दिखी लापरवाही

## खाली ओपीडी देख जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फटकारा



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर- डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने 5 अप्रैल रविवार को जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड उसका क्षेत्र के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सनई और नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुलानी का दौरा किया, जहाँ व्यवस्थाओं में कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर ओपीडी लगभग खाली मिली। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जवाब-तलब किया। उन्होंने कहा कि यह जमीनी स्तर पर आरोग्य मेले के कमजोर प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन का संकेत है। यह भी सामने आया कि मरीजों को आकर्षित करने और योजना की जानकारी देने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता के कारण आमजन, खासकर ग्रामीण और गरीब तबके तक योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि खाली ओपीडी विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोग्य मेले का उद्देश्य आम लोगों को निःशुल्क और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि यही स्थिति बनी रही तो यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगी। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों पर पंजीकरण प्रक्रिया, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सा उपकरणों की स्थिति को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने योजना को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया। अधिकारियों की लापरवाही उजागर होने के बाद जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए ओपीडी संख्या बढ़ाने हेतु एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# संगठन सर्वोपरि कार्यकर्ता हमारी शक्ति : दद्दन मिश्रा

## प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन सशक्तीकरण




श्रावस्ती। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर गिलौला में लक्ष्मन नगर मंडल द्वारा आयोजित अंतिम सत्र अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने सहभागिता करते हुए कार्यकताओं को संबोधित किया। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यशस्वी मार्गदर्शन में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ह्वअंतिम व्यक्ति तक विकासह्व की अवधारणा को संगठन का मूल मंत्र बताते हुए कार्यकताओं से समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अंश वर्मा ने की। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यव्रत सिंह, जिलाउपाध्यक्ष अरुण पांडेय, मंडल अध्यक्ष दिवाकर कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं का उत्साह, ऊर्जा और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा सराहनीय रही। प्रशिक्षण महाअभियान को ज्ञानवर्धक, प्रेरणास्पद एवं भविष्य की दिशा तय करने वाला सशक्त मंच बताया गया।

# भूमि विवाद समाधान हेतु श्रावस्ती मॉडल अभियान 7 से शुरू



श्रावस्ती। जिले में बढ़ते भूमि विवादों को देखते हुए प्रशासन ने एक नई पहल शुरू की है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मिलकर ह्वश्रावस्ती मॉडलह्व के तहत इन मामलों के निस्तारण का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 7 अप्रैल से प्रारंभ होगा। अक्सर जनसुनवाई, आईजीआरएस, तहसील दिवस और थाना दिवस में बड़ी संख्या में भूमि विवाद से जुड़े मामले सामने आते हैं। इनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर जाकर किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। हर थाने के स्तर पर दो-दो टीमें गठित की गई हैं। राजस्व टीम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार या राजस्व निरीक्षक के साथ चार लेखपाल शामिल होंगे। वहीं पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक या उपनिरीक्षक के साथ चार कांस्टेबल रहेंगे। ये टीमें हर सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को गांवों में जाकर विवादित स्थलों का निरीक्षण करेंगी और दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास करेंगी। इसके लिए संबंधित पक्षों को पहले से सूचना दी जाएगी ताकि वे मौके पर उपस्थित रहें। निस्तारण के बाद टीमें उसी दिन शाम तक अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भेजेंगी। अभियान के पहले चरण में जिले के 190 गांवों को शामिल किया गया है। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से भूमि विवादों का तेजी से समाधान होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

## बहू-बेटी सम्मेलन से 800 महिलाओं को किया गया जागरूक

श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) के तहत श्रावस्ती पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किए। पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देशन में जिले के 10 स्थानों पर करीब 800 से अधिक महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गृहिणियां और किशोरियां बड़ी संख्या में शामिल हुईं। उन्हें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना और महिला पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से बचाव के तरीके बताए गए। हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 और 1930 की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय सिखाए और जरूरत पड़ने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी।

## भगवत भजन से मिलता है जीवन में सुमंगल का प्रतिफल : भीष्म पितामह



प्रतापगढ़। अमावां के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को वेद एवं धर्म के सार की व्याख्या का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास अयोध्या धाम से पधारे भीष्म पितामह मिश्र जी महराज ने कहा कि धर्म का सार भगवत भजन है। उन्होने कहा कि वेदरूपी कल्प वृक्ष से भगवान के भजन का प्रतिफल जीवन को मंगलमय बना दिया करता है। कथाव्यास ने कहा कि धर्म वही है जिसके तहत जीवन को भगवान के प्रति समर्पित करते हुए नैतिकता के सूत्र में पिरोया जा सके। उन्होने कहा कि भगवान की कथा का रसपान सदैव पीने से जीवन में विकृतियों का विलोप हुआ करता है। भीष्म पितामह जी ने भगवान के चौबीस अवतारों का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि विविध व्यवस्थाओं के लिए भगवान के विविध स्वरूप हुए हैं। उन्होने कहा कि सार यह है कि भगवान एक हैं और उनके विविध स्वरूपों में जगत के उद्धार व कल्याण की लीला है। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत की कथा अथवा श्रीशिवमहापुराण कथा या फिर देवी स्तुति कथा सबका सार यही है कि निर्मल मन से अपने प्रभु के प्रति सदैव समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवान की कृपा जिस जीव को मिल जाया करती है उसका समस्त लोक मंगलमय व प्रकाशवान हुआ करता है। कथा के संयोजक समाजसेवी राम सुभग मिश्र व अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। संचालन शिक्षक भरत ओझा ने किया। सह संयोजक पं0 राम अभिलाष मिश्र एवं रजत मिश्र तथा उमेश तिवारी श्रद्धालुओं की सेवा संगत में जुटे दिखे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, धीरेन्द्र पाण्डेय, कमलेश मिश्र, प्रदीप मिश्र, महेन्द्र शुक्ल, परमानंद दुबे, रमाकांत तिवारी आदि रहे।

## चौरई ताल में आग से दो झोपड़ियां जलीं

सिद्धार्थनगर- खेसरहा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम में लगी आग ने दो रिहायशी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों झोपड़ियों में रखा अनाज और घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। चौरई ताल गांव निवासी गंगाराम पुत्र मुन्नर की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में रखा गेहूं, चावल सहित अन्य सामान जल गया। आग की लपटें पास में स्थित राम शंकर पुत्र जवाहर की झोपड़ी तक पहुंच गईं, जिससे वहां भी आग लग गई। इस दौरान उनके घर में रखा अनाज, भूसा और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों परिवारों का अधिकांश सामान जल चुका था। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पीड़ित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ितों को जल्द सहायता दिलाने की मांग की है।

## बीएचएनडी दिवस पर जिलाधिकारी ने किया गांवों का निरीक्षण



सिद्धार्थनगर- बीएचएनडी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम रमवापुर कली (विकास खण्ड खुनियावं), पशुपतिनगर व नरकटहा (विकास खण्ड बांसी) तथा मसिना (विकास खण्ड जोगिया) का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर की जांच की। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा संचालित सैम-मैम बच्चों के रजिस्टर का अवलोकन करते हुए बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार के वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से पोषाहार उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि गांवों में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पहले गर्भवती महिलाओं और बच्चों को इसकी जानकारी दें, ताकि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण व स्वास्थ्य जांच से वंचित न रह जाए। एएनएम को निर्देशित किया गया कि सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा चिन्हित गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। ग्राम रमवापुर कली में जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की। इस अवसर पर संबंधित अधीक्षक डॉ0 पीएन यादव सीडीपीओ अरशद खान व एमओआईसी, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रबुद्धजन संगम में सामाजिक समरसता तथा एकता की मजबूती पर दिया जोर



प्रतापगढ़। अमावां स्थित कैपिटल पब्लिक स्कूल के सभागार में रविवार को युवा चेतना मंच के तत्वाधान में प्रबुद्धजन संगम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता में सामाजिक समरसता पर आयोजित संगोष्ठी में बौद्धिक वर्ग द्वारा सामाजिक समरसता को एकता का मूल ठहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रधान संरक्षक व मंच के अध्यक्ष ललित पाण्डेय तथा डॉ0 जेएन मिश्र एवं डॉ0 देवमणि तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। स्वागत भाषण में डॉ0 ललित पाण्डेय ने राष्ट्रीय एकता की मजबूती के ध्येय पर प्रकाश डाला। वहीं शिक्षामनीषी शिव प्रताप पाण्डेय ने संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन रखा। अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 काशीधर द्विवेदी, विनोद मिश्र, रामचन्द्र सिंह, राजकिशोर शुक्ल ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक समरसता के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में वक्ताओं ने सामाजिक सरोकार की मजबूती में उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए बौद्धिक क्षेत्र की एकजुटता पर जोर दिया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 श्याम शंकर शुक्ल श्याम, डॉ0 अंजनी अमोघ व डॉ0 केशरी शुक्ला ने काव्यपाठ के जरिए राष्ट्रीयता की समृद्धि को प्रवहमान बनाया। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजेश मिश्र व आभार प्रदर्शन भानु प्रताप पाण्डेय ने किया। इस मौके पर संजय श्रीवास्तव, पप्पू तिवारी, लव त्रिपाठी, मुरलीधर तिवारी, नितिन मिश्र आदि रहे।

# सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाहों पर होगी कार्रवाई

## आरोग्य मेले में सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के सख्त निर्देश

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। शासन की मंशानुरूप प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिटिहरिया, कटरा, इकौना एवं तिलकपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिटिहरिया में निरीक्षण के दौरान एल.टी. लालजीत एवं एएनएम चंद्रमोती की अनुपस्थिति पर सीएमओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। वहीं मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद स्थापित कर सेवाओं की गुणवत्ता का फीडबैक लिया गया। चिकित्सक डॉ. मुजाहिद रजा खान द्वारा मरीजों को समुचित उपचार प्रदान किया जा रहा था, जिस पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ को



संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए गए। कटरा और इकौना में निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारी उपस्थित पाए गए, जहां चिकित्सकों द्वारा कुल 41 मरीजों को परामर्श दिया गया तथा 10 मरीजों की पैथोलॉजी जांच की गई। यहां एक सुरक्षित सामान्य प्रसव संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवजात के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। परिसर की स्वच्छता, हेल्थ एटीएम की कार्यशीलता एवं वृक्षारोपण को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। वर्ष 2025-26 में 177 सामान्य प्रसव की उपलब्धि को और बेहतर बनाने पर बल दिया गया।

तिलकपुर इकौना में एल.टी. हरिराम एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अनुपस्थिति पर वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। स्टाफ नर्स की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण तलब करते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है और जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# महंगाई और बेरोजगारी समाज के लिए कठिन चुनौती : प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने शैक्षिक संगोष्ठियों में मेधावियों की किया हौसला आफजाई



जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को कहा कि रामपुरखास में बहु महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के तेजी से संचालन के साथ लोगों को सुरक्षा व सम्मान का अडिग भरोसा इसकी सर्वश्रेष्ठता है। उन्होने कहा कि विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा हाल ही में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए एकमुश्त करोड़ों की धनराशि के साथ लालगंज में महिला बाल चिकित्सालय का संचालन जनाकांक्षा के लिए सार्थकता प्रदान कर रही है। क्षेत्र के अगई मोड़ पर कार्यकताओं तथा ग्रामीणों से संवाद करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी मध्यम वर्ग के साथ समाज के हर तबके के लिए कठिन चुनौती बन गयी है। उन्होने कहा कि सरकार का प्रबंधन का हर क्षेत्र पूरी तरह से विफल हो चुका है। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी मेढ़ावां के ऐन्थम हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां उन्होने विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा का सामारोहपूर्वक लोकार्पण भी किया। विद्यालय की छात्रा अंशिका सिंह, तरन्नुम सिंह, शगुन त्रिपाठी, अनन्या, प्रगति, आराध्या आदि ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होनें विकास तथा अवसर की समानता के लिए शिक्षा के सशक्तीकरण को राष्ट्रीय आवश्यकता करार दिया है। उन्होने कहा कि शिक्षा के बुनियादी ढ़ांचे की मजबूती में व्यक्ति के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ क्षेत्र एवं प्रदेश तथा देश के विकास का वातावरण भी समृद्धिशाली हुआ करता है। समारोह में सांसद प्रमोद तिवारी ने मेधावियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहारनपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी अम्बिका प्रसाद ओझा व संचालन शिक्षक अभिषेक पाण्डेय ने किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राणा सूबेदार सिंह चौहान रहे। प्रबंधक तिलकधारी सिंह व संयोजिका आभा सिंह व मीरा सिंह ने संगोष्ठी के उददेश्य पर विचार रखे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी मोठिन स्थित गनेशा देवी बाल विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह के संयोजक प्रबंधक दिनेश मौर्य व प्रधानाध्यापक अनिल मौर्य ने सांसद प्रमोद तिवारी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन शिक्षक महेश पटेल ने किया। समापुर में समाजसेवी रामप्रकाश मिश्र व रामू मिश्र के संयोजन में हो रही श्रीमदभागवत कथा में सांसद प्रमोद तिवारी ने लोकमंगल के लिए नैतिक वातावरण की समृद्धि की कामना किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कौड़ियाडीह, हरनाहर, जलेशरगंज, पुरवारा, मनीपुर में भी आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होते हुए लोगों से मुलाकात की।

## साइबर टीम ने 11 हजार वापस कराये

सिद्धार्थनगर- जोगिया क्षेत्र में साइबर धोखाधड़ी का शिकार हुए कन्हैया लाल यादव को जोगिया पुलिस ने बड़ी राहत दी है। गलत खाते में गए उनके 11 हजार रुपए पुलिस की सक्रियता से वापस मिल गए हैं। जोगिया उदयपुर क्षेत्र के पलिया निधि निवासी कन्हैया लाल यादव के साथ यह घटना तब हुई जब गलत नंबर दर्ज होने के कारण उनके 11 हजार किसी अन्य खाते में चले गए। उन्होंने 1 मार्च को एनसीआरपी पोर्टल पर इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर, साइबर क्राइम रिकवरी-लीन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार को 11 हजार की राशि वापस कराई।

# अवैध निर्माण पर नोटिस नपं सख्त, 3 दिन में जवाब न देने पर होगी बड़ी कार्रवाई

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। जनपद के आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड नंबर-7, सुभाष नगर क्षेत्र में निर्माण कार्य करा रहे एक व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस कार्रवाई से शोहरतगढ़ क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के अनुसार शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के डबरा निवासी मुमताज अहमद शाह द्वारा स्वीकृत आवासीय भवन मानचित्र के विपरीत निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि भवन का उपयोग निर्धारित शर्तों के खिलाफ किया जा रहा है जबकि मानचित्र स्वीकृति के समय दिए गए शपथ पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि भवन केवल निजी आवासीय उपयोग के लिए ही होगा।

जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य न केवल स्वीकृत नक्शे के विपरीत है, बल्कि यह नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 178, 179 एवं 180 तथा लागू भवन उपविधियों का उल्लंघन भी है। इस तरह के मामलों को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। नगर पंचायत शोहरतगढ़ अधिशासी अधिकारी की ओर से जारी नोटिस में संबंधित व्यक्ति को 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। और चेतावनी दी गई है कि समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

नगर पंचायत की इस कार्रवाई के बाद अन्य अवैध निर्माण करने वालों में भी भय का माहौल है। प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम व एसएसपी ने सुनी जन फरियाद

## 26 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील इटवा में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति, विद्युत तथा अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी द्वारा की गई, जबकि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना। इस दौरान उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की आख्या का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े



मामलों का मौके पर निरीक्षण कर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील समाधान दिवस और आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जांच शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों की मौजूदगी में की जाए। जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपालों को भूमि संपत्ति रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तहसील दिवस से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व के 13, पुलिस के 5, विकास के 2, विद्युत के 3, चकबंदी के 1, पूर्ति के 1 और समाज कल्याण के 1 मामले शामिल रहे। इनमें से राजस्व के 4 तथा समाज कल्याण का 1 प्रार्थना पत्र मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# चिलुआताल में बनेगा फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सीएम ने रखी नकॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में कार्यक्रम के दौरान बताया कि सरकार ने चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना की मंजूरी दी है।यहां 20 मेगावाट बिजली पैदा होगी जिसका इस्तेमाल सोलर लाइट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गोरखपुर सोलर सिटी के रूप में भी विकसित होगा। उन्होंने कहा कि गोड़धोइया नाला परियोजना भी जल्द पूर्ण होकर विकास का मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री में चार विश्वविद्यालय, नाइलिट, कई पॉलिटेक्निक, आईटीआइ का उल्लेख करते हुए बताया कि एमपीआईटी में पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनकर तैयार है। 15 अप्रैल को इसके शुभारंभ अवसर पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चन्द्रशेखरन भी गोरखपुर आएंगे।

मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि यह घंटाघर क्षेत्र आजादी की लड़ाई का साक्षी है। यह बता सकता है कि आजादी की क्या कीमत होती है। इसने पीढ़ियों को बदलते देखा है। यह प्रेरणा और गर्व का केंद्र है। इसके पुनरुद्धार और संरक्षण की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पांडेयहाता (विरासत गलियारा) में नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। उन्होंने विधि विधान से भूमि पूजन किया और इसके बाद निर्माण के लिए पहली ईंट रखी। सीएम ने कॉम्प्लेक्स के ड्राइंग मैप का भी अवलोकन किया और प्रस्तावित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शिलान्यास स्थल से लेकर लोकार्पण स्थल तक लोगों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। विरासत गलियारा पांडेयहाता में कॉमर्शियल का निर्माण 34.43 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।यह भी सीएम योगी के दूरदर्शी और जन सरोकारी विजन का ही रूप होगा।इस कॉम्प्लेक्स के बनाने के निर्देश उन्होंने विरासत गलियारा सड़क चौड़ीकरण परियोजना में प्रभावित दुकानदारों के कारोबारी समायोजन के लिए दिए हैं। इस कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के प्रथम भाग में 65 दुकानें बनेंगी जबकि बेसमेंट में 28 कारों की पार्किंग हो सकेंगी। जबकि द्वितीय भाग में बेसमेंट का निर्माण होगा जहां 54 कारों तथा 68 दोपहिया वाहनों की पार्किंग हो सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम ऐतिहासिक गौरवगाथा के जीवंत प्रतीक घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वह यहां आयोजित सामूहिक वंदे मातरम के गायन में भी सम्मिलित हुए।

घंटाघर के साथ स्वतंत्रता आंदोलन की यादें जुड़ी हैं। आज जिस स्थान पर घंटाघर है, वहां देश के प्रथम स्वातंत्र्य संग्राम के दौरान पाकड़ का एक विशाल वृक्ष हुआ करता था।इसी वृक्ष पर आजादी की पहली लड़ाई में कई स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दी गई थी।19 दिसंबर 1927 को काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को जब गोरखपुर कारागार में फांसी दी गई थी तब उनकी शवयात्रा घंटाघर में आकर रुकी थी। तब पं. राम प्रसाद बिस्मिल की माता ने यहां एक प्रेरक उद्बोधन दिया था।मीनार की तरह ऊंची इमारत के रूप में घंटाघर के निर्माण का वर्ष 1930 में रायगंज के सेठ राम खेलावन और सेठ ठाकुर प्रसाद ने कराया था। इमारत पर घंटे वाली एक घड़ी लगाई गई जिसकी वजह से यह घंटाघर के नाम से प्रसिद्ध हो गई। इमारत के निचले हिस्से पर पं.रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान की याद दिलाती चित्रकारी उकेरी गई है। विरासत के संरक्षण के लिए नगर निगम ने एक करोड़ रुपये खर्च कर इसका सुंदरीकरण कराया है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस गौरवगाथा से परिचित हो सकें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्किंग कॉम्प्लेक्स में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी बंधु सिंह और काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की मूर्ति का अनावरण भी किया। उन्होंने दोनों विभूतियों की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर राष्ट्रहित में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने अपने संबोधन में भी दोनों अमर सेनानियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घंटाघर में अमर बलिदानी बंधु सिंह के नाम पर बने जिस मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया, उसमें 250 वाहनों की पार्किंग की क्षमता है। साथ ही इसमें 43 दुकानें भी बनाई गई हैं। कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर 27.26 करोड़ रुपये की लागत आई है। कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में 26 व द्वितीय तल पर 24 कारों और छत पर 200 दोपहिया वाहनों की पार्किंग हो सकेगी। जबकि भूतल पर 21 तथा प्रथम तल पर 22 दुकानों और पुरुष/महिला शौचालय का निर्माण हुआ है।

# बुजुर्ग की पीट -पीटकर हत्या

## गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

बलरामपुर। बलरामपुर जिले के श्रीदतगंज थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में एक बुजुर्ग की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस विवाद में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को बताया कि पिपरा याकूब गांव के बभनी मजरे में शनिवार को जुबेर नामक युवक खेत की सिंचाई के बाद पड़ोसी दुल्ले को पाइप वापस करने गया था, जहां पर पाइप कम होने की बात को लेकर कहासुनी होने लगी। उन्होंने कहा कि विवाद इतना बढ़ गया कि क्रिकेट खेल रहे कुछ युवक वहां पहुंच गए और जुबेर को पीटने लगे। शोर सुनकर बचाने के लिए पहुंचे जुबेर के पिता निजामुद्दीन (71) पर युवकों ने लाठी डंडे एवं बैट से हमला कर दिया। हमले में निजामुद्दीन गम्भीर रूप से घायल होकर गिर पड़े जिससे उनकी मौत हो गई। सीओ ने बताया कि बचाने के लिए दौड़ी जुबेर की बहन सहित दो लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट मिलने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी। सीओ ने बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# कार पुल से टकरायी, तीन युवकों की मौत

बलरामपुर। जिले में बढ़नी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के अनियंत्रित कार के पुल से टकरा जाने से तीन युवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार सवार लोग देवीपाटन मेले से लौट रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, पचपेड़वा कस्बे के निवासी आदिल अपने मित्रों के साथ शनिवार की रात में तुलसीपुर के देवीपाटन मेला देखने गए थे। उसने बताया कि आज सुबह लौटते समय तुलसीपुर-पचपेड़वा-बढ़नी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुरुषोत्तम गांव के नजदीक कार अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में आदिल (21) और अफरोज (20) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गम्भीर रूप से घायल हाशमी, गोलू एवं एक अन्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक देखते हुए हाशमी (21) को बहराइच के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। तुलसीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है। दो घायलों का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राकेश यादव ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की एवं हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। विधायक ने सरकार से मांग की कि मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रूपये आर्थिक सहायता दी जाए।

# महर्षि कश्यप व निषाद जयंती पर महिलाओं का हुआ सम्मान



इटावा। बसरेहर विकासखंड के ग्राम हरिहरपुर में महर्षि कश्यप जयंती एवं राजा गुह्यराज निषाद जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुहेलदेव भारतीय पार्टी के जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज कश्यप द्वारा बड़े धूमधाम के साथ किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीआईपी पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव रामरतन कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि पूजा नाथ उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज कश्यप ने माला एवं पगड़ी पहनाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि कश्यप एवं राजा गुह्यराज निषाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात महर्षि कश्यप की आरती कर जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज के कई लोगों को सम्मानित किया गया तथा 100 महिलाओं को साड़ी वितरित कर सम्मानित किया, जिससे कार्यक्रम में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. अश्वनी कश्यप, भारत सिंह कश्यप, आशीष बाथम, एसआई भारत सिंह, अजय बाथम, एडवोकेट अनिल कश्यप, आशा देवी, अवधेश वर्मा, इंद्रपाल बाथम, दिनेश कश्यप, गणेशी लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सपा ने महर्षि कश्यप, निषादराज गुह की जयंती मनायी



इटावा। पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के ऋषि मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा निषादराज गुहा की जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को दोनों महान विभूतियों के पद चिन्हों चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, केपी शाक्य, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, सर्वेश शाक्य, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिलाउपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, जिलासचिव प्रवीण कुशवाहा, जिलासचिव राजकुमार यादव, उमेश राजपूत दुल्ले, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक, लालू यादव, कमलेश यादव, राकेश यादव, विश्राम सिंह यादव, रवींद्र यादव, इंजीनियर शुगर सिंह दोहरे, शरद प्रताप सिंह, अश्वनी राजपूत, मोहम्मद अल्ताफ, गजराज सिंह यादव, ईलू यादव, सुभाष चंद्र यादव, प्रतिपाल सिंह, सुभाष चंद्र, धर्मवीर सिंह, दिनेश कुमार, चंद्रजीत सिंह, राणा प्रताप सिंह, बलवीर सिंह उपस्थित रहे।

# नौ छात्रों को विद्यालय रत्न देकर सम्मानित किया

ऊसराहार, इटावा। पीएम श्री समथर में पढने वाले नौ छात्रो को विद्यालय रत्न देकर सम्मानित किया गया। पीएम श्री समथर में जिला समन्वयक सामुदायिक सहगागिता मनोज धाकरे एवं जिला समन्वयक प्रशिक्षण की उपस्थिति में धूम धाम से विद्या प्रवेश कार्यक्रम मनाया गया विद्यालय में एक ही दिन में 15 बच्चों को प्रवेश दिया गया सभी नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों को उपस्थित दोनों अधिकारियों द्वारा तिलक एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उनके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। परीक्षा फल वितरण के अंतर्गत सभी क्लास से प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय आए बच्चों को शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया गया, बेस्ट अटेंडेंस अवॉर्ड के अंतर्गत प्रत्येक क्लास से एक बच्चे को शील्ड मेडल और कलर बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्र वृत्ति परीक्षा में सफल होने वाले सभी नौ बच्चों को अतिथियों द्वारा विद्यालय रत्न देकर सम्मान देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक अनिल दुबे ने सभी अतिथियों का अविभावकों का अभिवादन करते हुए कहा इस विद्यालय मे पढाने वाले सभी शिक्षक पूर्ण समर्पण भाव से बच्चो को पढाते है क्षेत्रीय अभिभावकों ने जो विश्वास विद्यालय पर करके अपने बच्चो का दाखिला कराया है ।

# गौ संरक्षण की समीक्षा बैठक




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की गौ संरक्षण समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर हरे चारे की बुवाई की जाए एवं गौशालाओं में हरा चारा अवश्य होना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों को चरागाह के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराई जाए, जिससे वहां हरे चारे की बुवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में स्वच्छ पेयजल, भूसा, छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भूसादान पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं गौशालाओं में भूसा की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर गौशाला सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गायों को भूसा पानी के साथ मिलाकर ही दिया जाए एवं कैटल कैचर समय से उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो केयर टेकर सही से कार्य न करें उन पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें हटाया जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील स्तर पर बैठक अवश्य की जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम, अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन से उतरते समय यात्री की मौत



भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर साम्हो स्टेशन के पास शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। पैंट्रीकार के पहियों से धुआं उठने से ट्रेन में हड़कंप मच गया, जिसके कारण ट्रेन को रोका गया, लेकिन इसी दौरान ट्रैक पर उतरे यात्रियों में से एक यात्री दूसरी लाइन पर आ रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी ट्रेन से कटकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ओखा-गुवाहाटी एक्सप्रेस इटावा से कानपुर की ओर जा रही थी। यात्रा के दौरान ट्रेन की तेरहवीं बोगी, जो पैंट्रीकार के पास थी, उसके पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा। धुआं उठता देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घबराकर अपनी सीटों से उठ गए। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन को साम्हों स्टेशन की पश्चिमी केनिन के पास नगला मुछारियन गांव के सामने रोका गया। मौके पर पहुंची तकनीकी टीम ने जांच कर धुआं निकलने की समस्या को नियंत्रित किया और तकनीकी खराबी को वहीं ठीक कर दिया। इस पूरी प्रक्रिया में ट्रेन करीब 10 मिनट तक खड़ी रही। इसी दौरान कई यात्री ट्रेन से नीचे उतरकर ट्रैक के आसपास टहलने लगे और कुछ लोग समस्या देखने के लिए ट्रैक तक पहुंच गए। जैसे ही ट्रेन को दोबारा रवाना करने की तैयारी हुई, नीचे उतरे यात्रियों में अचानक चढ़ने की होड़ मच गई। इसी अफरा-तफरी के बीच कानपुर की ओर से आ रही सियालदह एक्सप्रेस दिखाई नहीं दी और एक युवक उसकी चपेट में आ गया। थाना के उपनिरीक्षक राम सिंह ने शव को कब्जे में लिया।

# आदर्श शिक्षा प्रसार समिति के प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के आदर्श इंटर कालेज पाठकपुर के आदर्श शिक्षा प्रसार प्रबंध समिति अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामत्री कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों का चुनाव रजिस्टार सोसाइटीज एवम चिट्स लखनऊ स्थित कार्यालय पर अधिकारियों की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष श्रीनिवास, उपाध्यक्ष रामेंद्र अमित कुमार उप मंत्री नीरज कोषाध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री तथा सदस्यों में सुशील रामचन्द्र सत्यम व अन्य सदस्य विजयी घोषित किये गए। मतदान के दौरान महामंत्री एवम अन्य दो उपाध्यक्ष के मत बराबर होने से इन खाली पदों पर होने वाले मतदान की तिथि अभी निर्धारित नही की गई। विजयी प्रत्यासियो को गांव के योगेश त्रिपाठी आलोक मनोज बाजपेई मुजीब अहमद जमाल अहमद परशुराम कुशवाह व अन्य ग्रामीणों ने माल्यार्पण करते हुए मुह मीठा कराया।

# छिपी प्रतिभाओं को निखारती है संस्कार भारती



उन्नाव। कला और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करना ही संस्था का मुख्य ध्येय है। यह बात संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ प्रभात सिन्हा ने सिविल लाइंस स्थित गणेश मण्डपम में संस्कार भारती के महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष की उपस्थिति में शेष कार्यकारिणी की घोषणा के अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा। इसके बाद संस्कार भारती के कार्यवाहक अध्यक्ष रामदेव शुक्ल ने बताया कि भारतीय कला की छिपी प्रतिभाओं को पहचाने और निखारने को संस्था टीम के रूप में कार्य करने को संकल्पित है। महामंत्री सिया राम पाण्डेय ने बताया कि संस्कार भारती की नव गठित कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष क्रमश डॉ. मनीष सिंह सेंगर, अनिरुद्ध सौरभ, जब्बार अकरम एवं भरत कुमार के नाम घोषित हुए है। वही सह-महमंत्री के रूप में संजीव सिंह चैहान तथा मंत्री के लिए दुआ प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह का नाम शामिल किया गया है। वहीं विधा संयोजकों में क्रमशः लोक कला के लिए नैना गौतम, मंचीय कला के लिए डॉ मनिता सिंह सेंगर, कला धरोहर के लिए अक्षय शुक्ल, साहित्य कला में धीरज यादव, दृश्य कला के लिए इंदु कन्नौजिया के नाम घोषित किए गए है। कोषाध्यक्ष संजीव कुमार निगम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई टीम ऊर्जा और समर्पण के साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएगी। संस्था के संरक्षक के रूप में महेंद्र शंकर त्रिपाठी, प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, दिवाकर द्विवेदी, शैलेन्द्र त्रिवेदी, डॉ के.के. मिश्रा, प्रदीप निगम राघव, अखिलेश ओमर तथा संस्कार मित्र के रूप में श्रीमती सुरभि श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, दीपेंद्र सिंह, शिक्षक प्रवीण कुमार , डॉ. आशुतोष त्रिपाठी घोषित किए गए। उपस्थित पदाधिकारियों को अंग वस्त्र पहनाकर सनातन सरोकार की दिग्दर्शिका भेंट की गई।

# आंधी -तूफान से भारी नुकसान मकान पर गिरा नीम का पेड़



मौरावा, उन्नाव। अकोहरी ग्राम पंचायत पठई में आंधी तूफान बारिश की वजह से दो मकान में भारी नुकसान हुआ। नीम का पेड़ तूफान की वजह से मकान के ऊपर में गिर पड़ा। जिसकी चपेट में उनका मकान आ गया। जिसमें रानी देवी कपिल गुप्ता की मां के सर पर चोट लगी। संजय बाजपेई राजेश पांडे के मकान में काफी नुकसान हुआ। मौरावा थाना अध्यक्ष कुवर बहादुर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। गांव वालों का गुस्सा वन विभाग के ऊपर था वन विभाग सिर्फ अपने पेड़ बताता है। आखिर रखवाली कौन करेगा। अगर पेड़ की कटाई छटाई समय पर हो जाती तो आज शायद यह हादसा नहीं होता। यह तो गलीमत रही की किसी की जान माल का खतरा नहीं हुआ। पुरवा विधायक प्रतिनिधि बृजेश शुक्ला मोहन काका लेखपाल निशांत वर्मा पीड़ितों के घर पहुंचे। लेखपाल ने कॉलोनी दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं पर विधायक की टीम ने रानी देवी कपिल गुप्ता की मां को आर्थिक सहायता दिया। इस अचानक बारिश और तूफान ने किसान की कमर तोड़ दी कई जगह फसल चैपट हो गई है। ग्राम वासियों का कहना था कि विधायक अनिल सिंह अगर खुद नहीं पहुंच पाते हैं तो अपनी टीम को तुरंत भेजते हैं समाजसेवी तो बहुत है लेकिन मदद के समय कोई नजर नही आता है।

# यक्ष ऐप से हुआ खुलासा, दो शातिर चोरों को दबोचा



इटावा। राज्य में स्मार्ट पुलिसिंग के अंतर्गत अपराधियों की प्रभावी निगरानी, सत्यापन एवं उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई हेतु विकसित यक्ष ऐप के माध्यम से चोरी की घटना का सफल अनावरण। पुलिस द्वारा 2 अन्तर्राज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद। थाना बढपुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 अप्रैल को थाना बढपुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत नयेपुरा मोड पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी। मोटरसाइकिल सवार 2 व्यक्ति पछायगाँव की तरफ से आते हुये दिखाई दिये थाना बढपुरा पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को रोककर आवश्यक प्रपत्र मांगे गये तो दिखाने मे असमर्थ रहे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुये यक्ष ऐप के फेशियल रिकग्निशन और क्रिमिनल रिकॉर्ड सर्च फीचर का उपयोग करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त दोनो व्यक्ति पूर्व मे भी आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त रहे है साथ ही जांच करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है। थाना बढ़पुरा पुलिस टीम द्वारा यक्ष ऐप के फेशियल रिकग्निशन, फेस सर्च और आपराधिक रिकॉर्ड सर्च की मदद से 2 अभियुक्तों को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित नयेपुरा मोड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र मिश्रा थाना बढपुरा, उ.नि. राजकुमार सिंह रहे। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होनें बताया यह मोटर साइकिल हमनें भिंड म.प्र. से चोरी की थी। मोटरसाइकिल चोरी की घटना के संबंध में थाना कोतवाली देहात भिंड पर मुकदमा दर्ज किया।

# शिक्षित व्यक्ति हर स्थान पर कुछ बेहतर करने का हुनर रखता है

## स्कूल में किड्स हाल का फीता काटकर उद्घाटन



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला पीरजादगान स्थित मीनान किड्स शिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने कहा कि शिक्षा गृहण करने में आगे रहने वाले छात्र ही भविष्य की प्रथम कतार में रहने का स्थान बना लेते है इस मौके पर ट्रेनी आईपीएस संचित शर्मा व विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने भी अभिभावको को अपने बच्चों की गुणवत्ता परक पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मखदूम शाह सफी के सज्जादा नशी नवाजिश व अफजाल मोहम्मद फारूकी के मार्ग दर्शन में मीनान संस्था द्वारा आयोजित समारोह में किड्स हाल का उद्घाटन फीता काटने के बाद एस डी एम शिवेंद्र वर्मा ने मौजूद बच्चो व अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति हर स्थान पर कुछ बेहतर करने का हुनर रखता है लगन के साथ की गई मेहनत उच्च पदों पर पहुचा कर परिवार सहित व समाज की सेवा करने का अवसर देती है। वही मौजूद आई पी एस संचित शर्मा ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि योग्य शिक्षक और बेहतर शिक्षण व्यवस्था इस बात का उदाहरण है कि कस्बे से निकल कर उच्च स्थानों तक पहुचने की संख्या अधिक रहेगी उन्होंने कहा कि इंटरनेट का दौर है उसका सकारात्मक प्रयोग बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। शुरूआती दौर से शिक्षक जनरल नॉलेज की बेहतर जानकारी देने का प्रयास करे शेष उपलब्ध किताबो के माध्यम से एकाग्रता के साथ की गई तैयारी सफलता तय स्थान पर पहुचा देगी। अफजाल फारूकी ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए बाहर शहरों में जाने से पूर्व बच्चे की नींव मजबूत होना बेहद जरूरी है। विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने परिसर में लगीं विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके अलावा चेयरमैन प्रतिनिध सौरभ बाजपेई, सहित अन्य लोगो ने भी प्रेरणादायक संबोधन किया।

# भरथना स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

## भीड़ में धक्का-मुक्की से दो महिलाएं ट्रेन-प्लेटफार्म के बीच गिरीं

जिला संवाददाता

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली कस्बा अन्तर्गत भरथना रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस समय बड़ा हादसा टल गया,जब अत्यधिक भीड़ और धक्का-मुक्की के बीच दो महिलाएं चलती ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच जा गिरीं। घटना के बाद स्टेशन पर चीख पुकार के बीच अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन संख्या 64588 टूंडला-कानपुर पैसेंजर के प्लेटफार्म नंबर 2 पर पहुंचते ही यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी दौरान ट्रेन में चढ़ने और उतरने की होड़ में अचानक भगदड़ जैसे हालात बन गए। धक्का-मुक्की के बीच 74 वर्षीय जसोदा देवी और 45 वर्षीय आशा देवी संतुलन खो बैठीं और ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच गिर पड़ीं। घटना को देख मौके पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचा मचाया, जिसके बाद ट्रेन को तत्काल रुकवाया गया। रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच रेलवे ट्रैक पर फंसी दोनों महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान दोनों महिलाएं चोटिल हो गईं,लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। बताया कि फिरोजाबाद की लेबर कॉलोनी निवासी आशा देवी (35) अपने परिवार बड़ी बहन सुधा (50), भांजी अंशिका (24) और भांजी के पति विवेक (28) के साथ फिरोजाबाद से पखनगौई,उमरैन जा रही थीं। उन्हें भरथना स्टेशन पर उतरना था,लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण उतरने के दौरान ट्रेन चलने लगी और धक्का-मुक्की में हादसा हो गया। वहीं,उन्नाव के शुक्लागंज निवासी जसोदा देवी (74 वर्ष) अपने रिश्तेदार राजकुमार (67 वर्ष) के साथ नंदपुरा,बकेवर से भरथना स्टेशन आई थीं और कानपुर जाने के लिए ट्रेन में सवार होने वाली थीं। इसी दौरान वह भी भीड़ की चपेट में आ गईं। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन मौके पर पहुंचा और दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। मौके पर परिजन भी मौजूद रहे। इस घटना ने एक बार फिर रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन की पोल खोल दी है। अगर समय रहते ट्रेन न रुकती,तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद रेल यात्री और स्थानीय लोगों में रेलवे प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि भरथना जैसे व्यस्त स्टेशन पर पर्याप्त सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के इंतजाम नहीं हैं, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है।

# रोहतक की सुधा बढ़ायेगी शेरों का कुनबा

इटावा। लॉयन सफारी में शेरों के प्रजनन में आ रही सिब्लिंग फैक्टर की समस्या का समाधान मिल गया है. रोहतक प्राणी उद्यान से 8 वर्षीय शेरनी श्सुधाश को इटावा लाया जा रहा है, जो पहले दो बार मां बन चुकी है. बदले में इटावा से शेर विश्वा को रोहतक भेजा जाएगा. यह अदला-बदली सिंबा और सुल्तान जैसे शेरों का कुनबा बढ़ाने और सफारी की पहचान मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है। इटावा लॉयन सफारी में सिब्लिंग की समस्या का समाधान ढूंढ लिया गया है. इस पार्क में शेरों का कुनबा बढ़ाने के लिए पार्क प्रबंधन ने हरियाणा के रोहतक प्राणी उद्यान से 8 साल की शेरनी सुधा को इटावा लाने का फैसला किया है. इसके बदले में इटावा सफारी पार्क से शेर विश्वा को रोहतक भेजा जाएगा. इस संबंध में इटावा सफारी पार्क और रोहतक प्राणी उद्यान के अधिकारियों में सहमति बन गई है. हालंकि इस एक्सचेंज को केंद्र सरकार की मंजूरी बाकी है. इसके लिए कवायद शुरू कर दी गई है। सफारी पार्क की शान कहे जाने वाले एशियाई बब्बर शेर सिंबा और सुल्तान के लिए काफी समय से दुल्हन की तलाश थी. इनके लिए पहले गुजरात से शेरनी लाने की योजना बनी थी, लेकिन किसी कारणवस यह योजना सफल नहीं हो सकी. इसके बाद हरियाणा के रोहतक प्राणी उद्यान से शेरनी लाने की प्रक्रिया शुरू हुई. करीब डेढ़ साल से चल रही यह कवायद अब रंग लाती नजर आ रही है. इस कवायद का मकसद न सिर्फ इन शेरों का कुनबा बढ़ाना है।

# चलाकापुर गांव में भीषण अग्निकांड ,तीन जिंदा जले





सीतापुर। सदरपुर क्षेत्र के चलाकापुर गांव में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। पहले ही दो महिलाओं की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी, वहीं रविवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 7 वर्षीय मासूम मीनाक्षी ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि खाना बनाते समय लगी आग ने देखते ही देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इदुरा (75) और फूलमती (55) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से झुलसी मीनाक्षी जिंदगी की जंग हार गई। हादसे में कई परिवारों के आशियाने जलकर खाक हो गए। गांव में हर तरफ चीख-पुकार और मातमी सन्नाटा पसरा है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को हर संभव मदद व मुआवजे का भरोसा दिलाया।

## पीड़ितों के आंसू पोंछने पहुंचे जनप्रतिनिधि मिला मदद का भरोसा

सीतापुर। चलाकापुर गांव में हुए भीषण अग्निकांड के बाद जनप्रतिनिधियों और नेताओं का गांव पहुंचना लगातार जारी है। शनिवार रात विधायक आशा मौर्या ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता ने तिरपाल वितरित किए, वहीं पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर खाद्य सामग्री और अंगवस्त्र बांटे। इसके अलावा भाजपा नेता मोहन प्रसाद बारी, अंकुशराज विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अनुपम राठौर और मीसम अम्मार रिजवी ने भी गांव पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## पीड़ितों को हर संभव मदद दी जाएगी: डीएम

सीतापुर। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के सरैया चलाकापुर गांव में हुए भीषण अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि ह्लइस कठिन समय में प्रशासन आपके साथ खड़ा है, हर जरूरत पूरी की जाएगी। डीएम ने बताया कि आग से 18 परिवार प्रभावित हुए हैं और 21 झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गई। तत्काल राहत के तहत प्रति झोपड़ी 8000 की दर से 1.68 लाख की सहायता दी जा रही है। साथ ही कपड़ों व घरेलू सामान के लिए प्रति परिवार 2500-2500 की अतिरिक्त मदद भी दी जा रही है। हादसे में 3 लोगों की मौत पर डीएम ने कहा, मृतकों के परिजनों को 4 लाख प्रति व्यक्ति की सहायता दी जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सभी प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाएगा।

## ट्रक पिकअप पर पलटा, 3 की मौत

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। बिसवां-रेउसा मार्ग पर धामी सराय के पास भूसी से लदा एक अनियंत्रित ट्रक पिकअप वाहन पर पलट गया, जिससे मौके पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक रेउसा से बिसवां की ओर जा रहा था और उसमें जरूरत से ज्यादा ऊंचाई तक भूसी लदी हुई थी। ओवरहाइट के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ा और चालक नियंत्रण खो बैठा। तभी सामने से आ रही पिकअप उसकी चपेट में आ गई और देखते ही देखते ट्रक पिकअप पर पलट गया। टक्कर इतनी भयानक थी कि पिकअप पूरी तरह दबकर चकनाचूर हो गई। हादसे में अयान पुत्र सप्पू निवासी सतिनपुरवा थाना बिसवां, अंकित पुत्र प्रमोद और पुष्पेंद्र पुत्र मुन्ना निवासी लालपुर कोठी थाना मानपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

संक्षेप

## किशोरी को भगा ले जाने पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर चौकी क्षेत्र के गांव की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अपहर्ता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसकी पुत्री 1 अप्रैल को परिवार के साथ घर पर सो रही थी तभी अमीन नगर निवासी जितिन कुमार ने अपनी चचेरी बहन के साथ संपर्क कराकर झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर अपहर्ता की तलाश शुरू की है।

## भव्यता के साथ मनेगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल मंगलवार को संत रविदास एवं डॉ. बीआर अम्बेडकर सेवा संस्थान गोला में समारोह होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे से होगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रभात फेरी, माल्यार्पण एवं बुद्ध वंदना आयोजित की जाएगी। वहीं सुबह 11.30 बजे से शाम 5 बजे तक सार्वजनिक सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमन गिरि मौजूद रहेंगे। आयोजक समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर जयंती समारोह को सफल बनाएं। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इस आयोजन में द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया (शाखा तहसील गोला), सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला, शिक्षक संघ एवं बामसेफ इकाई लखीमपुर-खीरी का सहयोग रहेगा।

## कूड़ा डालने को लेकर उपजे विवाद में मां ,बेटी जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भूड़ा खान में कूड़ा डालने के विवाद में कहा सुनी होते होते संघर्ष हो गया जिसमें मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता पुत्र और मां के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। भूड़ा खान निवासी अशफाक ने पुलिस को बताया सुबह 9 बजे करीब पड़ोसी उसके दरवाजे के सामने कूड़ा डालकर चले गए जिस पर उसकी पत्नी के विरोध पर गुस्साए पड़ोसी अलाउद्दीन उनकी पत्नी सना और बेटा गुलफाम ने एक राय होकर सरे राह धारदार हथियार से हमला बोल दिया चीख पुकार पर बचाने दौड़ी उसकी पुत्री भी जख्मी हो गई जिसकी शिकायत डायल 112 पर देने के बाद कार्रवाई न होने पर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज कर नामित आरोपीयों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

सीतापुर। महमूदाबाद क्षेत्र के सदरपुर थाना अंतर्गत हरसिंहपुर गांव में शनिवार रात करीब आठ बजे एक 15 वर्षीय किशोर का शव घर के पीछे जामुन के पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान करन पुत्र अशोक के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गांव के ही अनिल व राहुल ने डेढ़ सौ रुपये की चोरी के आरोप में शनिवार शाम करन को पकड़ लिया और कथित रूप से मारपीट की।

# ओवर लोड भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली से कभी भी हो सकता बड़ा हादसा



पसगवां खीरी। सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रही भूसे से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी इस पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे है। पसगवां कोतवाली क्षेत्र की सड़कों पर इन दोनों लोवरलोड भूसा भरकर ट्रैक्टर ट्रॉली दौड़ रहे है यह सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।यातायात को भी प्रभावित कर रहे है जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है लोगो का कहना की ट्रैक्टरों पर जरूरत से कई गुना अधिक भूसा लाद दिया जाता है जिससे इसकी ऊंचाई और चौड़ाई काफी बढ़ जाती है ऐसे में सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों चालकों के लिए खतरा बना हुआ है परिवहन विभाग स्थानीय प्रशासन की ओर से ऐसे ओवरलोड वाहनों पर ठोस कार्यवाही करनी चाहिएं नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# मौत को मात देकर लौटी दो साल की मासूम

लखीमपुर खीरी। पासगवा थाना क्षेत्र के पसगवां कस्बे में शनिवार को एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने 'डॉक्टर को धरती का भगवान क्यों कहा जाता है' इस बात को एक बार फिर सच साबित कर दिया। घर के कोने में खेल रही दो वर्षीय मासूम बच्ची अचानक पानी से भरे टब में गिर गई। काफी देर तक पानी में रहने के कारण बच्ची का शरीर नीला पड़ चुका था और सांसें लगभग थम चुकी थीं, लेकिन सीएचसी के डॉक्टर की मेहनत और ऊपर वाले के आशीर्वाद ने बच्ची को नई जिंदगी दे दी। खेल-खेल में हुआ हादसा प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बे के निवासी सचिन मिश्रा की दो वर्षीय पुत्री सानिया घर के कोने में खेल रही थी। पास में ही पानी से भरा एक टब रखा हुआ था। खेलते-खेलते सानिया अचानक टब में गिर गई और औंधे मुंह पानी में डूब गई। घर के लोग अपने कामों में व्यस्त थे, जिसके चलते काफी देर तक किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी।

## जब टब में तैरती मिली बच्ची

काफी समय तक जब सानिया की आवाज नहीं सुनाई दी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब परिजन टब के पास पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। नन्ही सानिया टब में उल्टा पड़ी हुई पानी के ऊपर तैर रही थी। आनन-फानन में उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक मासूम के पेट में काफी पानी भर चुका था और ऑक्सीजन की कमी के कारण उसके हाथ-पैर नीले पड़ गए थे।

## डॉक्टर कुलदीप ने नहीं हारी हिम्मत, मिली कामयाबी

परिजनों ने बिना समय गंवाए बच्ची को लेकर पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी एच सी ) की ओर दौड़ लगा दी। अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कुलदीप ने स्थिति की गंभीरता को भांप लिया। बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी और वह अचेत अवस्था में थी।डॉक्टर कुलदीप ने बिना हार माने अथक प्रयास शुरू किए। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची के पेट से पानी बाहर निकाला और उसे प्राथमिक उपचार दिया। काफी देर तक चले जीवन और मृत्यु के संघर्ष के बाद, आखिरकार नन्ही सानिया को होश आ गया। परिजनों ने ली राहत की सांसजैसे ही बच्ची की आंखों में हरकत हुई और उसने रोना शुरू किया, अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। परिजनों ने डॉक्टर कुलदीप का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें 'देवदूत' बताया। फिलहाल बच्ची की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों ने उसे निगरानी में रखा है।

**सावधानी की अपील:** घर में बाल्टी या टब में भरा पानी छोटे बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। बच्चों पर हर पल नजर रखना अत्यंत आवश्यक है। क्षेत्रीय जनता की मुख्यमंत्री जी स्वास्थ्य मंत्री व जिलाधिकारी लखीमपुरखीरी से मांग है कि ऐसे अनुभवी डॉक्टर को पुरुष्कृत किया जाए।

# चैती मेले में स्कूली बच्चों ने बिखेरा रंग, बारिश से कार्यक्रम स्थगित





गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। 24 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष अवधेश मिश्रा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री कुलभूषण सिंह, सुशील त्रिवेदी, जिला मंत्री रश्मी गुप्ता, रामभरोसे वर्मा, शौर्य सक्सेना सहित कई लोग मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है और चैती मेले जैसे आयोजनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, केपीएसडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, इंडियन हेरिटेज एकेडमी, कामधेनु विद्या मंदिर, आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर, अरविंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज एवं कृषक समाज इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। होली गीत, भक्ति गीत, देशभक्ति और सामाजिक संदेशों पर आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विशेष रूप से एक रोटी कम खाओ, बेटी को पढ़ाओ जैसे संदेशात्मक कार्यक्रमों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अचानक तेज हवा और बारिश शुरू हो गई, जिसके चलते कार्यक्रम को बीच में ही रोकना पड़ा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने खेद जताते हुए शेष विद्यालयों के बच्चों के कार्यक्रम 10 अप्रैल को सायं 6 बजे आयोजित कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## स्थानीय कवि सम्मेलन आज

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कवि सम्मेलन आज सायं 7 बजे से आयोजित होगा।

# अक्षय तृतीया पर होगा 27 कन्याओं का विवाह व यज्ञोपवीत संस्कार



सीतापुर। सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी अक्षय तृतीया 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक कन्या विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार की तैयारियों को लेकर गल्ला मंडी के निकट शिव शक्ति मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। अध्यक्षता विश्वंभर तिवारी ने की, जबकि संचालन राम प्रकाश पाण्डेय ने किया। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष अब तक 27 विवाह और 10 यज्ञोपवीत संस्कार के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि कुछ और आवेदन आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी जिम्मेदारियां बांट दी गई हैं।

भोजन व्यवस्था समिति में सचिन त्रिपाठी, अजय मिश्र, डॉ. वेदप्रकाश त्रिपाठी और मित्र रत्न तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है। स्वागत समिति में नैमिष रत्न तिवारी, पंकज पांडेय व जीवेश रत्न तिवारी को शामिल किया गया। जलपान समिति में शशि मिश्रा, शशि तिवारी, प्रेमलता बाजपेयी, रानी मिश्रा व सावित्री मिश्र को रखा गया है। दहेज व्यवस्था की जिम्मेदारी विश्वंभर तिवारी, दिनेश चंद्र मिश्रा व कन्हैया लाल शुक्ला को सौंपी गई। अतिथि सत्कार की जिम्मेदारी रामप्रकाश पांडेय सहित अन्य पदाधिकारियों को दी गई। संगठन के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वे तन, मन और धन से जुड़कर इस पुण्य कार्य को सफल बनाएं।

# तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में तेज बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि शुरू होते ही किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच आई है। गेहूं और सरसों की तैयार फसल पर ओले गिरते ही क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे किसानों को भारी नुकसान




होना तय हो गया है। ऐसे में किस ईश्वर से रहम करने की गुहार लगा रहा है। रविवार को शाम 5:30 बजे करीब अचानक बे मौसम आसमान में काली घटाएं घिर आई और देखते ही देखते बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि शुरू हो गई है। किसान की फसल में भारी नुकसान होना तय हो गया है बेटी के हाथ पीले करने की तैयारी में लगा था अच्छी फसल पर सपने सजा रखे थे तभी अचानक ओलावृष्टि ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। क्षेत्र में भारी मात्रा में गेहूं की तैयार खड़ी फसल और आम के बागों में भारी नुकसान हुआ है। किसानों को पहले से फसल के औने पौने दाम मिलना, भारी महंगाई के साथ ऊपर से दैवीय आपदाओं से कमर टूट गई है।

## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर गांव-गांव पहुंचे अफसर



लखीमपुर खीरी। बेमौसम बारिश और तेज आंधी-तूफान के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह फील्ड में सक्रिय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे प्रशासनिक अमले को फील्ड उतार दिया। पूरे जिले में व्यापक स्तर पर निगरानी और मौके पर मुआयना कर रिपोर्ट संकलित कराई जा रही है। तहसील स्तर पर प्रशासनिक टीमें लगातार भ्रमणशील रहीं। गोला, पलिया, लखीमपुर, मितौली, धौरहरा, मोहम्मदी और निघासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया, किसानों से बातचीत की और मौके पर स्थिति को परखा। अफसरों ने मौके पर ही हालात का आकलन कर जरूरी निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड से मिल रही सूचनाओं की लगातार मॉनिटरिंग की। हालात सामान्य बने रहने के बावजूद प्रशासन ने चौकसी में कोई ढिलाई नहीं बरती।

## प्रशिक्षण महाभियान में संगठन मजबूती पर जोर




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन में मंडल गोला नगर एवं कुम्भी मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि सहित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संगठन की विचारधारा, सिद्धांतों और प्रशिक्षण महाभियान के उद्देश्यों पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण महाभियान कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए, तभी संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, गोला नगर मंडल अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, कुम्भी मंडल अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला सहित कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ने गिनायीं उपलब्धियां



लखीमपुर खीरी। शैक्षणिक उपलब्धियों की दृष्टि से भी लखनऊ पब्लिक स्कूल विद्यालय ने कक्षा 10 एवं 12 की यूपीएससी की परीक्षा में इस वर्ष दो छात्रों का चयन तथा छः छात्रों का चयन यूपीपीसीएस में हुआ है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रतापगढ़ के सांसद एसपी सिंह ने बताया लखीमपुर खीरी के सचिन वर्मा का चयन सिविल सर्विस एग्जामिनेशन यूपीएससी एवं यूपीपीसीएस दोनों में हुआ है, जो अत्यंत प्रेरणादायक उपलब्धि है। बी-ब्लॉक, राजाजीपुरम शाखा के अक्षय कुमार का चयन पीसीएस में हुआ है, जबकि उनके भाई अतिथि कुमार का चयन भारतीय रिजर्व बैंक ( में ग्रेड बी प्रबंधक के पद पर हुआ है। इसके अतिरिक्त आनंद नगर के अभिषेक दीक्षित का चयन भी पीसीएस में हुआ है। माधोगंज शाखा के योगेंद्र कुमार ने आईएएस परीक्षा में 286वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान को विशेष गौरव दिलाया है। विगत सत्र 2024/25 में लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर शाखा के आईसीएसई (कक्षा 10) परीक्षा में नीलनंदन ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आईएससी (कक्षा 12) परीक्षा में प्रियांशी वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। पिछले वर्ष 139 विद्यार्थियों ने आईसीएसई तथा 97 विद्यार्थियों ने आईएससी परीक्षा में सम्मिलित होकर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने आगामी पाँच वर्षों में विद्यालय को शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने का संकल्प व्यक्त किया है।

## आंधी बनी काल: तीन मौत, कई घायल

सीतापुर। शनिवार की तेज धूल भरी आंधी और बारिश कई परिवारों के लिए कहर बनकर टूटी। अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। हर तरफ चीख-पुकार और मातम का माहौल देखने को मिला। सिधौली क्षेत्र के कटसरैया गांव में तेज हवाओं के चलते एक कच्चे मकान की दीवार और छप्पर अचानक ढह गया। मलबे में दबकर 26 वर्षीय सुनीता पत्नी मुन्नू गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बाहर निकाला और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं सिधौली के गांधी नगर में मंदिर से लौट रहीं 52 वर्षीय सुमिता पत्नी परमानंद पर अचानक पेड़ गिर पड़ा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ चल रही दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी दौरान सड़क से गुजर रही एक बाइक भी पेड़ से टकरा गई, जिसमें दो लोग जख्मी हो गए। उधर संदना थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में 50 वर्षीय कल्लू पुत्र रोहन आंधी के दौरान पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी पेड़ जड़ से उखड़कर उन पर गिर पड़ा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लगातार हुए इन हादसों ने पूरे जनपद को झकझोर दिया है। कहीं घायल जिंदगी से जूझ रहे हैं तो कहीं परिवार अपनों को खोकर गहरे सदमे में हैं।

# लोकतंत्र सेनानी रामशिव तिवारी का निधन राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी लोकतंत्र सेनानी रामशिव तिवारी का लंबी बीमारी के बाद 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

बताया गया कि उन्होंने बरेली स्थित अस्पताल में अंतिम सांस ली। इसके बाद स्थानीय मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां प्रशासन की ओर से सलामी गारद भी दी गई। रामशिव तिवारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सक्रिय स्वयंसेवक रहे और आपातकाल के दौरान संघर्ष के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन में इमरजेंसी के समय झेले गए अनुभवों को कई बार साझा किया था। उस दौरान उन्हें अस्वस्थ अवस्था में ही पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया था, जहां उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भी रहना पड़ा। परिजनों के अनुसार हिरासत के दौरान उनके साथ मारपीट की गई थी, जिसका असर उनके स्वास्थ्य पर जीवनभर बना रहा। इसके बावजूद वह सामाजिक और राष्ट्रवादी गतिविधियों में सक्रिय रहे। राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान जनजागरण कार्यक्रमों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया। अंतिम संस्कार में तहसीलदार भीम चंद, कोतवाल अम्बर सिंह, नानक चैकी प्रभारी योगेश चौधरी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। इसके अलावा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सपा जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व एमएलसी शशांक यादव और भाजपा नेता विनीत सिंह भदौरिया सहित बड़ी संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे।

## कवि सम्मेलन व होली मिलन में गूंजा हास्य-व्यंग, श्रोताओं ने खूब सराहा

सीतापुर। शहर के नवीन चौक स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के सभागार में शनिवार शाम कवि सम्मेलन एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साहित्य और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक एवं प्रतापगढ़ सांसद एस पी सिंह, मुख्य प्रशासिका श्रीमती कांति सिंह तथा प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। कवि शिवकुमार व्यास, संदीप सरस, आरिफ बिसवानी, नय्यर बिसवानी, हेमंत पांडे, शैलेन्द्र मधुर और मालती वर्मा ने हास्य-व्यंग और भावपूर्ण काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बैठक में व्यापारियों की एकजुटता पर जोर



सीतापुर। रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सीतापुर की मासिक बैठक नैमिष कैफे, पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण, संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही नए सदस्यों को जोड़ने और उन्हें संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराने पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीष मिश्रा रिंकू, नगर अध्यक्ष अभिनव बंसल, युवा नगर अध्यक्ष सनी साहू, जिला उपाध्यक्ष अरविंद चैरसिया, पुराने सीतापुर प्रभारी अच्छे मियां, अध्यक्ष सलीम नूरी, युवा संगठन मंत्री अंकुर साहू और मीडिया प्रभारी अंकित अग्रवाल सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। मीडिया प्रभारी अंकित अग्रवाल ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है और एकजुट रहकर ही व्यापारी अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। बैठक में जीएसटी के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व का मुद्दा भी उठा और व्यापारियों के हित में एक विशेष कोष बनाए जाने का सुझाव दिया गया, जिससे कठिन समय में उन्हें सहायता मिल सके।

## स्वास्थ्य शिविर में 168 का उपचार

सीतापुर। हरगांव स्थित अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से रविवार को ग्राम भटपुरवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 168 मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया तथा सभी को निःशुल्क दवाएं और जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। साथ ही बिड़ला जी के सपनों को साकार करने के लिए क्षेत्र के समग्र विकास हेतु ऐसे शिविर नियमित लगाए जा रहे हैं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की गहन जांच की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं के लिए लाभकारी बताया।

संक्षेप

## मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार एक को लगी गोली

जौनपुर। थाना तेजीबाजार व बदलापुर की पुलिस टीम ने बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार को गिरफ्तार करने का दावा किया है। एक बदमाश के पैर में लगी गोली लगने से वह घायल हो गया है। उसी दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से एक पिस्टल, एक जिन्दा कारतुस, दो खोखा कारतुस, मोटरसाईकिल के साथ नगद एक लाख तीस हजार रुपये भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष तेजीबाजार मय टीम व थानाप्रभारी बदलापुर मय टीम को वायरलेस पर सूचना मिली कि एक मोटरसाईकिल पर सवार तीन बदमाश सरायख्वाजा क्षेत्र से पुलिस मुठभेड़ के दौरान हाईवे कि तरफ से भाग रहे है। सूचना पर कलिंजरा पुलिया के पास से नाकाबन्दी के दौरान उक्त बदमाशो ने पुलिस टीम के रोकने पर पुलिस पार्टी पर जान से मारने के नियत से फायर किया, जिस पर थानाध्यक्ष तेजीबाजार द्वारा जवाबी फायरिंग में एक बदमाश राहुल यादव पुत्र रामबली यादव के दाहिने पैर मे गोली लगने के कारण पकड़ लिया गया। दूसरा बदमाश विपिन पाल पुत्र जयनाथ पाल को भागने के दौरान दाहिने पैर मे चोट लगने से गिरने के पश्चात कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। तीसरा बदमाश अतुल सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह अंधेरे का लाभ लेते हुए भागने मे सफल हो गया। पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि हम लोग असलहा बेचने वाले कल्लू सिंह से असलहा खरीदने के लिये कल्लू के गांव जा रहे थे। बदमाशों ने आगे बताया कि मोटरसाईकिल मेरा साथी अतुल लाया था। फिलहाल पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## पेड़ से लटकती मिली युवक की लाश

लालगंज, मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुलार स्थित घोरी डैम के पास बने अस्थायी गौ आश्रय स्थल के निकट एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गौ आश्रय स्थल के कर्मियों और ग्रामीणों ने शव देखा तो सूचना एक-दूसरे को दी। कुछ लोग घटना को संदिग्ध बताते हुए विभिन्न तरह की चर्चाएं करते रहे। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अभय कुमार सिंह और दुबार कला चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत पचोखर के बैरहर निवासी मनोराम पटेल पुत्र रामसागर पटेल (30) के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है कोतवाली प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार में एक पुत्री (8) और एक पुत्र (5) हैं।

## पीड़ित ने एसडीएम से लगायी गुहार

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के लसड़ा कला गांव निवासी लक्ष्मण पुत्र ललई ने एसडीएम मार्टीनगंज दिव्या सिकरवार को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि चकबंदी से पूर्व वह घर के सामने स्थित भूमि पर हैंडपंप और पेड़ लगाकर काबिज है। ग्राम प्रधान जबर उसके घर के सामने से नाबदान का पानी ले जाने के लिए नाली का निर्माण कार्य करा रहे है, जबकि उक्त भूमि का मुकदमा दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। ग्राम प्रधान उसे मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं, जिससे उसका पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। एसडीएम ने कहा कि राजस्व निरीक्षक को जांच के लिए निर्देश दिया गया है, रिपोर्ट आने के उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

## वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

आजमगढ़। सरायमीर थाना क्षेत्र के रामजानकी मंदिर छितुपट्टी के पास रविवार की सुबह कार की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। छितुपट्टी गांव निवासी 60 वर्षीय अनीश अहमद सुबह में घर से टहलने के लिए निकले थे। आजमगढ़-लखनऊ मार्ग पर टहल रहे थे। इस दौरान कार चालक टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घायल को फूलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान कुछही देर बाद मौत हो गई।

# ऑटो चालकों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। रविवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा राबर्ट्सगंज क्षेत्रांतर्गत बढ़ौली ओवरब्रिज के नीचे ऑटो चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभी ऑटो चालकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि किसी भी स्थिति में अपने वाहनों में अश्लील गाने/साउण्ड सिस्टम का उपयोग न करें, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) के वाहन का संचालन न करें तथा यातायात नियमों एवं रोड अनुशासन का कड़ाई से पालन करें।

साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी ऑटो में कोई संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए पाया जाए तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि अपने वाहनों में लगे साउण्ड सिस्टम को स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही अवगत कराया गया कि यदि स्वेच्छा से साउण्ड सिस्टम नहीं हटाया गया, तो चेकिंग के दौरान पाए जाने पर संबंधित वाहन को सीज करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर यातायात प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, टीएसआई भरत राय, जमील खां सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## किसान संघर्ष समिति ने डीएम से मांगी ज्ञापन पर प्रतिक्रिया



सोनभद्र। रविवार को पूर्व सूचना के अनुसार ग्राम सभा लोहरा (गुलरहवा) में सुदामा सिंह के यहां बरगद पेड़ के नीचे, ब्लॉक करमा, जिला सोनभद्र में, किसान संघर्ष समिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें ग्राम सभा तकिया, लोहरा (गुलरहवा), बट् के किसानों द्वारा 25 मार्च 2026 को औद्योगिक गलियारे हेतु भूमि अधिग्रहण के सम्बंध में ज्ञापन दिया गया था लेकिन रविवार तक जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा कोई लिखित प्रतिक्रिया नहीं दिया गया, जिससे किसानों द्वारा महासभा में निर्णय लिया गया है, कि जिलाधिकारी द्वारा प्रतिक्रिया देने के लिए कुछदिन और मौका दिए हैं, लेकिन बहुत जल्द हम लोग धरना पर बैठने के लिए बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिलाधिकारी की होगी फिर भी एक बार पुनः जिलाधिकारी से मिलकर जानकारी लिया जायेगा।

महासभा में मौके पर मनोज कुशवाहा अध्यक्ष, रेनु सिंह, अजित कुमार, दिनेश कुमार, दयाराम, ज्योति जंग सिंह, रविशंकर मौर्या, संतोष आत्मा सिंह, रवीन्द्र बहादुर सिंह, विरेन्द्र कुमार, जय प्रकाश मौर्य, रामराज, कमलेश एडवोकेट, गोपाल कुशवाहा, चन्द्रप्रकाश सिंह एडवोकेट, सुदामा सिंह, सुखरम पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## जरूरत हो तो ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि करें: सांसद



जौनपुर। जिला विद्युत समिति की बैठक सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों, कार्मिकों के फोन में जनप्रतिनिधिगण का नंबर फीड करा दिया गया है। जर्जर खंभो के सर्वे की कार्यवाही की जा रही है। विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तारो को हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

विधायकगण द्वारा अवगत कराया गया कि विधायक निधि के अंतर्गत अभी भी कुछ कार्य अवशेष हैं जिस पर अध्यक्ष द्वारा विद्युत अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जो भी कार्य अवशेष हैं, उन्हें प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए तथा जमीन संबंध जो भी विवाद है उन्हें एक सप्ताह के अंदर निस्तारित कराया जाए। अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि गर्मी के दृष्टिगत जहॉ भी आवश्यकता हो ट्रांसफार्मर की क्षमतावृद्धि की जाए, खम्भे टेढे हैं तो उनको ठीक कराया जाए, जर्जर तारों को बदलवाया जाए, विजिलेंस की कार्यवाही तथा इसके अन्तर्गत दर्ज एफआईआर, निस्तारण की कार्यवाही आदि के संदर्भ में विधानसभावार जानकारी समिति को उपलब्ध कराया जाए। स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आने की समस्या का निस्तारण किया जाए। अधिक बिल आने की शिकायत के प्रकरणों में जॉच कराई जाए। विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, मा0 विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक मछलीशहर डा0 रागिनी सोनकर, विधायक मुंगराबादशाहपुर पंकज पटेल सहित अन्य प्रतिनिधिगण मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, चीफ इंजीनियर विद्युत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में दो असलहा तस्कर गिरफ्तार



जौनपुर। थाना सरायख्वाजा व बक्सा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ में असलहा तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गया। गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो , कारतूस एक मोटरसाइकिल तथा साढ़े 12 हजार रूपया बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा व थानाध्यक्ष बक्सा मय हमराह द्वारा छबिलेपुर से छुन्छा ग्राम के तरफ जाने वाले मार्ग पर छुन्छा पुलिया के पास नाका बन्दी के दौरान मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा पुलिस के रोकने पर पुलिस पार्टी पर जान से मारने कि नियत से फायर किया थानाध्यक्ष बक्सा द्वारा जबाबी फायर में एक अभियुक्त गुडलक तिवारी पुत्र हृदय नरायण निवासी खानपुर थाना सिंगरामऊ जनपद-जौनपुर के दाहिने पैर में गोली लगने तथा दूसरे अभियुक्त शशांक सिंह उर्फ साहिल पुत्र अजीत प्रताप सिंह निवासी आहोपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर के बाये पैर में गोली लगने से मौके से ही पकड़ लिया गया। शेष तीन अभियुक्त दूसरे वाहन से अंधेरा का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। बदमाशों ने हमलोग असलहा खरीदने व बेचने का काम करते है । आज हम लोग अपने तीन अन्य साथियों के साथ असलहा खरीदने के लिए पैसा लेकर बाहर जा रहे थे।

## मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आजमगढ़। बूढ़नपुर तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिलाध्यक्ष के नेतृव में संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम बूढ़नपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसान नेताओं ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, कृषि संकट, बिजली व्यवस्था और सरकारी भूमि संरक्षण जैसे मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। बिजली बिल माफ करने, बिजली विभाग को सरकारी नियंत्रण में बनाए रखने की मांग की गई। इसके अलावा स्मार्ट बिजली मीटरों को तत्काल हटाकर पुराने विद्युत मीटर लगाने, बंजर, जंगल, नवीन परती, पोखरी, खोर, श्मशान, सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण हटाकर उन्हें सुरक्षित कराने की मांग की।

## अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए निर्देश



मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस लाइन स्थित मां विंध्यवासिनी सभागार में मासिक अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की बैठक में लंबित विवेचनाओं, आईजीआरएस व जनसुनवाई प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। एसपी ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और टॉप-10 अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए माफियाओं शराब, भू, वन व खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाने को कहा गया। मादक पदार्थों, अवैध शराब और गो-तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश भी दिए गए महिला अपराधों में त्वरित कार्रवाई और मिशन शक्ति के तहत जागरूकता बढ़ाने पर जोर रहा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अधिक से अधिक सजा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। थानों पर आने वाले पीड़ितों के साथ बेहतर व्यवहार और निष्पक्ष सुनवाई के लिए कहा गया भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग व सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए बैठक में एएसपी, सीओ समेत सभी थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## खुशबू के चयन से गौरवान्वित हुआ सोनभद्र: कृष्ण मुरारी



सोनभद्र। विकास खण्ड घोरावल के तिलौली गांव निवासी राम गोपाल गुप्ता की बिटिया खुशबू रानी गुप्ता ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग 2024 के अन्तर्गत 21वां स्थान प्राप्त करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल टैक्स के पद पर चयनित हो कर जनपद का मान बढ़ाया है।

घोरावल इंटर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय सोनभद्र एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से बीएससी केमेस्ट्री ऑनर्स की पढ़ाई करने वाली खुशबू ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अभ्युदय योजना से लखनऊ में रहकर परीक्षा की तैयारी करने हेतु उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज 2024 की परीक्षा में 21वां स्थान प्राप्त कर असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स के पद पर चयनित हुई। शनिवार को घोरावल के तिलौली गांव स्थित उनके आवास पर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सोनभद्र के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता समेत अन्य नेताओं ने पहुंच कर खुशखू की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा सोनभद्र के निवर्तमान जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि खुशबू की यह उपलब्धि आपके परिवार, आपके गांव, आपके समाज के साथ ही पूरे जनपद सोनभद्र को गौरवान्वित करती है, और भविष्य के लिए बच्चों को प्रेरणा प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सोनभद्र के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा खुशबू की यह उपलब्धि पूरे व्यापारी समाज के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है।

## पुलिस-एससोजी टीम ने 50 लाख का गांजा किया बरामद



मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर सहित पूर्वांचल के जिलों में उड़ीसा से लाकर गांजा की तस्करी की जा रही है। गांजा तस्करों का पूरा नेटवर्क सधे अंदाज में एक जिले से दूसरे जिलों में अपना मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। रविवार को मीरजापुर पुलिस ने एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ?50 लाख के अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त चार पहिया वाहन के साथ 5 शातिर अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

रविवार को दोपहर बाद पुलिस लाइन स्थित सभागार में मीडिया के समक्ष खुलासा करते हुए गांजा तस्करों को प्रस्तुत किया गया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने की दिशा में अपराध के रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की निर्माण, तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी, बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना पड़री व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को सफलता हाथ लगी है। जब एक गुप्त सूचना के आधार थाना पड़री पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग करते समय 1 चार पहिया वाहन संख्याः यूपी वढ 32 एफवी 0200 होन्डासिटी में सवार 5 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों द्वारा पूछताछ में अपना क्रमशः सत्यम सिंह उर्फ राहुल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अघवार थाना पड़री, मीरजापुर, सौरभ मिश्रा उर्फ पुष्कर मिश्रा पुत्र घनश्याम मिश्रा निवासी देवरी थाना पड़री मीरजापुर, विकास तिवारी उर्फ विक्कू पुत्र भोला तिवारी निवासी देवरी थाना पड़री मीरजापुर, राजन तिवारी उर्फ विश्वजीत तिवारी पुत्र विजय शंकर तिवारी निवासी नबैया थाना मेजा, जनपद प्रयागराज व पवन पाण्डेय पुत्र कैलाश पाण्डेय निवासी देवरी थाना पड़री मीरजापुर बताया गया है। पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गयी तो वाहन में छिपाकर रखा हुआ कुल 100.60 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसे बरामद कर तथा वाहन को सीज कर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात सभी को न्यायालय में पेश किया गया है।

भारी मात्रा में गांजा के साथ पकड़े गये गांजा तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वे सम्भलपुर, उड़ीसा से होन्डा सिटी कार में छिपाकर गांजा लादकर मीरजापुर, प्रयागराज व आसपास के जनपदों में सप्लाई के लिये ले जा रहे थे, इसी दौरान पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक सत्यम पवन व विकास इत्यादि पर कई मुकदमे दर्ज हैं जो काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं। पवन पड़री थाना का हिस्ट्रीसीटर बताया गया है।

## सीएमओ के निरीक्षण में क्षय रोग विभाग की खुली पोल

मीरजापुर। जब सभी विभागों यहां तक की स्कूल-कालेजों तक में बायोमैट्रिक उपस्थिति मशीन से उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है तो जिला क्षय रोग कार्यालय इससे क्यों अछूता क्यों है। यह सवाल महज एक सवाल ही नहीं बल्कि व्यवस्था से जुड़ा हुआ गंभीर मुद्दा भी है जिसे कुछ लोग इसे कुचलते हुए आएं हैं, जिसकी पोल पिछले दिनों तब खुल गई है जब जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर सीएल वर्मा जिला क्षय रोग विभाग का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां उन्हें उपस्थिति पंजिका में ही झोल मिल गया जिसमें कुछ कर्मचारियों के उपस्थित दर्ज ही नहीं थे इनमें एक जनाब कुछ विलंब से रहें हैं, जबकि दूसरे तो मासा अल्लाह निकले उनके तीन दिनों से हस्ताक्षर बने ही नहीं थे। होते भी कैसे वह जनाब सत्ताधारी दल से जुड़े हुए जो ठहरे तो भला उनके लिए रोज रोज उपस्थित पंजिका में नाम दर्ज कराने की भला क्या जरूरत। हां अलबत्ता वह इतनी कृपा जरुर किए जाते हैं दो चार-दिन पर जरुर आकर उपस्थित पंजिका में नाम दर्ज कर चलते बने रहे हैं। जानते तो सभी थें लेकिन उन्हें ऐसी मनमानी करने से रोके टोके कौन? वह तो भला हो उस दिन सीएमओ साहब धमक पड़े और संबंधित को फटकारते हुए जवाब तलब कर दिया कि यह मनमानी नहीं चलेगी। तब साहब को बताया गया कि वह फला के बेटे हैं, अब साहब को कौन बताए कि फला के बेटे हैं तो क्या हुआ कायदा कानून तो सभी के लिए है। फिर उनके लिए यह अलग व्यवस्था क्यों?

सूत्र बताते हैं कि कुछ कर्मचारी तो ऐसे भी हैं जो महीने में कभी कभार भूले भटके हुए आकर हाजिरी लगाकर चलते बनते हैं बाकी उनकी राजनीतिक में दिलचस्पी भी जगजाहिर है। इसको लेकर अन्य कर्मचारियों में जहां अंदर ही अंदर असंतोष देखा जाता है वहीं कुंठाभाव भी जागृत होता है। सीएमओ के निरीक्षण के बाद व्यवस्था में बदलाव की संभावना बढ़ी है, लेकिन देखना अब यह है कि सीएमओ साहब के निरीक्षण का असर हो पाता है या उन्हें भी मीठी गोली देकर गुमराह किया जाता है। गौरतलब हो कि जिला क्षय रोग विभाग जिले का न केवल एक अहम विभाग है, बल्कि उसके कार्य भी अहम है। जिस टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के साथ भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री अपील करते हुए दिखाई देते हो भला उस विभाग में सेवा कार्य के बजाए स्थानीय राजनीति में सक्रिय होकर विभाग में महज उपस्थिति दर्ज कराने तक का नाता रखने कर्मचारियों से भला कैसे इस लक्ष्य को पूर्ण करने में सहयोग की उम्मीद की जा सकती है।

## मुठभेड़ में हत्यारोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर के पास रविवार सुबह पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से हत्या आरोपी घायल हो गया। घायल बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस, चाकू आदि बरामद हुआ। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराई है। मुबारकपुर थानाक्षेत्र के इस्लापुरा निवासी मो. हस्सान की शुक्रवार की रात चाकू से मार कर उसके मित्र ने हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में लगी है। मुबारकपुर थानाध्यक्ष शशिमौली पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह दामोदरपुर के पास घेरा बंदी की गई। पुलिस से घिरने पर हत्या आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बाएं पैर में गोली लगने से हत्या आरोपी इरफान निवासी इस्लामपुरा थाना मुबारकपुर घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया अस्पताल में भर्ती कराया है।

## पत्नी को पीट रहे पति को मायके वालों ने धुना

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सखोई गांव के पास दम्पत्ति रविवार को आपस में विवाद कर मारपीट कर रहे थे। महिला ने अपने मायके फोन कर सूचना दिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर महिला के पति को मारपीट तथा धमका कर चले गए। बताते है कि श्यामरती देवी पत्नी सोनू की शादी 2024 में जलालपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन गांव में हुआ था। शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी में हमेशा विवाद होता रहा। दो माह पहले पति-पत्नी में विवाद इतना बढ़ गया। श्यामरती देवी अपनी मायके केराकत थाना क्षेत्र के केराकत कस्बे चली आई। मायके में दो महीने रहने के बाद उसका पति किसी तरह से केराकत अपनी पत्नी को लेने आया। तो पत्नी के घर वालों ने उसकी विदाई कर दी जब पति पत्नी केराकत से चले तो जफराबाद थाना क्षेत्र के सखोई गांव के पास पहुंचकर किसी बात को लेकर अनबन हो गई यह अनबन इतना बढ़ गया। दोनों में काफी विवाद हो गया। यही विवाद मारपीट में तब्दील हो गई। उसका पति इतना क्रोधित हो गया कि उसे वहीं मारपीट कर घायल कर दिया। क्रोधित पत्नी ने अपने मायके केराकत घर वालों को फोन किया। कुछ ही समय में महिला के घर वाले पहुंचकर सोनू की जमकर पिटाई करने के बाद अपने साथ महिला को लेकर घर चले गए। महिला का पति क्रोधित होकर पुलिस को सूचना देने के लिए वहां से अपने घर की ओर चला गया।

## दलित परिवार पर हमला, दो महिलाएं जख्मी

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लोहता गांव में एक दलित परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें दो महिलाओं को मारपीट का घायल कर दिया। आये दबंगो मारा पीटा और घर में तोड़फोड़ की। रिहायसी मड्हा को क्षतिग्रस्त कर दिया। भैस गाय को खूटे से छोड़कर खदेड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। रविवार को



लोहता गांव में जियालाल गौतम की 43 वर्षीय पत्नी आशा देवी घर में थी। उसी दौरान दर्जन की संख्या में दबंग लोग लाठी डंडा लेकर उनके घर में घुस गए और वहां मौजूद उनके घर परिसर मे बधे मवेशियों को खूटे से छोड़कर भाग दिया। उसके बाद आशा देवी व उनकी जेठानी गंगाजली पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। उनको मारे व साथ दुर्व्यवहार किया। जान मारने की धमकी देते हुए घर में तोड़फोड़ करने लगे। घर के सामने रिहयशी मड़ई को धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद मड्हे खिली सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद सामग्री लूट ले गए। वह उपरियों को भी उठा ले गए। पीड़ित का आरोप है सभी लोग मुंह बाधे हुए थे। आशा देवी को मारे पीटे। उनके कपड़े को भी फाड़ दिए। इस दौरान पीड़ित परिवार ने किसी तरह से वहा भाग कर जान बचाई। पीड़ीत का आरोप है कि घर में रखा भूसा चावल गेहूं व राशन भी उठा लें गये और धमकी दिए कि अगर किसी से बताएगी तो जान से मार देंगे। पूरा दलित परिवार दहशत में है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## ओलावृष्टि से गेहूं की फसल चौपट खेतों में बिछी फसल



मीरजापुर। जिले में हुई तेज ओलावृष्टि ने गेहूं की खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिले के लालगंज तहसील क्षेत्र के बरडीहा, निनवार उत्तर, सौरेह और मेढरा समेत कई गांवों में खेतों का मंजर पूरी तरह बदल गया है। जहां कुछ घंटे पहले तक लहलहाती फसल खड़ी थी। वहीं अब गेहूं की बालियां जमीन पर बिछी नजर आ रही हैं। बरडीहा के दयाशंकर मिश्र, रामपाल दुबे, कमलेश दुबे, गौरी शंकर मिश्रा, लालमणि पांडे, रमेश कुमार मिश्रा व सूर्यमणि मिश्रा की फसल पूरी तरह गिर गई है। खेतों में ओलों की मार से बालियां टूटकर जमीन पर बिखर गई हैं। निनवार उत्तर के लालमन पटेल, आद्या पटेल, बऊ पटेल व श्यामकांत पटेल के खेतों में भी यही हाल है। तेज हवा और ओलों के कारण फसल सीधी खड़ी नहीं रह सकी और पूरी तरह बिछ गई। सौरेह गांव के रामजी पाल, कन्हैयालाल पाल, केशव पाल, रामचरित्र पाल व कालीचरण पाल की गेहूं की फसल भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। खेतों में गिरी फसल पर ओलों की परत जमने से दाने खराब होने लगे हैं। मेढरा गांव निवासी धर्मराज पांडे, राकेश पांडे व चिंतामणि दुबे के अनुसार ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरी फसल जमीन पर गिर गई। कई जगहों पर बालियां टूटकर अलग हो गई हैं और खेतों में पानी भरने से सड़न की स्थिति बन गई है। क्षेत्र के अधिकांश खेतों में गेहूं की फसल या तो पूरी तरह गिर चुकी है या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष शिविर आज से

सोनभद्र। मुख्यमंत्री उ०प्र०सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर ग्राम पंचायतों में आयोजित कर कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा 1 अप्रैल को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से दिये गये निर्देश के क्रम में 6 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक नामित ग्राम पंचायत के सचिवालय में फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक / ए०टी०एम०/ बी०टी०एम०, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय लेखपाल, पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायक, पंचायत सचिव की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायतों में अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री मिशन मोड में बनायी जायेगी। सम्बंधित ग्राम प्रधान तथा कोटेदार द्वारा अवशेष कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सचिवालय में उपस्थिति सुनिश्चित करायी जायेगी जिससे अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनाया जा सकें। जिन कृषकों की खतौनी में नाम आधार से मिसमैच होने या आदेश कालम में होने से फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है उन कृषकों का नाम संशोधन हेतु अभिलेख क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्राप्त कर संशोधन की अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे कृषक विभिन्न योजनाओं यथा - प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसली ऋण, गुणवत्ता पूर्ण बीज एवं उर्वरक, फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय इत्यादि सहित अन्य योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त कर सकें। फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर में कृषि, राजस्व, पंचायत विभाग की संयुक्त टीम के माध्यम से ग्राम सचिवालय में अपने आधार मोबाईल नम्बर एवं खतौनी अभिलेख के साथ उपस्थित होकर अपना फार्मर रजिस्ट्री बनवाना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री न कराये जाने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त अवरूद्ध हो सकती है। उक्त आशय की जानकारी उप कृषि निदेशक वीरेन्द्र कुमार ने दी।

संक्षेप

## घायल युवक की तहरीर पर दो भाइयों पर केस दर्ज

गोसाईंगंज अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बीती रात्रि वाद-विवाद के दौरान दो भाइयों ने स्कार्पियो से एक युवक को रौंद कर जान से मारने का प्रयास किया।जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया। मामले में घायल युवक के पिता की तहरीर पर दोनो भाइयों के खिलाफ केस दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी। शेखपुरा (रामापुर) गांव निवासी हीराराम राजभर का कहना है कि वह और उसका पुत्र रवि राजभर आशाराम के घर पर गए थे।

वहां पर आशाराम के परिवार से गांव निवासी विकास वर्मा का वादविवाद हो रहा था।आरोप है कि इसी बीच विकास वर्मा ने अपने भाई संदीप वर्मा को फोन कर कहाकि स्कार्पियो लेकर आओ और इन राजभरों पर चढ़ा दो।जब एक दो मर जायेंगे तो दुबारा हम लोगो से लड़ाई नही करेंगे। थोड़ी देर में संदीप वर्मा स्कार्पियो लेकर पहुंचा और जान से मारने की नीयत से ऊपर चढ़ाने का प्रयास करने लगा।

# अमृत प्रयास समिट से विकसित देवरिया लोकसभा को नयी दिशा

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** विकसित देवरिया लोकसभा के संकल्प को साकार करने की दिशा में भाजपा सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र में ह्यअमृत प्रयास समिटह्ल का भव्य आयोजन किया गया। इस समिट ने जनभागीदारी, निवेश और नवाचार के समन्वय से क्षेत्रीय विकास की नई संभावनाओं को बल दिया।

सांसद शशांक मणि के आमंत्रण पर देश-विदेश से आए लगभग 40 उद्यमियों और निवेशकों ने समिट में भाग लिया। इस दौरान देवरिया और कुशीनगर में ह्यअमृत प्रयासह्ल के सात संकल्पों को आगे बढ़ाने तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने पर गहन मंथन किया गया।समिट के दूसरे सत्र में ह्यजनभागीदारीह्ल के तहत निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा आयोजित हुई। इसमें निवेश और साझेदारी पर आधारित मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और रोजगार सृजन के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर मैनकाइंड फार्मा के निदेशक शीतल अरोड़ा, टीसीएस की वसंथ प्रिया, बोस्टन कंसल्टींग ग्रुप के प्रतिनिधि, पीडब्ल्यूसी के संजय तोलिया, सीमेंस के काकती कौस्तव, गेट्स फाउंडेशन की निधि श्रीनिवास सहित कई प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं सरकार की ओर से सलाहकार के रूप में रिटायर्ड आईएएस चितरंजन खेतान, देवरिया की जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, कुशीनगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर तथा कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार ने भी अपने विचार साझा किए।

## स्थापना दिवस पर भाजपा महानगर आयोजित करेगा विभिन्न कार्यक्रम

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय सहादतगंज में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत 51 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वास्ति वाचन कराया जाएगा तथा विश्व कल्याण के निमित्त हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा।इसके साथ ही बस अड्डा स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, नगर निगम परिसर स्थित दीनदयाल उपाध्याय तथा जिला पंचायत कार्यालय स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। महानगर अध्यक्ष द्वारा कार्यकताओं से अपने-अपने घरों पर पार्टी ध्वज लगाने और सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का भी निर्देश दिया गया है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी कार्यालय सहादतगंज में एक बैठक आयोजित की गई।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**बहराइच ।** मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन,



राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि , आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# मानकों की उड़ाई जा रही है धज्जियां निष्पक्ष जांच की उठी मांग

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के खड्डा विकास खंड अन्तर्गत ग्रामसभा भुजौली बुजुर्ग स्थित दरोगा सिंह के टोला में काली मॉ मंदिर से कोतरहा नाला तक बन रही लगभग 200 मीटर लंबी आरसीसी सड़क अब सवालों के घेरे में है।सबब यह है कि विधायक निधि से हो रहा यह निर्माण कार्य

**● विधायक निधि की सड़क में 'घोटाले की बू' गंध,**

शुरूआत से ही विवादों में घिर गया है और मौके पर सामने आई अनियमितताओं ने पूरे निर्माण कार्य को कठघरे में खड़ा कर दिया है।ग्रामीणों की शिकायत पर सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार पाण्डेय ने स्थानीय लोगों के साथ जब निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आयी। ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी व गुणवत्ता का खुला मजाक बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव श्री पाण्डेय का कहना है कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जहां निर्माण में मोरंग और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल नही हो रहा है। बल्कि वहां नहर से निकली मिट्टी युक्त सिल्ट डाली जा रही है।इतना ही नहीं, पुराने खड़ंजे की ईंटों को बिना किसी वैधानिक नीलामी के दोबारा प्रयोग में लाया जा रहा है, जो नियमों की सीधी अनदेखी है। इसके अलावा नई ईंटों की गुणवत्ता भी बेहद खराब बताई जा रही है।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क के दोनों किनारों से ईंटें उखाड़कर उसकी चौड़ाई पहले से कम कर दी गई है, जिससे यह निर्माण कार्य सीधे तौर पर घटिया और संदेहास्पद नजर आ रहा है।

गिट्टी की सही ढंग से कुटाई तक नहीं की जा रही, जिससे सड़क की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मौके पर मौजूद मजदूरों ने भी चौंकाने वाला खुलासा किया। उनके अनुसार, कार्यदायी संस्था का कोई जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी साइट पर निगरानी के लिए नहीं आता है, जिसके वजह से पूरा काम मनमानी और बिना किसी तकनीकी देखरेख के कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति के माध्यम से यह निर्माण कराया जा रहा है, जिससे पूरे प्रोजेक्ट की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

इधर, निर्माण कार्य वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म है।विजय कुमार पाण्डेय ने पूरे प्रकरण को गंभीर वित्तीय अनियमितता करार देते हुए जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर को शिकायती पत्र सौंपकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।उन्होंने साफ कहा कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो यह मामला बड़े भ्रष्टाचार का रूप ले सकता है।

## अयोध्या मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**अयोध्या।** पं. दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत भाजपा अयोध्या मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न सांगठनिक विषयों पर पदाधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने संवाद, संपर्क और समन्वय की पद्धति को और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाने पर जोर दिया।

कार्यशाला में क्षेत्रीय संयोजक श्रीकृष्ण शास्त्री ने वैचारिक अधिष्ठान, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बूथ प्रबंधन, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने विचारधारा, विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विवेक सिंह ह्यमोनूह्ल ने सांगठनिक विकास, अभिषेक मिश्र ने इतिहास व विकास तथा भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

# विधान परिषद सदस्य महेंद्र यादव की श्रद्धांजलि सभा में टूटी दलीय सीमाएं

**देवरिया ।** विधान परिषद सदस्य महेंद्र यादव की श्रद्धांजलि सभा में दलीय सीमाएं टूट गई और सभी दलों के नेताओं कार्यकताओं उनके चाहने वाले हजारों लोगों ने आज उनके पैतृक गांव मुंडेरा पहुंचकर उन्हें नम आँखों से श्रद्धांजलि सभा मे उनकी सरलता विनम्रता सहजता की याद दिलाकर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।पूर्व विधान परिषद सदस्य महेंद्र यादव का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवन मे सहजता व सरलता के साथ समाज के सभी वर्गों के लोगों की मदद की। उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। यह बातें वक्ताओं ने पूर्व एमएलसी की याद में उनके गांव मुंडेरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। महेंद्र यादव का 24 मार्च को निधन हो गया था।वह देवरिया सदर के कई बार ब्लॉक प्रमुख, एमएलसी व भाजपा के



जिलाध्यक्ष भी रहे। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि महेंद्र यादव ने हमेशा दबे कुचले लोगों के लिए संघर्ष किया। उनका पूरा जीवन हम सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक है। विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडेय ने कहा कि वह समाज की समस्याओं को लेकर सजग रहते थे।सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि महेंद्र यादव का जीवन अनुकरणीय है। भाटपाररानी के विधायक सभाकुवर ने कहा कि किसी पीड़ित की मदद करने में उन्होंने कभी भेदभाव नहीं किया। लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने कहा कि उनका जीवन हम सभी को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। संचालन सनत पांडेय डब्बू ने किया। उनके पुत्र अभिषेक यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक व सपा नेता विनय शंकर तिवारी, पूर्व विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि, डॉ आशुतोष उपाध्याय, गंगा सिंह कुशवाहा, दीनानाथ कुशवाहा, काली प्रसाद, स्वामीनाथ यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्र, मार्कण्डेय शाही, विजय कुमार दूबे, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, कुशीनगर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह, प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि, व्यास यादव, धनन्जय राव, अंगद तिवारी, गोरखपुर के सपा नेता गोपाल यादव, राममिलन यादव, विजय बहादुर दूबे, विन्दा सिंह कुशवाहा, संजय तिवारी, अजय उपाध्याय, पूर्व प्रमुख विजय प्रताप यादव, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ दिलीप यादव, ईंट भट्ठा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अतुल सिंह, डॉ सतीश संजय राव, पूर्व सभासद दिनेश शुक्ल, सपा नेता अजय प्रताप सिंह पिंटू, मनोज यादव, विनीत तिवारी बंटी ,ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय,कैप्टन वीरेंद्र सिंह,आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज गुह की जयंती मनाई गई



जिला संवाददाता

**देवरिया ।** सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता में महर्षि कश्यप व निषाद राज गुह्य की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई ।इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज गुह्य का जीवन केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान समाज के लिए एक जीवंत प्रेरणा है।उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप ने समस्त सृष्टि को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया, वहीं महाराजा निषादराज गुह्य ने मित्रता, समर्पण और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन यह सिखाता है कि समाज का निर्माण समानता, सहयोग और आपसी सम्मान से ही संभव है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज के समय में जब समाज को बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब इन महापुरुषों के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी हमेशा से वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। पार्टी का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाना है।उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा ₹समान अवसर, समान अधिकार और सामाजिक न्याय₹ के सिद्धांत पर आधारित है। महर्षि कश्यप और निषादराज गुह्य के आदर्श हमें यही संदेश देते हैं कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।

हमें एकजुट होकर ऐसी व्यवस्था बनानी है जहां हर वर्ग को सम्मान और भागीदारी मिले। व्यास यादव ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इन महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी इन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और अधिक मजबूती से कार्य करेगी।कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए समाज में भाईचारा, समानता एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

अंत में जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने सभी उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी।कार्यक्रम में मुख्य रूप में पूर्व . विधायक दीनानाथ कुशवाहा, हृदय नारायण जायसवाल, लक्ष्मण निषाद, रामकांत निषाद, प्रो. संतोष यादव, प्रो. अभय यादव, दीना चौधरी, सुनैना सिंह कुशवाहा, संगीता कुशवाहा, रमेश यादव, गिरीश जायसवाल, अमरेंद्र यादव, राजनाथ यादव, हरेंद्र कुमार, पवन कुमार यादव, दिनेश भारती, अर्जुन यादव, ऋषिकेश यादव,श्याम सुंदर निषाद, रामनारायण यादव, प्रिंस कुशवाहा, गजेंद्र भारती, सहित आदि लोग मौजूद रहे!

## बढ़ती महंगाई ,गरीबी व भ्रष्टाचार से जनता परेशानः एस.एन. बागी

**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अयोध्यानगरी की जन समस्याओं को लेकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपेगी तथा पार्टी अपने जन संगठनों को मजबूत करने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाएगी। उक्त निर्णय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ब्रांच कमेटी की अयोध्या सेवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी नगर अयोध्या में सम्पन्न हुई बैठक में लिए गए।सदस्य का0 सम्पूर्णानन्द बागी ने कहा कि आज देश में बढ़ती महंगाई ,गरीबी, भ्रष्टाचार महंगी होती जा रही शिक्षा और चिकित्सा तथा बेरोजगारी के अतिरिक्त वर्तमान में गैस व पेट्रोलियम पदार्थ के कीमतों में की गई वृद्धि , गैस सिलेंडर के मिलने में हो रही दिक्कतें गंभीर समस्या बनी हुई हैं। यदि सभी गैस एजेंसियां पूर्व की भांति होम डिलीवरी करना शुरू कर दें तो समस्या का निदान अपने आप हो सकता है।

गैस सिलेंडर लोगों को आसानी से नहीं मिल पा रहे हैं जिससे घरों में चूल्हे नहीं जल रहे हैं,इससे प्रशासन को सख्ती से निपटना चाहिए।

## अनामिका से विधायक ने की मुलाकात

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) में चैथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली साकेत पुरी निवासी अनामिका मिश्र से नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की और शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेसियों ने मनायी जगजीवन राम की जयंती



**देवरिया ।** टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की आज जयंती है,संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण बेमिसाल रही है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषित और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम जी द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत महोली - सीतापुर

पत्रांक :08/न०पं०महोली/अल्प. ई - निविदा सूचना / 2026-27 दिनांकः 04/04/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत महोली में कार्य करने के इच्छुक समस्त अनुभवी ठेकेदारो / फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वीं वित्त टाइड एवं अनटाइड ग्रान्ट की द्वितीय किश्त के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदायें दिनांक 20.04.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा मूल्य तथा 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि (FDR) अथवा नकद नगर पंचायत महोली के खाता सं0 0776000100285550 IFSC CODE PUNB0077600 में जमा कर जमा रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | 06/04/2026 (02:00 PM) | - |
| 02 | Tender Download | 06/04/2026 (02:00 PM) | - |
| 03 | Bid Submission | 06/04/2026 (02:00 PM) | 20/04/2026 (04:00 PM) |
| 04 | Bid Opening | 20/04/2026 (02:00 PM) | - |
| | Bid Opening Place | Nagar Panchayat Maholi, Distt. Sitapur | |

(राम कृष्ण वर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोली सीतापुर

(केतुका)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महोली सीतापुर


# विभिन्न जगहों पर आयोजित किया गया भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान

जिला संवाददाता

**देवरिया ।** रविवार, भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया । सात सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण महाअभियान के सभी सत्रों को वक्ताओं ने संबोधित किया ।

क्षेत्र के कतरारी में स्थित एक मैरेज हाल में देवरिया नगर मंडल के प्रशिक्षण अभियान में कार्य विस्तार पर हमारी दृष्टि विषय पर संबोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि भाजपा संगठन का कार्य विस्तार बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक एक कैडर-आधारित संरचना पर आधारित है, जिसका मुख्य उद्देश्य ₹राष्ट्र प्रथम₹ के संकल्प के साथ जनसंपर्क, विचारधारा का प्रसार और चुनावी प्रबंधन को मजबूत करना है। यह संरचना भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाती है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से प्रेरित है। सेवा ही संगठन' के मंत्र के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना, जनसंपर्क अभियान और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हमारी सेवा भाव को प्रतिबिंबित करता है ।इस दौरान इतिहास एवं विकास विषय पर बोलते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर



**● राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करें कार्यकर्ता : शशांक मणि**

मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए।सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने सरकार की उपलब्धियों पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया गया, अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण किया गया । उन्होंने कहा मुस्लिम बहनों की दशा को देखते हुए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का काम भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने किया । गांव से लेकर शहरों तक सड़कों का जाल बिछाकर आवागमन को सुगम बनाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया । तमाम पौराणिक मंदिरों को कारीडोर के रूप में परिवर्तित करने का काम केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने किया है ।स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सरकार में काफी सराहनीय कार्य किए गए हैं । प्रशिक्षण महाअभियान के छठवें सत्र सोशल मीडिया पर प्रदेश प्रवक्ता एस एन सिंह ने संबोधित किया।इस दौरान पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, अभय नाथ त्रिपाठी, प्रेम अग्रवाल, अखिलेश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह, संजय तिवारी, भारती शर्मा, अर्चना पांडे, अजय मणि त्रिपाठी, निर्मला गौतम, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, अटल बरनवाल, अजय सिंह, संजू सोनी, रविंद्र राव, विजय लक्ष्मी सिंह, सुधीर मधेशिया, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, अमन वर्मा, दीपू यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रंप की युद्ध नीति

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप जिस तरह ईरान के साथ युद्ध को लेकर हर दिन अपने बयान बदलते हैं, कभी होर्मुज खुलवाने की बात करते हैं कहीं पल्ला झाड़ लेते हैं। बार-बार धमकी के साथ बैक टू बैक अल्टीमेटम देते हैं लेकिन साथ ही जल्द युद्ध समाप्त होने की बात भी करते हैं। इससे लगता है कि यह ट्रंप की रणनीति है। वह दुश्मन को भ्रमित कर अमरीका के सामरिक लक्ष्यों को हासिल करना चाहते हैं। वैसे भी अगर ईरान से अमरीका हारकर या बिना लक्ष्य हासिल किये लौटेगा तो इससे ब्रॉड अमरीका को गहरा झटका लगेगा। इसलिए भले ही अमरीका ईरान में फंस गया हो, लेकिन हार मानकर लौटेगा इसकी संभावना बहुत कम है। ट्रंप के बयानों और उनके बहु प्रचारित संबोधन में भी यही संकेत मिला। राष्ट्रपति ट्रंप ने अमरीका को संबोधित करते हुए यह निष्कर्ष दिया है कि अभी ईरान के खिलाफ जंग जारी रहेगी। आगामी 2-3 हफ्ते में ईरान पर भीषण हमला किया जाएगा और जल्द ही अमरीका अपने लक्ष्य हासिल कर लेगा। ट्रंप ने फिर वहीं पुराना और बार-बार कहा जा चुका बयान दोहराया कि हमने ईरान की वायुसेना, नौसेना, मिसाइल-ड्रोन क्षमताएं नष्ट कर दी हैं। यहां तक कि उसके परमाणु ठिकाने भी तबाह कर दिए हैं। अब ईरान परमाणु बम नहीं बना सकता। ईरान के सभी बड़े नेता मार दिए गए हैं। यदि ईरान परमाणु बम बना लेता, तो वह अमरीका-इजरायल के लिए मौत साबित होता। दरअसल जो गलतियां पुराने राष्ट्रपतियों ने की थीं, मैं उन्हें ठीक कर रहा हूं। इस संदर्भ में राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि द्वितीय विश्व युद्ध 3 साल 8 माह से अधिक और वियतनाम युद्ध 19 साल से अधिक समय तक लड़े गये। ईरान युद्ध को अभी 32-33 दिन ही बीते हैं और हमने लगभग सभी लक्ष्य पूरे कर लिए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने



यह भी दोहराया कि अमरीका युद्ध खत्म करने के बेहद करीब है। हमारी अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। गैस उत्पादन में अमरीका नंबर वन है। हमें तेल के लिए होर्मुज स्ट्रेट की जरूरत नहीं है। जिन्हें तेल-गैस की किल्लत है, जरूरत है, वे खुद होर्मुज जाएं। अलबत्ता हमसे तेल खरीदें, क्योंकि अमरीका के पास बहुत कच्चा तेल है। ट्रंप ने अपने राष्ट्रीय संबोधन का सारांश यह दिया है कि ईरान के खिलाफ जंग जारी रहेगी। गौरतलब यह है कि अमरीका-ईरान युद्ध पर अभी तक करीब 30 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। ट्रंप ने 200 अरब डॉलर (करीब 19 लाख करोड़ रुपये) का अतिरिक्त बजट मांगा है, लेकिन अमरीकी कांग्रेस फिलहाल उसे पारित करने के मूड में नहीं है। अमरीका का युद्ध पर हर रोज का औसतन खर्च 9400 करोड़ रुपये का है। अमरीका में पेट्रोल के दाम 4.06 डॉलर प्रति गैलन के स्तर को छू चुके हैं। इस पर ही हाहाकार मचा है, क्योंकि यह बढ़ोतरी अभूतपूर्व है। ईरान में महंगाई दर 50.6 फीसदी है। यह अकल्पनीय है। अनाज की कीमतें 140 फीसदी और डेयरी उत्पादों की कीमतें 117 फीसदी बढ़ गई हैं। रोजमर्रा की सभी वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। वस्तुओं की उपलब्धता पर ही सवालिया निशान है। क्या राष्ट्रपति ट्रंप का कोई वैश्विक सरोकार नहीं है? इजरायल की अर्थव्यवस्था का तो कचूमर निकल चुका है। वह तो 1.20 करोड़ की आबादी का छोटा-सा देश है। इजरायल को हर हफ्ते 1.6 अरब डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ भी जनता सड़कों पर उतरती रहती है। यदि की बात की जाये, तो लाखों भारतीयों को खाड़ी देश छोड़ कर भारत लौटना पड़ा है। दुबई की अति सुरक्षित वाली छवि भी खंडित हुई है। खाड़ी देशों से लाखों भारतीय लौट आये हैं। इससे नया आर्थिक संकट सामने होगा। खाड़ी में युद्ध के कारण देश में महंगाई बढ़ेगी, विकास धीमा पड़ जायेगा, बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ेगी। रेमिटेंस घटेगा इससे विदेशी मुद्रा भंडार गिरेगा और इसका प्रतिकूल असर रुपये की स्थिरता पर पड़ेगा। कुल मिलाकर ट्रंप के युद्धोन्माद की कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ रही है।

### विचार

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

# उम्मीदों से भरी दोस्ती की नयी शुरुआत



मनोज बाजपेयी

> व्यापक आर्थिक साझेदारी जैसे समझौते भविष्य में भारत-कनाडा के मध्य स्थिर, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक साझेदारी की मजबूत नींव बनायेंगे। यदि दोनों देशों के नेतृत्व इस दिशा में दृढ़ रहते हैं, तो भारत-कनाडा संबंधों की यह नई पारी उम्मीदों से भरी होगी।

भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और इस कारण भारत से बड़ी संख्या में कामगार, प्रोफेशनल्स, इंजीनियर, चिकित्सक दुनिया भर में जाते हैं। इससे उनको उच्च क्वालिटी का रोजगार मिलता है और भारत को बड़ी मात्रा में या कहें दुनिया में सबसे अधिक रेमिटेंस। इसके साथ ही भारत की संस्कृति, विचार, भाषा और परंपराओं का प्रसार भी दुनिया भर में होता है। लेकिन कई बार दूसरे देशों के साथ नेताओं की कूटनीतिक नादानी के कारण रिश्ते भी खराब हो जाते हैं। जैसे पिछले साल कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ट्रूडो की बचकानी सियासत के कारण भारत के रिश्ते बहुत खराब हो गये थे। कनाडा भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। कनाडा हर दृष्टि से बहुत ही सम्पन्न देश है और इस कारण भारत के संबंध अगर मधुर रहते हैं तो भारत को कई तरह के फायदे कनाडा से होते हैं।

पिछले वर्ष 2025 के आखिर तक कनाडा में लगभग 20 लाख (2 मिलियन) से अधिक भारतीय मूल के निवासियों के होने का अनुमान था। कनाडा में भारतीयों का इतिहास 19वीं सदी के अंत में शुरू हुआ, जब मुख्य रूप से पंजाब से सिख अप्रवासी ब्रिटिश कोलंबिया में काम करने गये। नस्लीय भेदभाव जैसे कामागाटा मारू कांड 1914 का सामना करने के बावजूद, भारतीय समुदाय ने खुद को वहां स्थापित किया और आज भारतीय मूल के नागरिक कनाडा की आबादी का एक प्रमुख, शिक्षित और प्रभावशाली हिस्सा बन गये। पिछले कुछ वर्षों में भारत और कनाडा के संबंध उथल-पुथल के दौर से गुजरे हैं। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में यह असाधारण नहीं है कि राष्ट्रों के बीच मतभेद उत्पन्न न हों, परंतु परिपक्व नेतृत्व की कसौटी इस बात से तय होती है कि वे मतभेदों को स्थायी दरार बनने से कैसे रोकते हैं। हाल के घटनाक्रमों ने संकेत दिया है कि दोनों देश अब अतीत की कटुता से आगे बढ़कर एक संतुलित, व्यावहारिक और परिणामोन्मुख साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की फरवरी में भारत यात्रा और नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी विस्तृत वार्ता ने संबंधों में



सुधारों का संदेश दिया है। यदि थोड़ा पीछे की ओर जाएं तो वर्ष 2023 में उपजे विवादों ने द्विपक्षीय संबंधों को स्पष्ट रूप से प्रभावित किया था। सार्वजनिक आरोप-प्रत्यारोप, राजनयिक स्तर पर सख्ती और वीजा प्रक्रियाओं में आई जटिलताओं ने दोनों देशों के बीच विश्वास की लय को बाधित किया था।

### भारत-कनाडा संबंध

इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उन लाखों भारतीय मूल के लोगों, विद्यार्थियों, पर्यटकों और पेशेवरों पर पड़ा, जिनके लिए कनाडा शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों की भूमि रहा है। पिछले तीन वर्षों में पर्यटन वीजा के आवेदनों पर अस्वीकृतियों और प्रशासनिक विलंब ने भारत के हजारों कनाडा जाने वाले भारतीयों की उम्मीदों पर पानी फेरा है। हालांकि 2024 में, 3.74 लाख व्यक्तियों को कनाडाई नागरिकता प्रदान की गई, जिनमें से 23 फीसदी भारतीय नागरिक थे, जिनकी कुल संख्या 87812 थी। ऐसे परिदृश्य में उच्च स्तरीय संवाद की शुरूआत केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास-निर्माण की आवश्यकता बन गई थी। इसी पृष्ठभूमि में दोनों प्रधानमंत्रियों की वार्ता ने यह स्पष्ट किया कि अतीत की असहमतियों को भविष्य की संभावनाओं पर हावी नहीं होने दिया जाएगा। 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इसी नई सोच का द्योतक है।

भारत आज विश्व की तीव्र गति से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है, जबकि कनाडा संसाधन-संपन्न, तकनीकी दक्ष और स्थिर संस्थागत ढांचे वाला देश है। यदि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को समयबद्ध रूप से अंतिम रूप दिया जाता है, तो कृषि, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों का विस्तार संभव है। इसलिए यह आवश्यक है कि व्यापारिक अवरोधों में कमी लाकर और निवेश को बढ़ावा देकर दोनों देशों के उद्योग जगत को दीर्घकालिक भरोसा प्रदान किया जाए। इस नई साझेदारी में ऊर्जा सहयोग सबसे ठोस और दूरगामी आयाम बनकर उभरा है। ऐसे में कनाडा की अग्रणी कंपनी कैमको के साथ 2.6 अरब डॉलर का यूरेनियम आपूर्ति समझौता भारत की असैन्य परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा।

2027 से 2035 तक प्रस्तावित आपूर्ति भारत की ऊर्जा सुरक्षा को स्थिरता प्रदान करेगी और स्वच्छ ऊर्जा को गति देगी। अमरीका-इजराइल बनाम ईरान युद्ध के दृष्टिगत ऊर्जा सुरक्षा आज किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए प्राथमिक गारंटी बन चुकी है और इस संदर्भ में यह करार दीर्घकालिक महत्व रखता है। महत्वपूर्ण खनिजों और रेयर अर्थ तत्वों के क्षेत्र में सहयोग भी समान रूप से रणनीतिक है। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा भंडारण और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों की वैश्विक मांग से इन संसाधनों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। कनाडा के विशाल खनिज भंडार और भारत की बढ़ती विनिर्माण क्षमता एक दूसरे की पूरक बन सकते हैं। हालांकि इन सकारात्मक संकेतों के साथ कुछ यथार्थपरक चुनौतियां भी विद्यमान हैं। वीजा नीतियों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक बन चुका है। आव्रजन नीतियों में संतुलन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में स्पष्टता और मानवीय दृष्टिकोण इस रिश्ते की सामाजिक धुरी को सुदृढ़ करेंगे। इसी बीच कनाडा में बसने का सपना देखने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। मार्क कार्नी की सरकार ने एक नया इमिग्रेशन का दरवाजा खोला है जिससे देश में पहले से मौजूद 33000 अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। यह जानकारी इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा की इमिग्रेशन पर संसद को 2025 की एनुअल रिपोर्ट में दी गई है। इसी तरह कनाडा ने भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के मौकों को बढ़ाने के लिए 100 मिलियन डॉलर का स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इसका मकसद दोनों देशों के बीच शैक्षणिक सहयोग और रिसर्च में साझेदारी को मजबूत करना है।

आज जब वैश्विक परिदृश्य आर्थिक अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों और भू-राजनीतिक तनावों से घिरा है, तब भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्रों के लिए सहयोग का मार्ग अधिक सार्थक प्रतीत होता है। व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के बहुआयामी आयाम इस संबंध को व्यापक आधार प्रदान करते हैं। यदि घोषित लक्ष्यों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से लागू किया जाता है, तो 50 अरब डॉलर का व्यापारिक लक्ष्य और ऊर्जा, रणनीतिक साझेदारी ठोस उपलब्धियों में परिवर्तित हो सकती है। अंततः सीईपीए जैसे समझौते भविष्य में भारत-कनाडा के मध्य स्थिर, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक साझेदारी की मजबूत नींव स्थापित करेंगे। यदि दोनों नेतृत्व इस दिशा में दृढ़ रहते हैं, तो भारत-कनाडा संबंधों की यह नई पारी उम्मीदों से भरी है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

### सोशल मीडिया

बिजली कंपनियों को पहले से भुगतान करने के बावजूद बिजली के लिए भटक रहे लोग प्री पेड पीड़ित कहे जाते हैं। इनमें भी सबसे अधिक दिक्कतें किरायेदारों को होती है। अखिलेश यादव.



बदलता हुआ गोरखपुर आज स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी एक नयी पहचान स्थापित कर रहा है, माफिया मुक्त यूपी में व्यापारी सुरक्षित हैं, बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रहीं। सीएम योगी.



जब आदमी ईमानदारी से काम करता तो उसके परिणाम भी बेहतर आते हैं, इसलिए आप लोगों को मेरी राय है कि आप लोग भी अपना समय व्यर्थ न व्यर्थ न गवायें, काम करें। मायावती.



## कालजयी विचार

विचार कालजयी होते हैं और यह समाज और मस्तिष्क को गहरे से प्रभावित करते हैं। व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तामन की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं।

अंतर्दृष्टि

दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है। श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

## सरकार गिराने की चाल

व्यंग्यलोक


मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले- घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है।



पूरन सरमा

मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ। मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

## गायब होने के कगार पर है 'शाही कठफोड़वा' पक्षी



वन्य जीवन

एक समय था, जब ये हरीभरी धरती रंग-बिरंगे पक्षियों से गुलजार थी। लेकिन पिछली एक शताब्दी में शिकारियों ने, तस्करों ने, बदले हुए पारिस्थितिकी ने, ग्लोबल वार्मिंग ने और ग्रीन हाउस गैसों ने पक्षियों का जीना हराम कर दिया है। पिछले सौ सालों में धरती से अगर सबसे ज्यादा कोई जीव प्रजाति गायब हुई है, तो वे पक्षी हैं। अब तक पूरी दुनिया से 10 लाख से ज्यादा वन्यजीव प्रजातियां या तो गायब हो चुकी हैं या इसके कगार पर पहुंच गई हैं। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा खतरे की तलवार रैप्टर और बत्तखों की विभिन्न प्रजातियों पर लटक रही है। लेकिन हाल के दिनों में तेजी से गायब होती गौरैय्या और कठफोड़वा खासकर शाही कठफोड़वा भी इसी संकट से जूझते पाए गए हैं। भारत में पिछले एक दशक में जो करीब 1400 पक्षी प्रजातियां गायब हो गई हैं या गंभीर स्थिति में पहुंच गई हैं, उनमें सबसे ज्यादा मैदानी इलाकों में अपनी उपस्थिति से वातावरण को गुलजार करने वाले रंग-बिरंगे पक्षी हैं। कठफोड़वा भी इनमें से ही एक है। एक जमाना था जब हम अपने आसपास कभी न कभी इस विशेष योद्धा पक्षी को कठोर पेड़ों के तनों से मुठभेड़ करते हुए देख लेते थे, उसकी रंग-बिरंगे शाही चोंच और एक खास खनकभरी आवाज से इलाका गूंजता रहता था, लेकिन अब ये कठफोड़वा शायद ही किसी भाग्यशाली को दिखता हो। भारत में 32 कठफोड़वा प्रजातियां हैं, लेकिन इनमें सबसे खास और दुर्लभ प्रजाति शाही कठफोड़वा की है, जो मैक्सिको के कैम्पेफिलस इम्पीरियलिस प्रजाति का ही विस्तार है। मगर अब बहुत मुश्किल से ही देखने को मिलता है। वास्तव में यह शाही कठफोड़वा बेखौफ अंदाज में पेड़ों के कठोर से कठोर तनों पर चोंच मारने, उसमें छेद कर देने और फिर एक गहरी लय के साथ अपनी निकाली गई आवाज के लिए जाना जाता है। सभी कठफोड़वा ज्यादातर समय पेड़ के तनों पर ही रहते हैं और कीड़ों को खोजने के लिए पेड़ों-पेड़ों का चक्कर लगाते हैं। ये कठफोड़वा आराम से अपने रहने के लिए शानदार घोंसला बनाते हैं। इनका घोंसला पेड़ों के तनों में चोंच से मार मारकर बनाया गया घोंसला होता है। यह गर्मी, सर्दी, बारिश और आंधी से पूरी तरह से सुरक्षित होता है। बस इनके घोंसलों में सांप के घुसने की ही आशंका रहती है, जो इनके अंडों को खा जाता है। इस समय जिस कठफोड़वा को लेकर पक्षी विशेषज्ञों में सबसे ज्यादा चिंता जतायी जा रही है, वह वास्तव में यही शाही कठफोड़वा है। माना जाता है कि भारत में अब मुश्किल से दो तीन दर्जन ही ये कठफोड़वा बचे हैं। पहले पूरे मैक्सिको के जंगलों में यह कठफोड़वा प्रजाति भरपूर रूप से पायी जाती थी, लेकिन वनों की कटाई और अंधाधुंध शिकारियों द्वारा इनका किया गया शिकार अब मैक्सिको में भी इसे लगभग विलुप्त कर दिया है। दुनिया की जो सबसे ज्यादा संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियां हैं, उनमें कठफोड़वा भी आता है। इनके अलावा साइबेरियन सफेद क्रेन जैसा प्रवासी पक्षी भी संकट में है। कठफोड़वा को तो लेकर यहां तक आशंकाएं जतायी जा रही हैं कि विशेष हाथी दांत वाला कठफोड़वा तो अब शायद गायब ही हो चुका है। क्योंकि यह सबसे ज्यादा अमरीका के लुईसियाना में हुआ करता था, लेकिन अब वहां यह एक भी देखने को नहीं मिल रहा। भारत में कठफोड़वा की जो कई प्रजातियां खतरे से घिरी हुई हैं, उसमें सफेद और काली चोंच वाले तथा लाल और पीली कलगी वाले कठफोड़वा सबसे ज्यादा संकट में है। गौरतलब है कि कठफोड़वों की पायी जाने वाली सभी प्रजातियां बेहद रंग-बिरंगी होती हैं। सब प्रजातियों की चोंच में थोड़ा बहुत फर्क है और इसी की बदौलत इनकी पहचान और वर्गीकरण होता है। ग्रेट स्लेटी से लेकर सबसे छोटी पिक्यूलेट्स तक और सबसे आम ब्लैक-रम्प्डसे फ्लेमबैक लेकर सबसे दुर्लभ अंडमान की कठफोड़वा प्रजातियां तक सबकी सब संकट में हैं। दुनियाभर में कठफोड़वा 180 प्रजातियों के पाये जाते हैं, लेकिन अब पूरी दुनिया में कोई 27-28 प्रजातियां ही बची हैं। कठफोड़वा सबसे सुंदर पक्षियों में से एक है। यह काफी खुशमिजाज पक्षी भी माना जाता है क्योंकि अकसर ये सूखे तने में चोंच मार मारकर थक जाता है तो लंबी सांस लेकर लय में आवाज निकालता है। लेकिन यह खुशमिजाज पक्षी अब धीरे-धीरे लुप्त हो रहा है।

इमेज.

## आप की बात

### जलवायु परिवर्तन

जलवायु परिवर्तन का संकट अब सीधे-सीधे मानव समाज के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसलिए इससे निपटने, लोगों को जागरूक करने और सरकार के नियोजित प्रयासों की तुरंत जरूरत है। देश के कई इलाके जलवायु परिवर्तन के शिकार हैं सो संबंधित राज्यों को समय रहते इससे पैदा होने वाले खतरों से निपटने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, लेकिन इस संदर्भ में विशेष चेतना तथा कार्य प्राथमिकता बहुत कम राज्यों में दिखती है। लगभग सभी राज्यों के पास कथित तौर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने की ठोस योजनाएं है। बेशक कोई राज्य अतिवृष्टि, बाढ़ से अधिक प्रभावित होता है तो कोई सूखे, लू, बर्फबारी, भूस्खलन से, किसी को कोई अन्य पर्यावरणीय परेशानी है, सबब यह कि राज्यों की नीतियां भी उनके अनुरूप बनाई गई हैं। मगर जलवायु परिवर्तन एक मूल कारण है और बाकी उसके लक्षण, प्रकार या विभेद। राज्यों को प्रकार और विभेदों से निपटने की रणनीति के साथ मूल समस्या से लड़ने की भी मजबूत योजना बनानी होगी। लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे के इतने नजदीक आने के बावजूद ज्यादातर राज्य अपनी योजनाओं को लेकर बस कदमताल करते दिखते हैं। उन्हें अपने ही निर्धारित क्लाइमेट एजेंडा की गंभीरता के प्रति बहुधा उदासीन देखा गया है। वन हरित क्षेत्र को दूने से ज्यादा बढ़ाना, राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाबों और सूख चुके जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्राकृतिक वैकल्पिक समाधान देना, इनमें कितने राज्य सफल हो पाए। रसायन एवं खाद्य उद्योग में बायोमास, कोयला, बिजली, गैस फीडस्टाक, हाईड्रोजन, रिफाइंड लिक्विड आदि की वास्तविक खपत विभिन्न उद्योंगों में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल संबंधी आंकड़े और तय समय में उसकी कमी कौन आंक रहा है। ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में अधिकांश राज्यों का प्रदर्शन बहुत प्रशंसनीय नहीं है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, जलवायु परिवर्तन संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम और शैक्षणिक संस्थानों में क्षेत्र की जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव पढ़ाना हो या मवेशियों, पालतू पशुओं पर इसके प्रतिकूल प्रभावों पर व्यापक शोध कराना, कौन सा राज्य किस स्तर पर कर रहा है यह जांचने से निराशा हाथ लग सकती है। ग्लोबल वार्मिंग के संकट को टालने के लिए अब ईमानदारी से और दूरगामी प्रयास की जरूरत है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### युवाओं का शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## कुएं में गिरे ग्रामीण को पुलिस के जांबाज जवान ने बचाया

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक युवक गहरे कुएं में गिरकर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। सूचना मिलते ही डायल-112 की पीआरवी टीम ने मौके पर पहुंचकर साहस और तत्परता का परिचय देते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना ग्राम सौरई की है, जहां करीब तीस वर्षीय हाकिम पुत्र हरिराम अचानक कुएं में गिर गया। कुएं की गहराई और स्थिति को देखते हुए युवक की जान पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था। जैसे ही घटना की सूचना पीआरवी-2608 को मिली, टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंच गई और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हालात की गंभीरता को समझते हुए पीआरवी पर तैनात होमगार्ड मंगल सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना साहसिक निर्णय लिया और ग्रामीणों की मदद से खुद कुएं में उतर गए। कठिन परिस्थितियों के बीच उन्होंने सूझबूझ और हिम्मत का परिचय देते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के बाद घायल युवक को तुरंत पीआरवी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस साहसिक कार्य को देखकर गांव में मौजूद लोगों ने पुलिस टीम की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर पुलिस समय पर न पहुंचती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र के सुनौरी में 14 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में सवार की मौत हो गई। अज्ञात चालक ने लापरवाही से अपनी बाइक चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पीड़ित गढ्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक रामप्रसाद रैकवार के पुत्र ग्राम अचर्रा (टपरियन), मोहनगढ़, टीकमगढ़ (म.प्र.) के निवासी थे। वे अपनी मोटरसाइकिल पर गांव से तालबेहट आ रहे थे। भज्जू विश्वकर्मा के डिब्बे के पास पूराकलां की ओर से आ रही मोटरसाइकिल के अज्ञात चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से रामप्रसाद मोटरसाइकिल समेत गढ़्ढे में गिर पड़े।

गांववालों ने तुरंत मदद की और उन्हें तालबेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव 15 मार्च 2026 को ललितपुर मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम कराया गया। घटना के समय मृतक की पत्नी अंजू रैकवार अंतिम संस्कार और तेरहवीं में व्यस्त थीं, इसलिए उन्होंने तीन सप्ताह बाद 4 अप्रैल को तालबेहट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तेज आंधी, बारिश से फसलों का काफी नुकसान, किसान परेशान



जिला संवाददाता

**बांदा।** जिले में शनिवार की शाम को तेज आंधी के बीच बारिश हुई और यह सिलसिला रात भर चलता रहा। बेमौसम बारिस ने किसानो की चिंताएं बढ़ा दी है। दैवीय आपदाओं से परेशान किसानों का कहना है कि खेती किसानी महज घाटे का सौदा साबित हो रही है। हाड़ तोड़ मेहनत करने के बावजूद उदरपूर्ति के लिए भी पर्याप्त खेतो से उपज नही ले पाते है।

सदर तहसील, बबेरू, नरैनी व अतर्रा तहसील में हुई बारिस से किसान परेशान है। बदौसा, फतेहगंज क्षेत्र के गांव महुई, कुलसारी, कल्यानपुर, कुरहु, संग्रामपुर, आदि गांव के किसान रामहित, नरेंद्र पटेल, रमेश बर्मा, मुन्ना मिश्रा, चन्द्रशेखर पटेल, सुदर्शन पटेल, खेलावन यादव आदि ने बताया कि हमारे क्षेत्रीय गांवो की ज्यादातर भूमि आसमानी वर्षा पर निर्भर हैं, यहाँ का किसान एक फसल गेंहू, अरहर, सरसो, चना आदि फसलों पर पूरी तरह निर्भर रहता है।

लगातार मौसम के उतार चढ़ाव के कारण किसान रात दिन खेतो में अपने पूरे परिवार के साथ फसल कटाई में लगा है। गुरुवार से लगातार पुरवाई हवाओ के बीच आसमान में छाए बादल किसानों की चिंता का कारण बन कर रह गई है। अंतिम चरण में चल रही फसल कटाई के दौरान शनिवार की रात और रविवार की शुबह हुई बारिस ने किसानों के होश ही उड़ा दिए। खेतो में कटी फसले एक खेत से दूसरे खेत मे उड़ गई और तेज वारिस से पूरी तरह भीग गई।

किसानों का मानना है कि रात और शबेरे हुई वारिस से फसलों में एक चैथाई नुकसान होने की आशंका है। किसानों ने बेमौसम बारिश से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।

# फर्जी चौहद्दी कागजी हेराफेरी और झूठे मुकदमों के सहारे जमीन कब्जाने के गंभीर आरोप

ललितपुर। मड़ावरा क्षेत्र में एक गरीब किसान की जमीन से जुड़ा मामला सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और चिंता का माहौल है। ग्राम मड़ावरा निवासी लखन सिंह पुत्र मंगल सिंह ने आरोप लगाया है कि उसकी जमीन को सुनियोजित तरीके से कागजी हेराफेरी और दबंगई के बल पर हड़प लिया गया है। पीड़ित के अनुसार आराजी संख्या 1285 से 1289 तक में उसकी वैध हिस्सेदारी थी, लेकिन आरोपी सुखदयाल पाल उर्फ सुकन पाल ने गलत चैहद्दी दर्शाकर जमीन पर कब्जा कर लिया और उसके हिस्से की जमीन को बेच दिया। लखन सिंह ने बताया कि विरोध करने पर उसे लगातार धमकाया गया और दो बार फर्जी मुकदमों में फंसाकर मानसिक रूप से तोड़ा गया। इन मुकदमों के कारण वह दर-दर भटकता रहा और उसके परिवार को भारी परेशानी उठानी पड़ी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी और उसके पुत्र दबंग प्रवृत्ति के हैं और पैसे व प्रभाव के दम पर लोगों को चुप करा देते हैं, जिससे कोई खुलकर विरोध नहीं कर पाता। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि सुखदयाल पाल पहले साधारण पल्लेदार का कार्य करता था, लेकिन चकबंदी के दौरान कथित कागजी हेराफेरी कर उसने दर्जनों एकड़ जमीन अपने कब्जे में कर ली और बाद में उसे टुकड़ों में बेचकर बड़ा आर्थिक साम्राज्य खड़ा कर लिया। आरोप है कि इसी तरीके से वर्षों से जमीनों की खरीद फरोख्त और कब्जे का सिलसिला चलता रहा, जिससे कई लोग प्रभावित हुए हैं। पीड़ित किसान का कहना है कि आरोपी के खिलाफ कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसके हौसले लगातार बढ़ते गए। धमकियों और दबाव के कारण क्षेत्र के लोग भी खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। इस पूरे मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था और जमीन से जुड़े रिकॉर्ड की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी जमीन को मुक्त कराया जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और आरोपी व उसके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य व्यक्ति के साथ इस प्रकार की घटना न हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में यह मामला मंडल आयुक्त झांसी बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मुहम्मद मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी शैलेंद्र चैधरी, तहसीलदार मनोज कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष उठाया गया, जहां जिलाधकारी ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में एक और गिरफ्तार, बैनामा लेखक से पूछताछ जरूरी

**बांदा।** फर्जी जमीन रजिस्ट्री मामले के रैकेट के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दुरेड़ी मोड़ के पास से मटौंध पुलिस ने की है। आरोपी रिजवान खान पुत्र जमाल खान जरैली कोठी थाना कोतवाली नगर का निवासी है।

इस मामले की रिपोर्ट बीती 12 फरवरी को थाना मटौंध में दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता देविया पुत्र चैतुआ निवासी खुटला थाना कोतवाली नगर ने बताया कि 6 अगस्त 2025 को कुछ लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से कूटरचित दस्तावेजों और आधार कार्ड के जरिए उसकी हटेटीपुरवा की लगभग 34 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री बिजली खेड़ा निवासी आजम खान के नाम कर दी थी।

पुलिस इससे पहले ही 11 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर आरोपी रिजवान खान की गिरफ्तारी की गयी है। बताते चलें कि इस रैकेट में चित्रकूट जनपद के गिरफ्तार चकबंदी लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका थी। लोगों का कहना है कि इन गिरफ्तारियों के बाद बैनामा लेखक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है लेकिन इस मामले पर अब तक बैनामा लेखक को कैसे छोड़ा गया यह सवाल खड़ा होना लाजमी है।

# कुल्हाड़ी से सिर पर किया वार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ककरूआ गांव में गुरुवार रात 10.30 बजे परिवार के अंदर ही सनसनीखेज मारपीट का मामला सामने आया है। भाई-भाभी ने मिलकर माता-पिता को माँ-बहन की गालियां देते हुए

- भाई-भाभी ने भाई को लहूलुहान किया, जान से मारने की धमकी

पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे भाई लक्ष्मण पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। आरोपी दोनों पहले भी मारपीट कर चुके हैं और लगातार जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। ककरूआ निवासी पीड़ित लक्ष्मण पुत्र भज्जू बुनकर ने लिखित शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल की रात करीब 10.30 बजे आरोपी मौरसिंह (पुत्र भज्जू) और उसकी पत्नी रामरति उनके माता-पिता के घर पहुंचे। दोनों ने बिना किसी वजह के माता-पिता को अभद्र गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। लक्ष्मण जब बचाने पहुंचा तो मौरसिंह ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। चोट इतनी गंभीर थी कि खून बहने लगा। आरोपी पहले भी इसी तरह हमला कर चुके हैं और हमेशा जान से मारने की धमकी देते रहते हैं, जिससे पूरा परिवार परेशान है। घटना कोतवाली थाने से मात्र 6 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में ककरूआ गांव में हुई। पीड़ित ने तीन दिन बाद 5 अप्रैल की रात 1.44 बजे थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ऑनलाइन आवेदन कर लिया अंगदान का संकल्प

**ललितपुर।** सूफी संत हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर आयोजित अजीमुस्शान उर्स के दौरान शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मेले को परमार्थ के मंच में बदल दिया। 31 मार्च से 4 अप्रैल तक चले पांच दिवसीय जन-जागरूकता शिविर में ट्रस्ट ने देहदान, अंगदान और रक्तदान का संदेश हजारों श्रद्धालुओं तक पहुंचाया। शिविर के दौरान 19 लोगों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान का संकल्प लिया।

जन-जागरूकता शिविर का उद्घाटन एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ सदर सुनील कुमार और सीओ ट्रैफिक ने फीता काटकर किया। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक व उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने शिविर का दौरा कर ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) के संयुक्त निदेशक डा.राजेश हर्षवर्धन से ट्रस्ट संस्थापक की मुलाकात के बाद ललितपुर मेडिकल कॉलेज में अंग निष्कासन/ट्रांसपोर्टेशन यूनिट स्थापित करने की दिशा में पहल तेज हुई है।

इसके लिए फार्म-13 की औपचारिकताएं पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी को पत्र भी सौंपा गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, महामंत्री राजपाल फौजी, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, ट्रस्टी धनंजय यादव (जिला पंचायत सदस्य), उपाध्यक्ष अनिल साहू, महेश कुशवाहा, परवेज पठान, मंत्री रामस्वरूप पटेल, संरक्षक हरीश कपूर श्टीटूय, वंदना प्रमोद मेहता, आदर्श साध, आशीष साहू, बालकृष्ण पाल, चंद्रप्रभा वर्मा, लाखन सिंह पटेल, पहाड़ सिंह गदयाना, कीरत सिंह बाबा, रंजीत सिंह यादव, सब्बीर मंसूरी, मलखान सिंह, विशाल सिंह, मीडिया संयोजक अमित लखेरा व प्रभारी देवेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकताओं का योगदान रहा।

# अकेली महिला की जमीन पर डाला गया दोहरा दांव

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मड़ावरा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक गंभीर मामला सामने आया, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम हँसरी हाल निवास

- आरोपियों पर लंबे समय से जमीनों में हेराफेरी करने के लगे आरोप
- रजिस्ट्री के बाद दूसरी बिक्री

मड़ावरा की पीड़िता कमलेश राजा पत्नी चंदन सिंह ने आरोप लगाया कि उसने सुखदयाल पाल उर्फ सुकन पाल की पत्नी कृष्णा देवी से विधिवत रजिस्ट्री कर जमीन खरीदी और उसी पर मकान बनाकर रहने लगी, लेकिन बाद में उसी जमीन को कथित रूप से जालसाजी कर दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया। पीड़िता ने बताया कि वह अपने छोटे बच्चों के साथ अकेली रहती है और आरोपी सुखदयाल पाल तथा उसके पुत्र राघवेंद्र पाल व यसबंत पाल आए दिन घर के बाहर आकर हथियार दिखाते हैं, शराब पीते हैं और मकान खाली करने के लिए जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे उसकी जान और माल पर लगातार खतरा बना हुआ है और वह भय के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी लंबे समय से जमीनों में हेराफेरी कर रहा है। थोड़ी जमीन खरीदकर आसपास की अधिक जमीन पर कब्जा करना, सीमांकन में गड़बड़ी कर रजिस्ट्री कराना और अन्य जमीनों को स्टांप पेपर पर बेच देना जैसे मामलों से कई लोग प्रभावित हुए हैं। आरोप है कि बेनामी संपत्ति और धनबल के कारण अब तक आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे उसके हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पीड़िता कमलेश राजा ने समाधान दिवस से बाहर निकलते हुए मंडल आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को अपनी आपबीती सुनाई। इस पर मंडल आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र के आधार पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सपा कार्यालय में मनायी गयी महर्षि कश्यप व निषाद राज जयंती



**ललितपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महर्षि कश्यप

- प्रत्येक सेक्टर स्तर पर डा भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने के दिए निर्देश

एवं निषाद राजजी की जयंती भी मनाई गई। नेताओं ने उनके जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज में उनके योगदान को याद किया। बैठक में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता भीमराव अम्बेडकर की जयंती प्रत्येक सेक्टर स्तर पर मनाए जाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कार्यकताओं से कहा गया कि वे इस अवसर पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करें। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शों का पालन करते हुए मिशन 2027 को फतह करने का संकल्प कार्यकताओं को दिलाया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूती देने और चुनाव में जीत हासिल करने का भरोसा जताया। कार्यक्रम के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी हरीसिंह यादव जिजयावन, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, अभिलाषा कुशवाहा, सुषमा देवी, जिला महासचिव डा शिशुपाल सिंह लोधी, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, लक्ष्मी डोंगरा, निर्भान सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष एड ह्रदेश यादव मुखिया, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार पहिया वाहनों से हटाई काली फिल्म, 270 का चालान



**बांदा।** यातायात पुलिस ने रविवार को शहर में चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानूनी प्राविधानों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। वाहन चेकिंग अभियान में 270 वाहनों से 2 लाख 70 हजार रुपए का चालान किया। यातायात पुलिस टीम ने भविष्य में किसी निजी या व्यावसायिक वाहनों में मनमाने ढंग से काली फिल्म का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी दी। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट व शीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न ले जाने को लेकर कड़ी चेतावनी दी गयी। चेकिंग टीम ने वाहन चालकों को समझाया कि यातायात नियमों का पालन करें और जिले में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा, अपराधिक, असमाजिक गतिविधियों की रोंकथाम व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

## सगी बहन को बेचने वाला भाई गिरफ्तार मां की तलाश जारी

**बांदा।** जिले में रिश्ते को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। यहां सगे भाई ने मां के साथ मिलकर बहन का शौदा कर डाला है। सनसनी खेज मामले में पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि मामला तस्करी से जुडा है। भाई ने बहन को 1 लाख 38 हजार में बेंच कर उसकी जबरन शादी करा दी थी। यह कार्रवाई एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की जांच के बाद की गई। चित्रकूट निवासिनी पीड़िता ने 22 नवंबर 2025 को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बांदा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 नवंबर को उसकी मां और भाई उसे बहाना बनाकर बांदा लाए और हरियाणा के एक व्यक्ति को 1 लाख 38 हजार रुपये में बेंच दिया और इसके बाद जबरन उसकी शादी करा दी। जबकि वह पहले से ही शादीशुदा थी। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी जयनारायण पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम डांडी चमरौडी, थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को कालू कुआं रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। मां की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इस मामले में हरियाणा निवासी कृष्ण कुमार और बलराम नामक दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस मानव तस्करी नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, कांस्टेबल प्रशांत यादव व महिला कांस्टेबल पूर्णिमा सेंगर रहीं।

## रोटी बैंक सोसायटी करेगी एक गरीब लड़की की शादी



**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ कि 19 अप्रैल को गरीब लड़की की शादी की जाएगी। इस शादी में सोसायटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सहयोग व सेवा देने का भरोसा दिया साथ ही सारी जिम्मेदारी निभाने का वायदा किया। रविवार को हुई मासिक बैठक में सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज, उपाध्यक्ष मोहम्मद शलीम, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन कार्यों की समीक्षा हुई और आगे के कार्यक्रमों की रणनीति तय हुई। सहसंरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज ने कहा कि जहां भी जिस सहयोग की जरूरत होगी वह करेंगे। बैठक में अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन फारूकी, कोषाध्यक्ष इरफान खान, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, उपाध्यक्ष रीना कनौजिया, कोषाध्यक्ष रेणुका गुप्ता, संगठन मंत्री प्रीति शिवहरे व बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता संजय काकोनिया ने किया।

# बेतहाशा बिजली कटौती ने लोगों का जीना किया दूभर: बुविसे



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय कंपनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना की बैठक बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में आंधी पानी के मौसम में बार-बार होने वाली अघोषित कटौती तथा ललितपुर शहर की विद्युत समस्या को लेकर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त

- मंटीनेन्स के अभाव में विद्युत सप्लाई बार-बार बाधित जनता त्रस्त
- बिजली अधिकारियों पर लगे गंभीर आरोप

किया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग की अकर्मणता के कारण बार बार होने वाली कटौती को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर जनपद में ऊपर से तो बिजली भरपूर आ रही है, परन्तु आंधी पानी के मौसम के कारण स्थानीय विद्युत विभाग द्वारा ऐसी परिस्थितियों का पहले से इंतजाम न करने के कारण जनपद और शहरवासियों को पूरी तरह बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारी और जे ई की अकर्मणयता के चलते बिजली तारों और ट्रान्सफार्मरों का सही समय पर मेन्टीनेन्स न होने के कारण बार बार होने वाली फाल्ट के कारण जो फाल्ट आधा घंटे में दुरुस्त हो जाना चाहिए उसे विभाग 3-4 घंटे में भी दुरुस्त न कर पाता है। उन्होंने कहा कि उचित रखरखाव के अभाव में ट्रान्सफार्मर और विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि विद्युत विभाग शासन की मंशा के अनुरूप 24 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा उपभोक्ताओं की परेशानियों को गम्भीरता से लेकर उनका निराकरण करने हेतु अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर ले नही तो बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आन्दोलन झेड़ने के लिए विवश हो जायेगी। बैठक में बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य कदीर खां, परमानन्द विश्वकर्मा, मगन सोनी, राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह बुन्देला, गफूर पेंटर, लालसिंह, प्रकाश पेंटर, अमित सोनी, प्रदीप गोस्वामी, टिंकू सोनी, कामता भट्ट, बलराम मसौरा, पुष्पेन्द्र शर्मा, भाग सिंह कुशवाहा, शशि राजा, जगदीश झा, राम सहाय राठौर तुलसीदास उत्तमधाना, हरी राम रजक, रामगोपाल रजक, राजू राजपूत, अशोक कुमार, अरविंद, राघवेंद्र कल्याणपुरा, इस्लाम खां, रवीन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा आज धूमधाम से मनायेगी स्थापना दिवस

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि आज सोमबार को प्रातः दस बजे भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय ललितपुर पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय कार्यक्रम के आयोजन में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने का आग्रह किया जाता है इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री प्रभारी मंत्री जनपद ललितपुर दानिश आजाद अंसारी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम दिनांकइस अवसर पर आज से ही जिला कार्यालय पर रंगोली सजायीं गईं हैं और आज जिला कार्यालय पर वृहद रोशनी की व्यवस्था की जायेगी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष गण प्रेमचंद पटैल, हरीराम निरंजन आदि उपस्थित रहे।

# प्रथम पुण्यतिथि पर याद किए गये पं. अशोक रिछारिया




**ललितपुर।** विकास खण्ड महरौनी अन्तर्गत कुम्हैड़ी के पूर्व प्रधान स्व.अशोक रिछारिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को जिला अस्पताल स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को भोजन कराकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को भोजन कराकर दी गई श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा में ग्राम प्रधान रहते हुए उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करते हुए समाज हित में अनेक काम किए, जो आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं उपस्थितजनों ने स्व. रिछारियाजी के जीवन से जुड़े प्रसंगों को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की गई। बताया गया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अजय पटेरिया, नितिन तिवारी, बाबू राजा बुंदेला, हरीराम निरंजन, जगदीश लोधी, प्रदीप चैबे, निखिल तिवारी, हरीश कपूर, चंद्रशेखर पंथ, मनोज मिश्रा, पं.कमलापति रिछारिया, अभिषेक शुक्ला, हरीश त्रिपाठी, अंतरिक्ष खेड़ा, महेंद्र विजय तिवारी, भोलेशंकर पटैरिया, रजनीश पुरोहित, हरिशंकर तिवारी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, महेंद्र विदुआ, भरत रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में पवन रिछारिया ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और स्व.अशोक रिछारिया के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन सेवा, श्रद्धा और समाज के प्रति समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## गृह जनपद पहुंचने पर नव नियुक्त लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा.रामकरन निर्मल द्वारा जिले के सक्रिय कार्यकर्ता हरी सिंह यादव जिजयावन को प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन के बाद जब हरी सिंह यादव जिजयावन लखनऊ से अपने गृह जनपद ललितपुर पहुंचे, तो सपा कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

स्वागत समारोह में उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने आशा व्यक्त की कि हरी सिंह यादव जिजयावन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। वहीं नव नियुक्त प्रदेश सचिव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

संक्षेप

## टेक्नो स्पार्क 50 5जी बिक्री के लिए उपलब्ध

बंगलुरु। टेक्नो स्पार्क 50 5जी आज पूरे भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध है। जीबी $128 जीबी वेरिएंट की कीमत 16,999 रुपये है, जबकि 6 जीबी $128 जीबी मॉडल 18,999 रुपये में उपलब्ध है। इस डिवाइस को आप फ्लिपकार्ट से या देशभर के रिटेल स्टोर्स से तुरंत खरीद सकते हैं। साथ ही, 8 महीनों तक के नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध हैं। टेक्नो स्पार्क 50 5जी उन लोगों के लिए बनाया गया है जो बार-बार चार्जर ढूंढने या अचानक होने वाले नुकसान की चिंता से परेशान रहते हैं। इसकी जबरदस्त 6500 एमएएच बैटरी के साथ, यह भारी उपयोग के बावजूद पूरे दिन आसानी से चलता है। इसके अलावा, मिलिट्री-ग्रेड ड्रॉप प्रोटेक्शन और मजबूत स्प्लैश व डस्ट रेटिंग इसे रोजाना के गिरने और अचानक बारिश जैसी परिस्थितियों को भी आसानी से संभालने योग्य बनाती है।

## एआई के चलते आईटी क्षेत्र में छंटनी पर हस्तक्षेप की मांग

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी कर्मचारियों के संगठन नाइट्स ने प्रौद्योगिकी कंपनियों से छंटनी के बजाय कौशल विकास पर प्राथमिकता देने को कहा है। संगठन ने नीतिगत हस्तक्षेप के जरिये कार्यालय में काम करने वाले पेशेवरों की सुरक्षा के लिए कड़े उपाय और अनिवार्य विच्छेद मानदंड लागू करने की मांग की है, क्योंकि उद्योग द्वारा कृत्रिम मेधा के आक्रामक विस्तार से नौकरियों में कटौती और अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है। नैसेंट इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट ने तर्क दिया कि हालांकि प्रौद्योगिकी कंपनियों का मुनाफा मजबूत बना हुआ है, लेकिन घटती नौकरी की सुरक्षा कॉरपोरेट जिम्मेदारी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाती है। सबसे पहले, कंपनियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर वे एआई में निवेश कर रहे हैं, तो उन्हें अपने मौजूदा कार्यबल को फिर से प्रशिक्षित करने में भी निवेश करना चाहिए। नौकरियों में कटौती अंतिम विकल्प होना चाहिए, पहला नहीं। उन्होंने नीति निर्माताओं से छंटनी पर स्पष्ट दिशानिर्देश, अनिवार्य नोटिस अवधि, उचित विच्छेद वेतन और नियोक्ता की जवाबदेही लागू करके कर्मचारियों की रक्षा करने का आग्रह किया।

## रॉयल एनफील्ड ने आकर्षक कलर और वैरिएंट पेश किये

लखनऊ। रॉयल एनफील्ड ने अपने 2026 हंटर 350 पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। रॉयल एनफील्ड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, यादविंदर सिंह गुलेरिया ने कहा कि हंटर 350 नई पीढ़ी के राइडर्स को बहुत ज्यादा पसंद आ रही है, जो मोटरसाइकिल की सहजता, उपयोगिता और पहचान की भावना को महत्व देते हैं। शहरों की गलियों के लिए साल 2022 में लॉन्च हुई हंटर 350 की जबरदस्त सफलता के बाद रॉयल एनफील्ड ने टारमैक ब्लैक कलर में नए बेस प्रीमियम वैरिएंट के साथ नए कलरवेज मुंबई यलो और मूनशॉट व्हाइट पेश किए हैं।ये तीनों मोटरसाइकिल लखनऊ में रॉयल एनफील्ड के अल्टीमेट स्ट्रीट कल्चर प्लेटफॉर्म, हंटरहुड में प्रदर्शित की गईं। इन नए फीचर्स के साथ अब और अधिक राईडर लगातार बढ़ती हंटर ट्राइब में शामिल होंगे तथा प्योर मोटरसाइक्लिंग का शानदार स्टाईल और अनुभव शहरी बाजारों के बाहर और अधिक राईडर्स तक पहुँचेगा। दुनिया की सबसे कूल जगहों और शहरों के लिए निर्मित रॉयल एनफील्ड हंटर 350 एक लाईटवेट, फुर्तीली और स्टाईलिश मोटरसाइकिल है, जो नई जनरेशन के राइडर्स को रॉयल एनफील्ड समुदाय में शामिल कर रही है। ये राईडर केवल शहरों में चलते ही नहीं है, बल्कि अपनी मोटरसाइकिल के माध्यम से अपना व्यक्तित्व भी प्रदर्शित करते हैं।नया बेस प्रीमियम वैरिएंट हंटर की एंट्री लेवल की पेशकश को और अधिक मजबूत विज्युअल एवं इंटरफेस पैकेज प्रदान कर रहा है।

## बंगाल की जनता देगी निर्णायक वोट

झारग्राम। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने झारग्राम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति पर तीखा प्रहार किया। इस बार का चुनाव केवल राजनीतिक दलों के बीच नहीं, बल्कि बंगाल की जनता और व्यवस्था के बीच है। टीएमसी पर बंगाल के शिक्षा क्षेत्र को तबाह करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू न करने का आरोप लगाया। युवा बेरोजगारी और सरकारी कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग न मिलने जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया।

# शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे। प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक बना रहेगा। उन्होंने आगे कहा, तीन दिन के अंतराल के बाद भारतीय बाजार खुलेंगे और सप्ताहांत में युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील रहेंगे। कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और युद्धविराम के किसी ठोस संकेत से या तो बाजार में तेजी आ सकती है या फिर मौजूदा बिकवाली का दौर जारी रह सकता है। पिछले सप्ताह में, बीएसई के बेंचमार्क सेंसेक्स में 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत नुकसान में रहा। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है और निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया की स्थिति से प्रभावित रहेगी। कुल मिलाकर बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और वैश्विक आर्थिक आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आती है तो बाजार को राहत मिल सकती है, जबकि तनाव बढ़ने की स्थिति में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो सकती है और विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

## भारत के साथ व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को अधिक मजबूत करने की जरूरत



ठाणे। भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने रविवार को दोनों पड़ोसी देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया।

ठाणे में आयोजित भारत-नेपाल व्यापार कार्यक्रम और व्यापार संवर्धन पहल में शर्मा ने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों को साझा वृद्धि को बढ़ाने के लिए सहयोग और साझेदारी के नए रास्ते तलाशने चाहिए। आयोजकों के अनुसार इस कार्यक्रम ने दोनों देशों के प्रमुख व्यक्तियों, व्यापारिक नेताओं और उद्योग जगत के हितधारकों को एक साथ लाने का काम किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक नेटवर्किंग और साझेदारी चर्चाओं के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था। क्षेत्र में भारत के समग्र रणनीतिक हितों के लिहाज से नेपाल, भारत के लिए महत्वपूर्ण है, और दोनों देशों के नेताओं ने अक्सर सदियों पुराने रोटी-बेटी के संबंधों का उल्लेख किया है।

## फसलों को हुए नुकसान का लिया गया जायजा



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कई राज्यों में भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का संज्ञान लेते हुए मंत्रालय के अधिकारियों को फसल के नुकसान की व्यापक समीक्षा करने और जमीनी स्तर की जानकारी जुटाने के लिए राज्य अधिकारियों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।

कृषि मंत्रालय ने बयान में कहा कि मंत्री ने संबंधित राज्य सरकारों से संपर्क कर नुकसान का आकलन तैयार करने को कहा है। मंत्री बाद में प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा करेंगे। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि सात अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा, जिससे 10 अप्रैल तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में व्यापक बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हो सकती है। कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं चल सकती हैं। फसलों के नुकसान का मुख्य कारण ओलावृष्टि है। सात से आठ अप्रैल को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में तथा रविवार को पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में ओलावृष्टि का पूर्वानुमान है।

## ईंधन कीमतों में स्थिरता के बीच भारतीय ओएमसी रिफाइनरियों को रियायती दरों पर भुगतान करेंगी




नयी दिल्ली। ईंधन की कीमतों के नियंत्रणमुक्त होने के बाद पहली बार, भारत की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन (एटीएफ) और केरोसिन यानी मिट्टी के तेल के लिए रिफाइनरियों को रियायती कीमत का भुगतान करेंगी।

सूत्रों ने बताया कि यह कदम खुदरा ईंधन कीमतों को स्थिर रखने के कारण होने वाले घाटे को सीमित करने के लिए उठाया गया है। इस मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने बताया कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने 26 मार्च को पेट्रोलियम उत्पादों के लिए ऐसी दरें तय की हैं, जो उनकी आयात लागत से 60 रुपये प्रति लीटर तक कम हैं। ये रियायती दरें 16 मार्च से प्रभावी मानी जाएंगी और इसका सबसे बुरा असर एमआरपीएल (एमआरपीएल), सीपीसीएल (सीपीसीएल) और एचएमईएल (एचएमईएल) जैसी स्वतंत्र रिफाइनरियों पर पड़ेगा। पश्चिम एशिया में संघर्ष से पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। इसके बावजूद, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे ओएमसी को इसके प्रभाव को खुद झेलना पड़ रहा है। संघर्ष के जल्द खत्म होने के कोई आसार न देखते हुए, ओएमसी ने रिफाइनरी हस्तांतरण मूल्य (आरटीपी) पर छूट देने का निर्णय लिया है। आरटीपी वह आंतरिक कीमत है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन प्रभागों को ईंधन बेचती हैं। इस छूट के जरिये रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन के लिए आयात लागत से कम भुगतान किया जाएगा। मार्च के दूसरे पखवाड़े के लिए डीजल पर 22,342 रुपये प्रति किलोलीटर (22.34 रुपये प्रति लीटर) की छूट तय की गई थी ताकि 85,349 रुपये प्रति किलोलीटर के आरटीपी को घटाकर 63,007 रुपये प्रति किलोलीटर किया जा सके। अप्रैल के पहले पखवाड़े के लिए डीजल पर छूट 60,239 रुपये प्रति किलोलीटर तय की गई है।

## मौद्रिक समीक्षा बैठक में रेपो दर को यथावत रखेगा आरबीआई : अर्थशास्त्री



मुंबई। पश्चिम एशिया संकट की वजह से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मुख्य नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है। अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है।

एक दर्जन से अधिक अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, जिंस कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव ने नीतिगत परिदृश्य को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि दर, मुद्रास्फीति पर आरबीआई के अनुमान और नीतिगत रुख पर गहरी नजर रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द अनिश्चितता को देखते हुए, आरबीआई द्वारा अप्रैल की नीति में यथास्थिति बनाए रखने और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विचार करने की संभावना है। एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने कहा कि दरों को स्थिर रखने की घोषणा करते समय आरबीआई अपनी टिप्पणी में काफी सावधानी बरतेगा। उन्होंने कहा, भारत मौजूदा संकट से अछूता नहीं है। रुपया पहले ही 93 प्रति डॉलर के ऊपर बना हुआ है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी है। घोष ने यह भी कहा कि अनुमानित सुपर अल नीनो भी मुद्रास्फीति पर दबाव डालेगा। क्रिसिल की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि यदि मुद्रास्फीति एमपीसी के लक्ष्य के करीब रहती है, तो मौद्रिक नीति में इस झटके को नजरअंदाज करके दरों को स्थिर रखा जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल फरवरी से अब तक रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कमी की है। हालांकि, बैंक ने अगस्त, अक्टूबर और फरवरी, 2026 की बैठक में दर को अपरिवर्तित रखा। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अप्रैल समीक्षा बैठक सोमवार से शुरू होगी और बुधवार को इसके नतीजे की घोषणा की जाएगी। हमें इस बार रेपो दर या रुख में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है। लहजा सतर्क रहेगा और आरबीआई के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तथा मुद्रास्फीति के पूर्वानुमानों का बेसब्री से इंतजार रहेगा। एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा कि अल्पकालिक घटनाक्रमों के आधार पर दर के बारे में फैसला करना इस स्तर पर समझदारी भरा नहीं हो सकता है।

## सीआईआई ने समन्वित राजकोषीय, वित्तीय और कारोबारी प्रतिक्रिया का आह्वान किया

नयी दिल्ली। उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव को कम करने के लिए एक 20 सूत्रीय एजेंडा पेश किया।

इसमें प्राथमिक बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से अस्थायी छूट, समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल- ईसीएलजीएस) शुरू करने और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग की गई है। सीआईआई ने प्रस्ताव दिया कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) मानदंडों पर पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि बैंक बाहरी व्यवधानों के दौरान क्षेत्र-विशिष्ट तनाव के प्रति अधिक लचीले ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। इसके अलावा, संगठन ने सुझाव दिया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एमएसएमई और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक विशेष पुनर्वित्त खिड़की स्थापित कर सकता है। सीआईआई ने सुझाव दिया कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दौरान प्राथमिक बाजारों में विदेशी पूंजी प्रवाह बनाए रखने के लिए वित्त मंत्रालय विदेशी निवेशकों को प्राथमिक बाजार निवेश में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर से अस्थायी छूट देने पर विचार कर सकता है। इसके लिए पात्र होल्डिंग अवधि को दो से बढ़ाकर तीन साल किया जा सकता है। सीआईआई ने कहा कि यह नपातुला प्रोत्साहन स्थिरता का संकेत देगा और धैर्यवान पूंजी को प्रोत्साहित करेगा। उद्योग निकाय ने सुझाव दिया कि वित्त मंत्रालय महामारी के दौरान लागू की गई योजना की तर्ज पर एक समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल-ईसीएलजीएस) शुरू करने पर विचार कर सकता है। इससे प्रभावित उद्यमों, विशेष रूप से एमएसएमई, निर्यातकों और गैस पर निर्भर क्षेत्रों को सरकारी गारंटी के माध्यम से कार्यशील पूंजी दी जा सकेगी। अन्य सुझावों में बिजली शुल्कों में अस्थायी राहत, नकद ज ण सीमा में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि और ज ण प्रसंस्करण शुल्क में छूट शामिल है। सीआईआई ने लंबित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड और शुल्क वापसी दावों को तेजी से निपटाने का भी आग्रह किया।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

पहचान का संकट था। जबकि आज प्रदेश के नौजवान को अन्य जगहों पर सम्मान मिलता है। आज का उत्तर प्रदेश अब उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश बन चुका है। अब यहां अराजकता नहीं है बल्कि यह माफियामुक्त हो चुका है। सुरक्षित माहौल में व्यापारी और बेटियों ने स्वावलंबन की नई ऊंचाई की यात्रा शुरू की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि जब सरकार की नीयत साफ होती है तो नजारा बदलते देर नहीं लगती। विरासत गलियारा और मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स इसका उदाहरण है। सरकार की नीयत साफ है तो विरासत गलियारा के पहले फेज का काम लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले इसी गोरखपुर की पहचान माफिया, मच्छर और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी के चलते थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार ने गोरखपुर सहित प्रदेश को माफियामुक्त, उपद्रवमुक्त, दंगामुक्त, मच्छरमुक्त और इंसेफिलाइटिसमुक्त बना दिया है। उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा कि संकीर्णता में उठाए गए कदम से माफिया और मच्छर को पनपने का मौका मिलता है। इसलिए लोमड़ी की तरह ताक लगाए बैठे ऐसे लोगों को अवसर नहीं देना है जो शोषण का कारण बनते थे। वे माफिया और अराजकता को प्रश्रय देते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफिया और गुंडों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति बनी रहेगी। पुलिस को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि जहां भी गुंडों का फन उठे, उसे कुचल दीजिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, कारोबारी और जीवन सुगमता के क्षेत्र में आए उल्लेखनीय बदलाव की विस्तार से चर्चा की और कहा कि आज का गोरखपुर स्मार्ट विजन के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। उन्होंने घंटाघर क्षेत्र में विरासत गलियारा के निर्माण और मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स को जाम की समस्या का समाधान करने वाला बताया। साथ ही कहा कि जब आवागमन सुगम होगा तो व्यापार में भी समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विरासत गलियारा बनकर तैयार होगा तो यहां की सड़क सबसे खूबसूरत होगी और यहां फिल्मों की शूटिंग भी होगी। जब विरासत गलियारा बन जाएगा तब यहां भव्य रोड शो की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स में भी विरासत गलियारा के प्रभावित दुकानदारों को जगह दी गई है। जो शेष रह जाएंगे उनका पांडेयहाता के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यवस्थित पुनर्वास कराया जाएगा। आमजन और व्यापारियों के हित पर सरकार के रूख का ध्यान आकर्षित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि नौ साल में उनकी सरकार ने कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया। इसके बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने नगर निगम को हिदायत दी कि कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों से अधिक किराया न लिया जाए। उतना ही किराया तय किया जाए, जितना व्यापारी आसानी से दे सकें। उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्वे को लेकर भी उन्होंने अधिक टैक्स न लेने और अधिक लिए गए रुपये के समायोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स में राहत देने की व्यवस्था पर उनका जोर है। टैक्स की व्यवस्था ऐसी ही होनी चाहिए जैसे बादल बारिश के रूप में वापस कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जब टैक्स का पैसा विकास और वेलफेयर की योजनाओं में खर्च होगा तो समृद्धि आएगी।

### सीएम ने

समाज को जोड़ते हैं। सीएम योगी ने भारतेंदु नाट्य अकादमी में 5 से 12 अप्रैल तक चलने वाले स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का रविवार को शुभारंभ किया। उन्होंने कई प्रेरक बातें कहीं तो आईना भी दिखाया और चिंता भी व्यक्त की। सीएम ने अकादमी के अध्यक्ष की मांगों पर सरकार की ओर से आश्वस्त किया। अपर मुख्य सचिव से कहा कि छात्रावास बनाकर भारतेंदु नाट्य अकादमी को हैंडओवर करें। वह इसे एकेडमी के अंदर ही चलाएं। संस्कृति विभाग अन्य प्रस्तावों को भी आगे बढ़ाएगा। सीएम ने पद्म पुरस्कार के लिए डॉ. अनिल रस्तोगी को बधाई दी। सीएम ने कहा कि 1976 में देश जब आपातकाल से गुजर रहा था, तब भी भारतेंदु नाट्य अकादमी अपने पाठ्यक्रम को संचालित कर रहा था। सीएम ने आनंदमठ उपन्यास पर आधारित नाट्य मंचन की प्रस्तुति करने वाले कलाकारों की तारीफ की। सीएम ने कहा कि वंदे मातरम गीत बताता है कि राष्ट्रभक्ति व स्वराज का महत्व क्या है। सीएम ने कहा कि विदेशी हुकूमत ने बंगाल के अकाल को हल्केपन से लिया था, लोग भूखों मर रहे थे। स्पेनिश फ्लू का शिकार हो रहे थे, लेकिन अंग्रेज सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही थी। 1921 के जनगणना के आंकड़े रोंगटे खड़े करने वाले थे। उस दशक में भारत की आबादी बढ़ने की बजाय घटी। 30 करोड़ से कम आबादी वाले भारत में स्पेनिस फ्लू के कारण तीन करोड़ से अधिक लोग मरे थे, विदेशी हुकूमत तब भी लगान, लूट व अत्याचार कर रहा था। वहीं सीएम ने कोरोना महामारी के हालात का जिक्र करते हुए सरकार के सकारात्मक रवैये को भी गिनाया। कहा कि जब सरकार में संवेदना होती है तो वह लड़ते-लड़ते बीमारी को भी भगा देती है। सरकार जब संवेदनाओं से भरपूर होती है तो नागरिकों के हितों की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के अकाल-त्रासदी को लेकर यह उपन्यास रचा था। उसके बाद अलग-अलग कालखंड में देश को त्रासदी झेलनी पड़ी, लेकिन सरकार के स्तर पर प्रयास नहीं हुए। सीएम ने कहा कि अकाल में बंगाल और वहां के लोगों की स्थिति का दर्द इस उपन्यास में बयां किया गया। सीएम योगी ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में समारोह हो रहा है। भारतेंदु नाट्य अकादमी को भी हर जनपद में वंदे मातरम की प्रस्तुति करनी चाहिए। इसकी समयावधि 15 मिनट की बजाय दो घंटे होनी चाहिए।

### टीएमसी पर

चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को कैसे बंधक बनाया गया था और सवाल किया कि यह किस तरह की सरकार है जो न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा और संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। मोदी ने कहा, जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आप तृणमूल शासन में आम लोगों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? मालदा में जो हुआ वह तृणमूल के महाजंगलराज का एक उदाहरण है।

### समुद्री क्षेत्र

हम एक समृद्ध भविष्य के लिए अपने समुद्री क्षेत्र की अपार क्षमता का उपयोग करना जारी रखेंगे।

### ईरान ने

सुरक्षित जगह की तलाश में यहां आया था।यूएई में पेट्रोकेमिकल प्लांट में हमले के बाद लगी आगएपी की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात में एक पेट्रोकेमिकल प्लांट पर हमले के बाद आग लग गई। अबू धाबी अधिकारियों ने बताया कि बोरूज प्लांट में इंटरसेप्शन के दौरान गिरे मलबे की वजह से कई जगह आग भड़क उठी। अबू धाबी मीडिया ऑफिस के मुताबिक, नुकसान का आकलन होने तक प्लांट का संचालन तुरंत प्रभाव से रोक दिया गया है। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।ईरान का दावाः दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और एक सी-130 सैन्य विमान मार गिराएईरान की सशस्त्र सेनाओं ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी पायलट को बचाने के प्रयास को नाकाम कर दिया और इस दौरान कई अमेरिकी सैन्य विमानों को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई मध्य ईरान के इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई।

ईरान के खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने बताया कि अमेरिकी सेना ने गिराए गए पायलट को निकालने के लिए ईरान में घुसपैठ की कोशिश की थी, लेकिन ईरानी बलों ने संयुक्त अभियान चलाकर इस प्रयास को विफल कर दिया। ईरान के मुताबिक, इस कार्रवाई में दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और एक सी-130 सैन्य परिवहन विमान को निशाना बनाया गया, जो इस्फहान के दक्षिण में गिरकर जल गए। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।हिजबुल्ला का दावाः इस्राइली युद्धपोत पर हमलालेबनान के संगठन हिजबुल्ला ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने लेबनान तट से 68 समुद्री मील दूर एक इस्राइली युद्धपोत को निशाना बनाया। संगठन के मुताबिक, यह पोत लेबनान पर हमले की तैयारी कर रहा था। हिजबुल्ला ने कहा कि कई घंटों की निगरानी के बाद नौसैनिक क्रूज मिसाइल से हमला किया गया और सीधा निशाना साधा गया।इस्राइल की ओर मिसाइलों की नई खेप दागी गईइस्राइली सेना ने दावा किया है कि ईरान की ओर से एक बार फिर मिसाइलें दागी गई हैं। सेना के अनुसार, एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय हैं और हमलों को नाकाम करने की कोशिश की जा रही है। हमने उन्हें सुरक्षित निकालाः ट्रंप ने ईरान से अमेरिकी अधिकारी की रेस्क्यू की पुष्टि कीअमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में लापता अमेरिकी हथियार अधिकारी के सुरक्षित बचाए जाने की पुष्टि की है। यह अधिकारी अपने। एफ-15ई जेट के ईरान में गोली मारकर गिराए जाने के बाद लापता हो गया था।

### कुशीनगर

ने बताया कि वह काफी समय से रिजवान की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे और कुशीनगर में आरोपी के होने का पता चलते ही मौके पर एक टीम भेज दी गई। सूत्रों के अनुसार, आरोपी रिजवान को पकड़ लिया गया है और उसके पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद टीम ने आरोपी को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में पेश किया, जहां से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर उसे दिल्ली ले जाया गया।

कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की पुष्टि की है। आरोपी रिजवान के खिलाफ स्थानीय स्तर पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। लेकिन, उसके परिजनों और उससे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुसार, रिजवान अहमद रोजगार के सिलसिले में करीब एक दशक पहले मुंबई गया था, हालांकि आतंकवाद से जुड़े एक अन्य मामले में नाम आने के बाद वह 2017 से 2023 तक मुंबई के केंद्रीय कारागार में बंद रहा। उस मामले की जांच के दौरान रिजवान के कमरे से विस्फोटक बरामद किए गए थे, और उसके मोबाइल नंबर से अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल किए जाने तथा आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस के अनुसार, हालिया मामले में भी उसकी भूमिका की जांच की जाएगी। इसके अलावा यह भी पता लगाया जाएगा कि आरोपी के किन-किन संगठनों, व्यक्तियों या किसी बड़े नेटवर्क से संबंध हैं।

### कार टैंकर

हो गई। हादसे में बच्चों समेत तीन लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। इनमें कुछ घायलों की हालत नाजुक बताई गई है। कार सवार मृतकों और घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।




# लखनऊ ने हैदराबाद को हराया

## शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से एलएसजी ने एसआरएच को हराया

एजेंसी



हैदराबाद। मोहम्मद शमी (चार ओवर में नौ रन पर दो विकेट) की करिश्माई गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋषभ पंत (50 गेंदों में नाबाद 68 रन) की जिम्मेदारी से की गई बल्लेबाजी के बूते लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को पांच विकेट से शिकस्त दी। शमी ने मैच की शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा (शून्य) और ट्रेविस हेड (सात) की खतरनाक सलामी जोड़ी को आउट कर सनराइजर्स को बैकफुट पर धकेल दिया।

उन्होंने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी कर सनराइजर्स के बल्लेबाजों के साथ उन्हें नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से भी सवाल किया। सनराइजर्स को नौ विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद सुपर जायंट्स ने एडेन मारक्रम के 27 गेंदों में 46 और पंत की नाबाद पारी से एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर जीत का खाता खोला। लक्ष्य का पीछा अंतिम ओवर में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट पर दो लगातार चौके जड़कर मैच को शानदार अंदाज में समाप्त किया। पंत ने दूसरी गेंद पर टेनिस की तरह फोरहैंड स्टाइल में शॉट मारा, जबकि मिड-ऑफ के ऊपर से चौके के साथ उन्होंने मैच को खत्म किया। हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने पंत ने धीमी पिच पर अपने शॉट्स का चयन बेहद समझदारी से करते हुए नौ चौके लगाए। शमी की चुनौती से निपटने के बाद हेनरिच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के शमी के स्पैल के दौरान कप्तान इशान किशन (एक) प्रिंस यादव का शिकार बनकर सस्ते में पवेलियन लौटे। आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी लखनऊके कप्तान ऋषभ पंत की शानदार विकेटकीपिंग का शिकार बने। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद टीम के लिए क्लासेन (41 गेंदों में 62 रन) और रेड्डी (33 गेंदों में 56 रन) ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 63 गेंदों में 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े। इन दोनों के जल्दी-जल्दी आउट होते ही लखनऊने मैच पर फिर से पकड़ बना ली और मेज़बान टीम को 160 रन से नीचे रोकने में सफलता हासिल की। एसआरएच ने आखिरी पांच विकेट 2.2 ओवर में 14 रन के अंदर गंवा दिए। शमी ने चतुराई से पैर की दिशा में फुल लेंथ की गेंदबाजी करते हुए हेड को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया।

उन्होंने पिच को भांपते हुए अपनी गेंदों की गति में बदलाव किया और अभिषेक को ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर चकमा दिया। बड़ा शॉट खेलने की कोशिश कर रहे अभिषेक के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए गेंद शॉर्ट थर्ड मैन की दिशा में खड़े एडेन मारक्रम की ओर गई और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी ने ड्राइव लगाकर शानदार कैच पूरा किया। अगले ओवर की पहली ही गेंद पर शमी ने धीमी गेंद फेंकी, जो टप्पा खाने के बाद और धीमी हो गई। हेड का शॉट हवा में चला गया, जिसे मिड-ऑफ पर बेहतरीन कैच में तब्दील कर दिया गया। और जब अभिषेक स्ट्राइक पर आए, तो उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर धीमी गेंद पर उन्हें फंसा लिया। क्लासेन और रेड्डी ने हालांकि सनराइजर्स की मैच में अच्छी वापसी कराई। पारी के 11वें से 15वें ओवर के बीच मैच का रुख बदलता नजर आया, जब सनराइजर्स ने पांच ओवरों में 79 रन बटोरे। अपने शुरुआती दो ओवरों में सिर्फ 10 रन देने वाले लेग स्पिनर दिग्वेश राठी अगले दो ओवरों में 36 रन लुटा बैठे। भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान और प्रिंस यादव शुरुआती ओवरों में प्रभावी दिख रहे थे, लेकिन बाद में लाइन और लेंथ से भटक गए, जिसका क्लासेन और रेड्डी ने पूरा फायदा उठाया। पहले 10 ओवर में जहां केवल एक छक्का और एक चौका लगा था, वहीं इस जोड़ी ने सात छक्के और आठ चौके जड़े।

आईपीएल के 10वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराकर सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं हैदराबाद को दूसरी हार झेलनी पड़ी। हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। रफ्ळ ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में एलएसजी ने 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लखनऊ की जीत में कप्तान ऋषभ पंत ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 50 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाए। उनके अलावा ऐडन मार्करम ने 27 बॉल पर 45 रन बनाए। हैदराबाद के लिए हर्ष दूबे ने 2 विकेट झटके। ईशान मलिंगा और शिवांग कुमार को 1-1 विकेट मिला। वहीं, ईशान किशन ने निकोलस पूरन को रन आउट किया। इससे पहले, रफ्ळ के लिए हेनरिक क्लासन (62) और नीतीश कुमार रेड्डी (56) ने अर्धशतक लगाए। दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी हुई। लखनऊ के लिए मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और आवेश खान ने 2-2 विकेट लिए। दिग्वेश राठी और मणिमारन सिद्धार्थ को 1-1 विकेट मिला। हर्षल पटेल को ऋषभ पंत ने रन आउट किया। हर्ष दुबे की लो फुल टॉस गेंद पर ऋषभ पंत ने जोरदार शॉट खेलते हुए सीधा ग्राउंड के नीचे की ओर चौका जड़ दिया। इस चौके के साथ ही पंत का अर्धशतक पूरा हो गया। यह उनकी 20वीं आईपीएल फिफ्टी है। हैदराबाद का पांचवां विकेट गिरा। अब्दुल समद आउट हो गए हैं। हर्ष दुबे ने फुल लेंथ की गेंद डाली, जिस पर समद ने बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया।

# आईपीएल : बेंगलुरु ने चेन्नई को दिया 251 रन का लक्ष्य

एजेंसी



बेंगलुरु। आईपीएल के 11वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 251 रन का टारगेट दे दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में उरङ ने बॉलिंग चुनी। फउइ ने 3 विकेट खोकर 250 रन बना दिए। टिम डेविड ने 21 और देवदत्त पडिक्कल ने 28 गेंद पर फिफ्टी लगाई। कप्तान रजत पाटीदार ने 48 रन बनाए।

टिम डेविड ने 17 और 18 ओवर में रजत पाटीदार को स्ट्राइक पर ही नहीं आने दिया। 18वें ओवर की पांचवीं बॉल पर अंशुल कम्बोज ने टिम डेविड को बोल्ड कर दिया। हालांकि, यह नो बॉल हो गई। डेविड ने फ्री हिट पर छक्का लगाया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। डेविड ने अगले ओवर में जैमी ओवर्टन के खिलाफ 30 रन बनाए और 21 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। रजत पाटीदार और टिम डेविड ने 16वें ओवर में खलील अहमद के खिलाफ 19 रन बना दिए। पाटीदार ने ओवर में 2 छक्के और 1 चौका लगाया। दोनों ने अगले ओवर में नूर अहमद के खिलाफ 21 रन बना दिए। डेविड ने लगातार 3 छक्के लगाए। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बॉल जैमी ओवर्टन ने यॉर्कर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल स्कूप खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 50 रन बनाए। 14वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल ने फिफ्टी लगा दी।

ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने सिंगल लिया और 28 गेंद पर हाफ सेंचुरी लगाई। इसी ओवर में उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार के साथ 16 गेंद पर फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल शिवम दुबे ने शॉर्ट पिच फेंकी। फिल सॉल्ट ने शॉट खेला, लेकिन स्क्वेयर लेग बाउंड्री पर नूर अहमद के हाथों कैच हो गए। सॉल्ट ने 46 रन बनाए। आरसीबी ने 9 ओवर के बाद 1 विकेट खोकर 87 रन बना लिए। टीम से फिल सॉल्ट फिफ्टी के करीब पहुंच गए। उनके साथ देवदत्त पडिक्कल ने हाफ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। पावरप्ले में फउइ ने फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 51 रन बना लिए। फिल सॉल्ट और देवदत्त पडिक्कल पिच पर हैं। पांचवें ओवर में आरसीबी ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की तीसरी बॉल अंशुल कम्बोज ने शॉर्ट पिच फेंकी। विराट कोहली ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर शिवम दुबे के हाथों कैच हो गए।

दुबे ने ही तीसरे ओवर में उनका कैच भी छोड़ा था। कोहली ने 18 गेंद पर 28 रन बनाए। तीसरे ओवर में शिवम दुबे से विराट कोहली का कैच छूट गया। ओवर की तीसरी बॉल खलील अहमद ने गुड लेंथ पर फेंकी। विराट ने शॉट खेला, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। शिवम दुबे मिड ऑफ से बाउंड्री की ओर दौड़े, लेकिन कैच नहीं पकड़ पाए। कोहली ने अगले ओवर में मैट हेनरी के खिलाफ एक सिक्स और एक चौका लगा दिया। विराट कोहली पहले ही ओवर में रन आउट होने से बच गए।

## संक्षेप

### कोचर इंटरनेशनल सीरीज में पांचवें स्थान पर रहे

चीबा (जापान)। भारत के करणदीप कोचर चौथे दौर के अंतिम लम्हों में बर्डी की हैट्रिक लगाकर रविवार को यहां इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ टूर्नामेंट में पांचवें स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने अंतिम होल में ईगल के साथ खिताब जीता। कोचर ने अंतिम दिन बोगी रहित प्रदर्शन किया। उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की और कुल 12 अंडर 272 का स्कोर बनाया। वह खिताब जीतने वाले स्मिथ से तीन शॉट पीछे रहे।

### पंजाब, यूपी व अरूणाचल जूनियर हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीते

रांची। पंजाब, उत्तर प्रदेश, बंगाल और अरुणाचल प्रदेश ने रविवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की। डिवीजन ए के पूल ए में पंजाब ने महाराष्ट्र के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की जबकि पूल सी में, उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 17-1 से हराया। पूल डी में मध्य प्रदेश ने केरल को 10-1 से शिकस्त दी। पूल बी में झारखंड ने दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव हॉकी के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। डिवीजन बी के पूलए में बंगाल ने गुजरात पर 18-0 से जीत दर्ज की। पूल बी में अरुणाचल ने छत्तीसगढ़ को 5-3 से हराया।

### लखनऊ के खिलाफ ईशान किशन का नहीं चला बल्ला

हैदराबाद। हैदराबाद के राजीव नगर स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मैच खेला जा रहा है। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। ईशान किशन का बल्ला आज भी नहीं चला। वे केवल 1 रन बनाकर आउट हो गए। प्रिंस यादव ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए ईशान किशन को क्लीन बोल्ड कर दिया। इससे पहले उन्होंने डेब्यू मैच में ही 38 बॉल पर 80 रन की तुफानी पारी खेली थी। हालांकि, पिछले मैच में केकेआर के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया था। वह 14 रन बनाकर आउट हो गए थे। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी फिलहाल ईशान किशन संभाल रहे हैं।

## चिन्नास्वामी में राहुल द्रविड़ व अनिल कुंबले स्टैंड का आधिकारिक अनावरण

बेंगलुरु। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में राहुल द्रविड़ और अनिल कुंबले स्टैंड का रविवार को एक भावुक समारोह में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया, जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष और इन दोनों महान खिलाड़ियों के लंबे समय तक साथी रहे वेंकटेश प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजित सोमसुंदर ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर इस अनावरण समारोह की देखरेख की। केएससीए ने 14 फरवरी को घोषणा की थी कि 24,177 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले द्रविड़ और 956 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले कुंबले, तथा पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर शांता रंगास्वामी के नाम पर चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्टैंड (एंड) का नाम रखा जाएगा। स्टेडियम के दूर स्थित पुराने बीईएमएल एंड का नाम बदलकर द्रविड़ के नाम पर रखा गया, जबकि पवेलियन एंड का नाम कुंबले के नाम पर कर दिया गया।

द्रविड़ ने कहा, यह मेरे लिए दूसरा घर रहा है। यह वह जगह है जहां हमने शायद अपने घरों से भी ज्यादा समय बिताया है। लेकिन यह वही स्थान भी है जिसने सचमुच मुझे वह सब कुछ दिया है जो मैं आज हूं। केएससीए और इस महान, प्रतिष्ठित मैदान ने मुझे जीवन में जो कुछ दिया है।

## ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करते दिखेंगे : साउदी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने रविवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे मंहगे विदेश खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने नेट में गेंदबाजी करना फिर से शुरू कर दिया है और वह जल्द ही मैच में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन उन्होंने इस सत्र में अब तक गेंदबाजी नहीं की है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) उनकी पीठ की सर्जरी के बाद उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। साउदी ने केकेआर के पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, ग्रीन अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और अपने उबरने पर काम कर रहे हैं। वह खुद को गेंदबाजी करने के लिए फिर से तैयार कर रहे हैं। वह ऐसा करना जारी रखेंगे।

# लखनऊ में पिकलबॉल का जलवा

खेल संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब खेलों की तस्वीर बदलती नजर आ रही है और पिकलबॉल तेजी से लोगों की पसंद बनता जा रहा है। लखनऊ के विज्ञान पुरी महानगर स्थित स्पोर्ट्समैन एरिना में आयोजित स्टेट प्राइज मनी पिकलबॉल टूर्नामेंट ने इस नए खेल को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। अगर मुकाबलों की बात करें तो खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। मिश्रित युगल में अंशू और सं की जोड़ी ने शानदार तालमेल दिखाते हुए

**स्टेट टूर्नामेंट ने बढ़ाया खेल का क्रेज**

15 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। वहीं वैभव और वैभवी की टीम ने भी अच्छा खेल दिखाया और 7 अंकों के साथ उपविजेता रही।

पुरुष एकल मुकाबले में रौनक चंद्रा का खेल सबसे अलग नजर आया। उन्होंने 15 अंकों के साथ जीत दर्ज की, जबकि अनिरुद्ध ने 11 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-16 वर्ग में युवा खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। अयान सिंह ने 11 अंकों के साथ जीत हासिल की, जबकि अविरल कपूर 8 अंकों के साथ रनर-अप रहे। इन युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भविष्य के लिए अच्छे संकेत दे रहा है। टूर्नामेंट के विजेताओं और उपविजेताओं को अमरेंद्र सिंह चौधरी द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। आयोजकों का कहना है कि आने वाले दिनों में ऐसे और आयोजन किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इस खेल से जुड़ सकें। कुल मिलाकर, यह टूर्नामेंट यूपी में पिकलबॉल के बढ़ते कदमों की एक मजबूत शुरूआत साबित हो रहा है।

टूर्नामेंट का आगाज बेहद शानदार अंदाज में हुआ। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी ने माहौल को खास बना दिया। चारों तरफ जोश, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रदेश में पिकलबॉल को नई पहचान दिलाने की मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में स्पोर्ट्समैन एरिना के साथ यूपी ओलंपिक एसोसिएशन और अन्य सहयोगी संस्थाओं का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज सिंह पहुंचे, जिनका स्वागत फिल्म निमार्ता अमरेंद्र सिंह चौधरी और उनकी टीम ने गर्मजोशी से किया। मंच पर कई प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और खेल से जुड़े लोग शामिल रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। वक्ताओं ने कहा कि खेल न केवल फिटनेस के लिए जरूरी है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी सिखाता है। समारोह का सबसे यादगार पल तब आया जब मुख्य अतिथि और अन्य मेहमान खुद कोर्ट में उतरे और टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

# पंजाब किंग्स व कोलकाता आज आमने-सामने



एजेंसी

कोलकाता। मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश कर रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में मौसम की मार भी चुनौती बन सकती है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार मैच के दौरान बारिश की काफी संभावना है। बारिश के कारण मुकाबला बाधित या रद्द होने या कम ओवरों में होने की आशंका है।

केकेआर का अगला घरेलू मुकाबला लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को है और इस मैच पर भी बारिश का खतरा है। पिछले सत्र में भी पंजाब किंग्स के खिलाफ केकेआर का घरेलू मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स ने चार विकेट पर 201 रन बनाए थे। केकेआर का स्कोर जब बिना किसी नुकसान के सात रन था, तब बारिश ने खेल बाधित कर दिया और दोनों टीमों को अंक साझा करना पड़ा। आईएमडी के अनुसार, (रविवार) सुबह से लगातार बादल छाए हुए हैं और राज्य में रविवार से बृहस्पतिवार तक बारिश और तूफान के दौर चल सकते हैं जिनमें ओले और बिजली गिरने की संभावना है। बारिश की तीव्रता और क्षेत्रीय प्रभाव मंगलवार और बुधवार को चरम पर पहुंचने की संभावना है।

रविवार को बारिश के कारण दोनों टीमों को अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा। ईडन गार्डन्स का आउटफील्ड ढक दिया गया और मैदान में कई जगह पानी जमा हुआ दिखाई दिया। पांच-पांच ओवर के मैच के लिए कट ऑफ समय रात 10 बजकर 46 मिनट है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए।

## बल्ले से जवाब देना जारी रखूंगा : पंत

हैदराबाद। कप्तान ऋषभ पंत बाहरी आलोचनाओं से दूर रहते हुए अपने प्रदर्शन से जवाब देना पसंद करते हैं और उनके इसी तेवर ने रविवार को लखनऊसुपर जायंट्स को सनराइजर्स हैदराबाद पर पांच विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। टी20 बल्लेबाजी शैली को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच, पंत ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की बातचीत सबसे अधिक मायने रखती है। उन्होंने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, मैं जानता हूं कि मैं अच्छी तैयारी कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा बल्ला ही बोले। मेरे साथी और टीम प्रबंधन मेरी मेहनत देखते हैं, वही मायने रखता है। पंत ने 50 गेंदों में नाबाद 68 रन की संयमित पारी खेली, जिसमें नौ चौके शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 157 रन का लक्ष्य एक गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। पंत ने अपनी फॉर्म के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनकी तैयारी लगातार अच्छी रही है और वह टीम के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ योगदान देने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, जब अंत अच्छा होता है।

## मीनाक्षी, जैसमीन मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

उलानबटोर (मंगोलिया) पांच अप्रैल (भाषा) मीनाक्षी हुड्डा और जैसमीन लम्बोरिया के समीफाइनल में पहुंचने से भारतीय महिला मुक्केबाजों का एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। इन दोनों की जीत के साथ ही भारतीय महिला दल के सभी मुक्केबाजों का पदक पक्का हो गया है। मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग में जापान की युका सादामात्सु को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। उन्होंने मुकाबले के दौरान बेहतरीन संयोजन और रिंग पर नियंत्रण का प्रदर्शन किया। जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग में चीन की जियी चेन को 5-0 के समान अंतर से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में भी भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। लोकेश (85 किग्रा) ने कोरिया के गिचाए किम को 5-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। इसके बाद आकाश (75 किग्रा) ने तुर्कमेनिस्तान के यहलास बगत्यारोव को 5-0 से हराया, जबकि हर्ष चौधरी (90 किग्रा) ने किर्गिज गणराज्य के तिनिस्तान अलीबायेव को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# भारतीय निशानेबाज ग्रेनाडा विश्व कप में छाप छोड़ने को तैयार

एजेंसी




ग्रेनाडा (स्पेन)। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए। मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है।

भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे।

सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी।

# कुंभ सनातन संस्कृति की समावेशी भावना को दर्शाता है

## सरकार 2027 के सिंहस्थ कुंभ मेले में भारी भीड़ को संभालने के लिए करेगी व्यापक इंतजाम

एजेंसी



नासिक। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कुंभ मेले को भारत के सांस्कृतिक लोकाचार का प्रतीक बताया और कहा कि यह विशाल समागम सनातन संस्कृति की समावेशी भावना का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ लोग जाति या विचारधारा के आधार पर किसी भी भेदभाव के बिना एकत्रित होते हैं। अखिल भारतीय संत समिति की बैठक के समापन समारोह को संबोधित करते हुये फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ने 2027 के सिंहस्थ कुंभ मेले में भारी भीड़ को संभालने और श्रद्धालुओं के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नासिक में व्यापक इंतजाम किए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कुंभ एक अनूठा अवसर है, जहां सभी वर्गों के लोग एक समान रूप से भाग लेते हैं और गंगा तथा गोदावरी जैसी पवित्र नदियों के माध्यम से आध्यात्मिक शुद्धि प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा, यहां कोई जाति या धर्म के बारे में नहीं पूछताअ सभी एकता की भावना से एक साथ आते हैं।

उन्होंने कुंभ को भारत के सांस्कृतिक लोकाचार का प्रतीक बताते हुए कहा कि किसी भी तरह का सामाजिक भेदभाव बाद की विकृति है, जो धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। फडणवीस ने महाराष्ट्र में लिए गए नीतिगत निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके पिछले कार्यकाल के दौरान सरकार ने गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून लागू किया था और बाद में गायों को राज्य माता का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा कि जबरन या धोखाधड़ी से किए जाने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए राज्य के धार्मिक स्वतंत्रता कानून के तहत कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून में उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई का भी प्रावधान है, जो महिलाओं को कथित तौर पर झूठे बहाने से शादी के जाल में फंसाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान किए गए हैं कि ऐसे मामलों में बच्चे का धर्म उसकी मां के मूल धर्म के अनुसार ही रहे। उन्होंने कुछ व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे पाखंड के खिलाफ भी चेतावनी दी, जिससे संत समुदाय की प्रतिष्ठा धूमिल होती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बाद में पत्रकारों से कहा कि एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें कुंभ मेले से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इस विशाल आयोजन के प्रबंधन के साथ-साथ गोदावरी नदी को स्वच्छ और निरंतर प्रवाहित रखने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना था। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने संत समुदाय से अपील की है कि कुंभ मेला कोई सरकारी आयोजन नहीं है, बल्कि सरकार केवल व्यवस्था करती हैअ यह वास्तव में संतों का समागम है, और हम उनके मार्गदर्शन के अनुसार ही कार्य करेंगे।

# केरल विस चुनाव सरकार बदलने के लिए नही बल्कि राज्य का भविष्य सुधारने के लिए हैं : शाह



कोच्चि। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केरल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हैं। शाह ने यहां कुन्नथुनाडु निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद से केरल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मत प्रतिशत में वृद्धि हुई है और अब राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार का समय आ गया है। उन्होंने ईस्टर के अवसर पर ईसाई समुदाय को शुभकामनाएं दीं और उनसे केरल में सरकार बनाने के लिए राजग का समर्थन करने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग का पूरे देश में सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टीकरण नहीं वाला रुख है। शाह ने केरल के मुख्यमंत्री और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता पिनराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने नाम बदलने का एक नया धंधा शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि विजयन केंद्र द्वारा वित्त पोषित सभी परियोजनाओं के नाम बदलकर उनका श्रेय खुद ले लेते हैं। केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा जबकि मतगणना के लिए चार मई की तारीख तय की गई है।

## संक्षेप

### ऑक्सफोर्ड विवि पुस्तकालय हिंदू ग्रंथ शिक्षापत्री का द्विशताब्दी समारोह मना रहा

लंदन। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक शिक्षापत्री की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित शिक्षापत्री नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। बोडलियन में एशियाई और मध्य पूर्वी संग्रह की क्यूरेटर डॉ. गिलियन एविसन ने कहा, ब्रिटेन भर के मंदिरों और समुदायों के साथ इस ऐतिहासिक पांडुलिपि को साझा करके, बोडलियन पुस्तकालयों को उम्मीद है कि वे इसके सांस्कृतिक महत्व और इसके स्थायी संदेश दोनों का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा, रचना के दो शताब्दी बाद भी, शिक्षापत्री में करुणा, नैतिक जीवन और सामाजिक सद्भाव का आह्वान जटिल होती दुनिया में प्रासंगिक है।

# मोदी सरकार ने प. बंगाल को भूखा मार देने के लिए राज्य का बकाया रोका : अभिषेक

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस को बार-बार सत्ता में पहुंचाने पर पश्चिम बंगाल के लोगों को भूखा मार देने के लिए उसने पिछले पांच वर्षों से राज्य का बकाया रोक रखा है।

पुरबा बर्धमान जिले के रैना में पार्टी प्रत्याशी मंदिरा डोलुई के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, तृणमूल महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अगर वह सच नहीं बोल रहे हैं, तो भाजपा सबूतों के साथ उनका खंडन करे और उन्हें जेल भेज दे।

उन्होंने कहा, केंद्र ने राज्य की परियोजनाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि जारी नहीं की है। उसने ऐसा पश्चिम बंगाल के गरीब लोगों को भूखा मारने के लिए किया है, क्योंकि उन्होंने लगातार विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता में पहुंचाया।

# संघर्ष बाहरी दुनिया में नहीं, व्यक्ति के मन में चलता है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि ध्यान से शांति, स्पष्टता और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करने में मदद मिल सकती है तथा संघर्ष केवल बाहरी दुनिया में नहीं चलता है बल्कि यह व्यक्ति के मन में भी होता है।

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि ध्यान की वास्तविक शक्ति इंसान को बदलने में निहित है। उन्होंने कहा कि ध्यान तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने एवं भावनात्मक लचीलेपन को बढ़ाने में तथा अत्यधिक सोचने एवं अत्यधिक काम करने जैसी समस्याओं के समाधान में मदद करता है। उपराष्ट्रपति ने यहां ध्यान पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया कई चुनौतियों से जूझ रही है।

उन्होंने कहा कि संघर्ष केवल बाहरी दुनिया में नहीं चलता है बल्कि यह व्यक्ति के मन में भी चलता रहता है। एक सरकारी बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि ध्यान शांति, स्पष्टता और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करके तथा दूसरों को सुनने और समझने की क्षमता को बढ़ावा देकर एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है।

तमिल संत तिरुमूलर की शिक्षाओं को याद करते हुए, राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि ध्यान एक आंतरिक दीपक जलाने के समान है जो अज्ञान को दूर करता है और सत्य एवं शांति की ओर ले जाता है। उन्होंने बताया कि तिरुमूलर ने मानव शरीर को मंदिर और ध्यान को भीतर के दैवीय स्वरूप को जानने का साधन बताया था।

# रेल नीर घोटाला : जांच में खुलासे से आरटीआई डेटा देने से इनकार, आईआरसीटीसी को फटकार

नयी दिल्ली। केंद्रीय सूचना आयोग ने भारतीय रेलवे की खानपान इकाई भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को, एक आरटीआई अर्जी पर सूचना देने से इनकार करने के लिए फटकार लगाई है। उक्त अर्जी में यह सवाल किया गया था कि क्या रेलवे निविदाओं के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों ने रेल नीर घोटाले और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जा रहे संबंधित मामलों से अपने कथित संबंधों का खुलासा किया था। आरटीआई आवेदक ने आईआरसीटीसी से सवाल किया था कि क्या बोली लगाने वालों ने अपने टेंडर दस्तावेजों में अपने खिलाफ जारी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय मामलों, यदि हैं तो, का स्पष्ट उल्लेख किया है। रेल नीर घोटाला 2015 का एक भ्रष्टाचार का मामला था, जिसकी जांच सीबीआई ने की। इसमें निजी खानपान कंपनियों ने प्रीमियम ट्रेनों (जैसे राजधानी और शताब्दी) में निर्धारितै रेल नीरै पानी की जगह सस्ता बोतलबंद पानी की आपूर्ति की जिससे रेलवे को करीब 19.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# लोस सीट बढ़ाने का प्रस्ताव जनता को भटकाने का हथियार

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को लोकसभा सीट की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह इस कदम को जबरदस्ती थोप रहे हैं जिससे बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ होगा और यह जनता का ध्यान भटकाने का हथियार मात्र है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं जिनका उद्देश्य धोखा देना है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री हमेशा की तरह भ्रामक बयान देकर धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर लोकसभा की सीट की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ा दी जाए और प्रत्येक राज्य की सीट की संख्या भी 50 प्रतिशत बढ़ा दी जाए तो दक्षिण भारतीय राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा। रमेश ने कहा, यह देश की जनता को धोखा देने का प्रयास है, जिसमें प्रधानमंत्री को अद्वितीय विशेषज्ञता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए लोकसभा में उत्तर प्रदेश और केरल की सीट के बीच का अंतर वर्तमान में 60 है और मोदी के प्रस्ताव से यह अंतर बढ़कर 90 हो जाएगा।

रमेश ने कहा कि इसी तरह, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे और उदाहरणों को जोड़ा जा सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी एक ऐसे प्रस्ताव को जबरदस्ती थोप रहे हैं जिससे बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अधिक लाभ होगा। उन्होंने तर्क दिया कि केवल दक्षिण भारत ही नहीं, बल्कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य और पूर्वोत्तर के राज्यों का भी सापेक्षिक प्रभाव कम हो जाएगा। रमेश ने कहा, देश गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संकट का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री को सिर्फ लोकसभा और विधानसभाओं की संख्या बढ़ाने की चिंता है।

# झारखंड में राजद की ताकत को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता : तेजस्वी

एजेंसी



रांची। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी झारखंड में एक बड़ी ताकत है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने और राज्य में संगठन को मजबूत करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए आए थे। उन्होंने कहा, राजद का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद झारखंड की यह मेरी पहली यात्रा है। मुझे पार्टी को आगे बढ़ाने, विस्तार करने और मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिहार के उप मुख्यमंत्री रह चुके यादव ने कहा कि पार्टी ने झारखंड में पिछले विधानसभा चुनावों में सात सीट पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से दो सीट पर दोस्ताना मुकाबला हुआ था।

उन्होंने कहा, इसके बावजूद, हम चार सीट पर विजयी हुए। अगर हमें अधिक सीट दी गई होती, तो हम और अधिक सीट पर जीत दर्ज करते। यादव ने कहा कि झारखंड में राजद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) का हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, झारखंड में राजद एक बड़ी ताकत है।

## इंटरटेनमेंट...

# प्रभास की फिल्म 'फौजी' के सेट से फोटो लीक



- मेकर्स ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी, बोले शेयर करने वालों पर होगा लीगल एक्शन

**मुंबई।** प्रभास की आने वाली तेलुगू फिल्म 'फौजी' के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसे देखते हुए फिल्म के मेकर्स ने नाराजगी जाहिर की है और लीक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है। प्रोडक्शन हाउस का कहना है कि जो भी इन तस्वीरों को सकुर्लेट करेगा, उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। लीक से फिल्म के अनुभव पर पड़ रहा बुरा असर फिल्म 'फौजी' के ऑफिशियल (ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर यूजर्स को आगाह किया गया है। मेकर्स ने लिखा, 'हमें पता चला है कि कुछ अकाउंट सेट से लीक हुई तस्वीरें फैला रहे हैं। प्लीज इसे एक सख्त चेतावनी समझें- ऐसे किसी भी कंटेंट को रिपोर्ट किया जाएगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाएगी।' मेकर्स का मानना है कि इन लीक्स की वजह से उस 'सिनेमैटिक एक्सपीरियंस' पर बुरा असर पड़ता है, जिसे वे बड़ी सावधानी से तैयार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने की अपील- जादू को खराब न करें फिल्म के डायरेक्टर हनु राघवपुडी ने भी सोशल मीडिया के जरिए प्रशंसकों से सहयोग मांगा है। उन्होंने ट्वीट किया, 'हमने फौजी में अपना दिल लगा दिया है ताकि दर्शकों को कुछ खास दे सकें। सभी से विनम्र निवेदन है कि प्लीज लीक के जरिए इसका जादू खराब न करें। आइए इसे उसी तरह अनुभव करें जैसे इसे होना चाहिए, यानी सिनेमाघरों में एक साथ।

मेकर्स ने भरोसा दिलाया है कि बड़े पर्दे पर जो आने वाला है, वह लीक तस्वीरों से कहीं अधिक भव्य होगा। दशहरे पर रिलीज की योजना हालांकि अभी तक 'फौजी' की आधिकारिक रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक मेकर्स इसे इसी साल दशहरे के मौके पर रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास के अपोजिट इमानवी नजर आएंगी। खास बात यह है कि फिल्म में जया प्रदा और मिथुन चक्रवर्ती भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। कल्कि-2 और स्पिरिट की तैयारी प्रभास आने वाले समय में 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल और 'सलार' पार्ट-2 में नजर आएंगे। इसके साथ ही उनकी चर्चित फिल्म 'स्पिरिट' 5 मार्च 2027 को रिलीज होगी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी लीड रोल में होंगी।

### धुरंधर 2 का क्लाइमेक्स 15-20 दिन में हुआ शूट

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के क्लाइमेक्स सीन को शूट करने के लिए एक्टर रणवीर सिंह ने 47-48 डिग्री तापमान में लेदर जैकेट और विग पहनकर शूटिंग की थी। यह जानकारी फिल्म के मेकअप और प्रोस्थेटिक आर्टिस्ट करनदीप सिंह ने दी। फिल्म की मेकिंग को लेकर करनदीप ने एनडीटीबी के साथ बातचीत में बताया कि फिल्म के क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग में रिहर्सल समेत 15 से 20 दिन का समय लगा था। उन्होंने बताया कि शूटिंग लुधियाना के बाहरी इलाके में हुई, जहां तापमान 47-48 डिग्री तक पहुंच गया था। आसपास कोई छांव या पेड़ नहीं था, जिससे हालात और चुनौतीपूर्ण हो गए थे। क्लाइमेक्स सीन एक इंडस्ट्रियल सेटअप में फिल्माया गया था। सेट के चारों ओर मेटल कंटेनर, गाड़ियां और खड़ी मालगाड़ियां थीं।

### फिल्म रामायण पर चीन के लोगों ने दिया रिएक्शन

**मुंबई।** रणवीर कपूर की फिल्म रामायण में भगवान राम का लुक हाल ही में रीवील किया गया, जिसे चीन के कथित इंटरनेट यूजर्स ने पसंद किया है। यह रिएक्शन रेडिट पर वायरल पोस्ट के जरिए सामने आए हैं, जहां लोगों ने विजुअल्स की तारीफ की, लेकिन भगवान राम के रोल के लिए एक्टर सौरभ राज जैन को बेहतर विकल्प बताया। 2 अप्रैल को रामायण के टीजर को यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किए जाने के बाद दर्शकों के रिएक्शन लगातार सामने आ रहे हैं। इसी बीच रेडिट पर एक वायरल पोस्ट में दावा किया गया कि चीन के इंटरनेट यूजर्स भी इस टीजर पर रिएक्शन दे रहे हैं।


# रश्मिका मंदाना की फिल्म 'मायसा' का नया पोस्टर रिलीज




- 30वें जन्मदिन पर दिखा एक्ट्रेस का इंटेंस लुक, चेहरे पर धूल और आंखों में गुस्सा

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के 30वें जन्मदिन के मौके पर उनकी अगली फिल्म 'मायसा' के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में रश्मिका काफी पावरफुल और एग्रेसिव अवतार में नजर आ रही हैं। रवींद्र पुल्ले के डायरेक्शन में बन रही यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रश्मिका लीड रोल निभा रही हैं। पोस्टर में दिखा एक्ट्रेस का खतरनाक अंदाज मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर किया है। इसमें रश्मिका का चेहरा धूल और खून से सना हुआ है। उनकी आंखों में गुस्सा और चेहरे पर एक अलग तरह की ताकत दिखाई दे रही है। पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने आकर्षण से राज किया, शालीनता से जीत हासिल की अब वह शुद्ध गुस्से के साथ आ रही है। टीम 'मायसा' की ओर से रश्मिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके सबसे एक्सप्लोसिव परफॉर्मेंस के लिए तैयार हो जाइए। आदिवासी इलाकों पर आधारित है फिल्म की कहानी 'मायसा' साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है।

यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसकी कहानी आदिवासी इलाकों पर आधारित है। फिल्म में दर्शकों को भरपूर एक्शन और गहरे इमोशंस देखने को मिलेंगे। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बिजॉय ने कंपोज किया है। मेकर्स का दावा है कि यह रश्मिका के करियर की अब तक की सबसे दमदार परफॉर्मेंस होने वाली है। टीजर में दिखी थी रश्मिका के बचने की कहानी फिल्म के पहले रिलीज हुए टीजर में रश्मिका के किरदार की गहराई का अंदाजा मिलता है। टीजर में एक बैकग्राउंड वॉयस है, जिसमें उनकी मां कहती हैं, उन्होंने कहा कि मेरी बेटी मर गई है। लेकिन जमीन डर से कांप गई और मेरी बेटी का खून नहीं छुपा पाई। हवाएं थम गईं और उसकी सांसें नहीं ले जा सकीं। आखिरकार, मौत को भी मौत का सामना करना पड़ा और वह मेरी बेटी को मारने में नाकाम रही।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com